आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 28 जून 2024
वर्ष 34, अंक 151, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जीत के लिए हर खिलाड़ी के देना होगा योगदान 13
अक्षय की सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज 14

## एक जुलाई को दंड की जगह लेगी न्याय संहिता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत: डीजीपी

**अमृत विचार :** एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्यायिक प्रणाली भारत द्वारा भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से चलेगी। यह बातें डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत में कही।

डीजीपी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के 25 दिसंबर 2023 को कानून बनने के साथ साथ भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई है। कानूनों के लागू होने के बाद पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी। भारत आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। यह कानून तारीख-पे-तारीख की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे।

**प्लॉट पर कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर दो घंटे गोलीबारी कराने के आरोपी पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई**



## होटल-कोठी के ध्वस्तीकरण के बीच राणा का आत्मसमर्पण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बुलडोजर और पोकलैंड मशीनों से 4 मंजिल इमारत किया जमींदोज
- पांच दिन से फरार राणा को तलाश रही थीं पांच पुलिस टीमें
- बुलडोजर चलने के बाद रोते हुए राणा ने किया आत्मसमर्पण
- तीन सीओ समेत शहर के नौ थानों की फोर्स सुरक्षा में थी तैनात

> गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा के घर और होटल को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया है। राणा भी गिरफ्तार हो गया है। सभी आरोपियों की संपत्ति चिह्नित की जा रही है। उन पर एनएसए और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।
> – डॉ. राकेश सिंह, आईजी

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए बीच सड़क दो घंटे तक गोलीबारी कराने के बाद फरार मुख्य आरोपी राजीव राणा के संजयनगर में बने सिटी स्टार होटल एंड रेस्टोरेंट, कार्यालय और आलीशान कोठी को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई के बीच पांच दिन से फरार राणा ने पत्नी और बेटी के साथ मौके पर पहुंचकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया लेकिन कार्रवाई नहीं रुकी। शाम तक कुछ हिस्सा छोड़कर लगभग पूरी इमारत को ध्वस्त कर दिया गया।

पीलीभीत बाईपास पर 22 जून की सुबह भाड़े के बदमाशों के जरिए कराई गई भीषण गोलीबारी की घटना ने पूरे शहर को दहला दिया था। मुख्य आरोपी राजीव राणा और उसका प्रमुख सहयोगी हिस्ट्रीशीटर केपी यादव इस घटना के बाद फरार हो गया था। राणा और केपी की गिरफ्तारी के लिए गठित पांच पुलिस टीमों के लगातार दबिश देने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग पाया तो प्रशासन ने उसकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई का फैसला लिया। जांच में पता चला कि संजयनगर में उसकी कोठी, होटल और कार्यालय बीडीए से नक्शा मंजूर कराए बगैर बनाया गया है। पुलिस-प्रशासन और बीडीए के अधिकारियों ने बुधवार को इन्हें ध्वस्त करने की योजना बनाई। गुरुवार सुबह 11 बजे चार बुलडोजर और पोकलैंड मशीनों से संजयनगर मेन रोड पर बनी तीनों इमारतों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की गई। दोपहर डेढ़ बजे राजीव राणा ने पत्नी-बेटी के साथ मौके पर पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया और अपने पक्ष में कई दस्तावेज दिखाते हुए पुलिस-प्रशासन पर गलत कार्रवाई करने का आरोप लगाया लेकिन प्रशासन ने अपनी कार्रवाई नहीं रोकी। राणा को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले जाया गया जहां काफी देर पुलिस अधिकारियों ने पूछताछ करने के बाद उसे थाना इज्जतनगर भेज दिया। अब इज्जतनगर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

बता दें कि इस घटना की गूंज शासन तक पहुंची थी। शासन ने इसकी रिपोर्ट तलब की थी। पुलिस 12 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अब तक 21आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## लोकतंत्र, समाज को विघटनकारी ताकतों से बड़ा खतरा : द्रौपदी मुर्मू

### राष्ट्रपति का अभिभाषण : भर्ती और परीक्षाओं में शुचिता-पारदर्शिता पर जोर

- आपातकाल को बताया लोकतंत्र पर हमला और संविधान का काला अध्याय

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा चुनाव के नतीजों को मोदी सरकार की दस वर्षों की सेवा एवं सुशासन का परिणाम बताया। उन्होंने देश-विदेश में सक्रिय कुछ विघटनकारी ताकतों द्वारा प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग करके देश में लोकतंत्र को कमजोर करने और समाज को तोड़ने के प्रयासों को लेकर देशवासियों को सचेत किया है।

राष्ट्रपति ने आगाह किया कि ऐसी ताकतें अफवाह फैला कर जनता को भ्रमित करने के लिए आधुनिक संचार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही हैं और इससे निपटने के लिए भारत एक वैश्विक व्यवस्था बनाए का पक्षधर है। मुर्मु ने सरकारी भर्ती और परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उपाय खोजे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हाल में कुछ परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को सख्त सजा दिए जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार संविधान को न केवल राजकाज चलाने का माध्यम बल्कि जनचेतना का हिस्सा मानती है और इसीलिए इस सरकार ने हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का भी फैसला किया है। कहा कि संविधान पर कई बार हमले हुए हैं लेकिन 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल इस पर सबसे बड़ा हमला तथा लोकतंत्र का काला अध्याय था। तब पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय प्राप्त करके दिखाया क्योंकि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। मुर्मू ने 18वीं लोकसभा के गठन के बाद बुलाए गए संसद सत्र के चौथे दिन गुरुवार को यहां दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में मोदी सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया और सामाजिक , आर्थिक और विदेश नीति तथा रक्षा के क्षेत्र में प्रगति के नए आयामों का खाका खींचा।

उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों को जीत के लिए बधाई दी और उन्हें इस अवसर का इस्तेमाल देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए करने को कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि आज के समय में प्रौद्योगिकी हर दिन और उन्नत हो रही है। ऐसे में मानवता के विरुद्ध इनका गलत उपयोग बहुत घातक है। भारत ने विश्व मंच पर भी इन चिंताओं को प्रकट किया है और एक ग्लोबल फ्रेमवर्क की वकालत की है। हम सभी का दायित्व है कि इस प्रवृत्ति को रोकें।

**भविष्योन्मुख होगा आम बजट, सुधारों पर रहेगा जोर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि नवगठित नरेन्द्र मोदी सरकार का पहला आम बजट भविष्योन्मुख और सुधारों को आगे बढ़ाने वाला होगा तथा इसमें कई ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे जो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर ले जाएंगे। मुर्मू ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है।

**70 वर्ष से अधिक उम्र वालों को भी मिलेगा मुफ्त इलाज**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में 25 हजार जन औषधि केंद्रों को खोलने का काम भी तेजी से चल रहा है। 55 करोड़ को इस योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं भी सरकार उपलब्ध करवा रही है।

## सेंसेक्स पहली बार 79,000 के पार

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रहा और सेंसेक्स पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं निफ्टी ने भी पहली बार ऐतिहासिक 24,000 अंक का शिखर छुआ। इन्फोसिस, रिलायंस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में बढ़त रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 568.93 अंक यानी 0.72 प्रतिशत चढ़कर 79,243.18 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 721.78 अंक बढ़कर 79,396.03 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 175.70 अंक यानी 0.74 प्रतिशत बढ़कर 24,044.50 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 218.65 अंक चढ़कर 24,087.45 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स ने 78,000 अंक का आंकड़ा इसी सप्ताह 25 जून को पहली बार पार किया था। वहीं, निफ्टी ने इसी साल 24 मई को पहली बार 23,000 अंक का स्तर छुआ था।



- निफ्टी ने भी लांघा 24,000 अंक का स्तर

## 1510 करोड़ से तैयार होगी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी




नोएडा में फिल्म सिटी को लेकर समझौते के दौरान बोनी कपूर व अन्य। ● एजेंसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोनी कपूर की कंपनी और यीडा के बीच फिल्म सिटी को लेकर हुआ समझौता

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में 1510 करोड़ की लागत से 230 एकड़ क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी को स्थापित करने का रास्ता प्रशस्त हो गया है।

फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली कंपनी और सरकार के बीच हुए समझौते के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट आकार लेने लगेगा। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेब्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट (रियायत समझौता) पर हस्ताक्षर किया गया।

यह समझौता प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच किया गया। यीडा ऑफिस नोयडा में इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी मौजूद रहे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 साल में तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपये का खर्च होना है। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ और तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फिल्म निर्माता बोनी कपूर के मुताबिक, फिल्म सिटी को लेकर लेकर हमारी तैयारी समझौता हस्ताक्षर से पहले ही शुरू हो चुकी है। हाल ही लंदन जाकर स्टूडियोज की नई टेक्नोलॉजी देखी है जिसे उपयोग किया जाएगा।

## एक नजर

### संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्राविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का परिणाम गुरुवार 27 जून को घोषित कर दिया गया। इस परीक्षा का आयोजन 13 जून से 18 जून तक राज्य के 75 जनपदों में 207 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। यह परीक्षाएं प्रतिदिन तीन पालियों में आयोजित की गईं। इस वर्ष परीक्षा के लिए कुल 4,12,759 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 3,04,382 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

### आडवाणी को एम्स से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार को दिल्ली एम्स से छुट्टी मिल गई।



उन्हें बुधवार देर रात तबीयत खराब होने पर एम्स में भर्ती किया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि भाजपा के दिग्गज नेता की हालत स्थिर है। आडवाणी को जांच के बाद अपराह्न एक बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आडवाणी (96) के पेशाब में संक्रमण की शिकायत के बाद उन्हें कल शाम छह बजे जांच के लिए एम्स ले जाया गया और रात करीब 11 बजे उन्हें यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया।

### आतंकवाद को हराने के लिए सभी एकजुट: डीजीपी

**रामबन/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने गुरुवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद को हराने के लिए जनता, सुरक्षा बल और पुलिस एकजुट हैं। सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए रामबन जिले के अपने दौरे के दौरान स्वैन ने डोडा जिले में हाल ही में हुई मुठभेड़ को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## फाइनल में द.अफ्रीका से भिड़ेगा भारत

**गयाना।** कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के प्रदर्शन की बदौलत भारत ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल के वर्षा बाधित मैच में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की तिकड़ी ने 16.4 ओवरों में 103 रन पर समेट दिया। भारत ने इस जीत के साथ ही पिछली बार मिली हार का बदला चुका लिया। इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारत ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए।




इंग्लैंड के फिल साल्ट को बोल्ड करने के बाद खुशी जताते जसप्रीत बुमराह

## नीट-यूजी : सीबीआई ने की पहली गिरफ्तारी, पटना से दो को पकड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा पूछताछ को एजेंसी लेगी रिमांड



सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में गुरुवार को पहली बार गिरफ्तारियां कीं और पटना से दो लोगों को हिरासत में लिया।

अधिकारियों ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर कथित तौर पर मुहैया कराए जहां उन्हें लीक हुए प्रश्नपत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं। दोनों को पटना में विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई अब पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगेगी। अधिकारियों ने बताया कि आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर पटना में ''लर्न ब्वॉयज हॉस्टल एंड प्ले स्कूल'' किराए पर लिया था, जहां से बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट-यूजी के आधे जले हुए प्रश्नपत्र बरामद किए थे। सीबीआई ने पाया है कि आशुतोष कुमार को पता था कि परिसर का इस्तेमाल नीट अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। मनीष कुमार ने उन अभ्यर्थियों से सौदा किया था जो प्रश्नपत्र पहले से प्राप्त करने के लिए पैसे देने को तैयार थे। इसके बाद वह इन अभ्यर्थियों को छात्रावास ले गया जहां उन्हें प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा तक छात्रावास में ही रहे और पांच मई को होने वाली परीक्षा की तैयारी की। सीबीआई ने नीट परीक्षा लीक मामले में छह प्राथमिकियां दर्ज की हैं।



एनटीए के कार्यालय में तालाबंदी करते एनएसयूआई के सदस्य। ● एजेंसी

**एनएसयूआई ने एनटीए के दफ्तर में जड़ा ताला**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के सदस्य नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय में घुस गए और दरवाजे बंद कर ताला लगा दिया। बाद में पुलिस ने ताला खुलवाया। एनएसयूआई के सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में ओखला स्थित एजेंसी के कार्यालय में एनटीए बंद करो के नारे लगाए। एनएसयूआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में उसके कई सदस्य एनटीए की इमारत के अंदर नारे लगाते हुए दिखाई दिए। इसमें छात्र एनटीए कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ताला लगाते हुए भी दिखाई दिए।

## चार नए लिंक एक्सप्रेस-वे की तैयारी, योगी ने मांगा प्रस्ताव

### मुख्यमंत्री ने कहा- बेहतर कनेक्टिविटी को एक्सप्रेस-वे कवरेज को विस्तार देना आवश्यक, तैयार करें विस्तृत कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** राज्य सरकार बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस-वे कवरेज को और विस्तार देने जा रही है। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार लिंक एक्सप्रेसवे तैयार करने की दिशा में तेजी लाने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में राज्य में निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं और औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेस-वे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जाना उचित होगा। मुख्यमंत्री के मुताबिक, इसी प्रकार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तक लिंक एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे तक वाया फर्रुखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेस-वे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे के साथ यह तीन नए एक्सप्रेस-वे राज्य की तरक्की की तेज करने वाले होंगे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेस-वे हर दशा में दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालु गंगा एक्सप्रेस-वे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर के लिए शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। निर्माण समय से पूरा करा लिया जाए।बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को भी चित्रकूट से जोड़ने का सुझाव देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि, इसके लिए बजट भी जारी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि, अब तक 24 हजार करोड़ से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है। लखनऊ नोड में ब्रम्होस एयरोस्पेस, एरोलॉय टेक्नोलॉजी, झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स, कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम, अलीगढ़ में एमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और एंकर रिसर्च जैसी कंपनियां इकाई लगा रही हैं।

**नए निवेशकों को मिले सिक यूनिट**

औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा अपने क्षेत्रों में सिक इंडस्ट्रियल यूनिट्स की भूमि को नए निवेशकों को उपलब्ध करने के लिए बाइलॉज में परिवर्तन नई नीति घोषित करनी चाहिए। नवगठित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही तेज हो। दादरी में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब एवं बोराकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के विकास की प्रक्रिया तेज की जाए।

**निजी पार्कों के लिए दें बल्क लैंड**

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास की कवायद तेजी से आगे बढ़ाई जाए। लखीमपुर खीरी में बायो प्लास्टिक मैनुफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए भूमि क्रय शीघ्र कर लें। निजी पार्कों के विकास के लिए बड़ी संख्या में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। निवेशकों को बल्क लैंड की पूर्ति के लिए तेजी से व्यवस्था की जाए।

## मां ने अपने तीन बच्चों को जहर खिलाकर नदी में डुबोकर मारा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- एक बच्चा किसी तरह बचकर भाग निकला, दी घटना की जानकारी

**अमृत विचार :** फफूंद थाना क्षेत्र के केशमपुर घाट पर गुरुवार सुबह एक मां ने अपने तीन बच्चों को जहर खिलाकर सेंगर नदी में डुबोकर मार डाला। चौथा बच्चा किसी तरह बचकर भाग निकला और घटना की जानकारी दी। मरने वाले तीनों बच्चों की उम्र डेढ़, पांच और छह साल थी। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला पति की मौत के बाद चचेरे देवर के साथ रह रही थी। चचेरा देवर उसके बच्चों को रखने को राजी नहीं था। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हुआ, जिसके बाद मां ने यह वारदात कर डाली।

पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने बताया कि फफूंद थाना क्षेत्र के अटा बरुआ निवासी प्रियंका के पति अवनीश कुमार की मौत हो चुकी है। उसके चार बच्चे सोनू (8), आदित्य (6), माधव (4) और मंगल (डेढ़ साल) हैं। वह करीब एक महीने से अपने चारों बच्चों के साथ औरैया के मोहल्ला बनारसी दास में चचेरे देवर आशीष के साथ रह रही थी। देवर प्रियंका को तो रखने को राजी था लेकिन उसके बच्चों को नहीं रखना चाहता था। इसको लेकर दोनों में विवाद होता था।

भारतीय न्याय संहिता

# तारीख-पर-तारीख से मुक्ति तीन वर्षों में मिलेगा न्याय

## 35 धाराओं की समय सीमा तय, ऑनलाइन शिकायत पर तीन दिनों में होगी एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भगोड़े अपराधियों के मामले में भी 90 दिनों के अंदर केस दायर करने का प्रावधान
- सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर फैसला करना अदालतों के लिए अनिवार्य

**अमृत विचार:** भारतीय न्याय संहिता की सबसे खास बात यह है कि इसके लागू होने के बाद से तारीख-पर-तारीख के चलन से पीड़ित को मुक्ति मिल जाएगी। प्रयास है कि अधिकतम तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल जाए। इसके लिए 35 ऐसी धाराएं है, जिनकी समय सीमा तक तय कर दी गई है। ऑनलाइन शिकायत करने के तीन दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान किया गया है। यौन उत्पीड़न के मामलों में सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी ही देनी है। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करने का प्रावधान किया गया है।

नए आपराधिक कानून में बहुत कुछ बदल दिया गया है। भगोड़े अपराधियों की गैर-मौजूदगी के मामले में भी 90 दिनों के अंदर केस दायर करने का प्राविधान कर दिया गया है। आपराधिक मामलों में सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर फैसला करना अदालतों में अनिवार्य हो गया है।

**भगोड़े अपराधियों के खिलाफ भी अब सजा होगी तय:** भगोड़ा अपराधी दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष या अधिक की सजा मिलेगी। भगोड़े अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए अय देशों के साथ मिलकर आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे। भगोड़ों के खिलाफ अदालत में मुकदमा चलाने का भी प्राविधान किया गया है। यही नहीं भारत एवं अन्य देशों में भी संपत्ति जब्त करने का भी प्राविधान किया गया है। वहीं सात वर्ष अथवा इससे अधिक की सजा के लिए फोरेंसिक जांच अनिवार्य कर दिया गया है। इससे जांच में वैज्ञानिक तरीकों को बढ़ावा मिलेगा।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने में मौत तक की सजा

सामूहिक दुष्कर्म में 20 वर्ष के कारावास अथवा आजीवन कारावास जैसी सजा का प्रावधान किया गया है। यही नहीं नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने में मौत तक की सजा का प्राविधान किया गया है। यौन संबंध के लिए झूठे वादे करने अथवा पहचान छिपाने को भी अब अपराध की श्रेणी में रखा गया है। पीड़िता के घर पर किसी महिला अधिकारी की मौजूदगी में पीड़िता का बयान दर्ज करने का प्राविधान भी किया गया है। पीड़िता के अभिभावकों की मौजूदगी में पीड़िता का बयान दर्ज करना अनिवार्य हो गया है।



नए कानून को लेकर डीजीपी को स्मृति चिन्ह भेंट करते सूचना प्रसारण मंत्रालय के एडीजी विजय कुमार।

### मॉब लिंचिंग जघन्य अपराध

नए कानूनों में पहली बार मॉबलिंचिंग को भी परिभाषित किया गया है। जाति, नस्ल, समुदाय, लिंग, जन्म स्थान एवं भाषा के आधार पर हत्या करने अथवा घायल करने पर सख्त सजा का प्राविधान किया गया है। इसके अंतर्गत अब सात वर्ष के कारावास की सजा मिलेगी। स्थाई विकलांगता की स्थिति में 10 वर्ष के कारावास अथवा आजीवन कारावास की सजा तय की गई है।

### पुलिस की बढ़ी जवाबदेही

अब पुलिस बिना वीडियोग्राफी के आपकी तलाशी नहीं कर पाएगी। जब्ती के दौरान भी वीडियोग्राफी होगी। गिरफ्तार व्यक्तियों के बारे में जानकारी देना भी पुलिस के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। तीन वर्ष से कम सजा वाले मामलों में और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों पर कार्रवाई के लिए मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया।

### चार प्रकार के होंगे न्यायिक अधिकारी

नए आपराधिक कानून में न्यायाधीशों से संबंधित कई प्रावधान किए गए हैं। यह इसलिए किए गए ताकि पीड़ितों को सुगम न्याय मिल सके। इसीलिए अब न्यायाधीशों के प्रकार में तीन के स्थान पर चार कर दिया गया है। बहस पूरी होने के बाद निर्णय की समय सीमा भी निर्धारित कर दी गई है। न्यायाधीशों से संबंधित प्रावधान में पहला बदलाव तो यह है कि पूरे देश में एक समान न्याय प्रणाली कर दी गई है। न्यायिक प्रक्रिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट, मेट्रो पॉलिटन मजिस्ट्रेट और सहायक सत्र न्यायाधीश के पदों का उन्मूलन कर दिया गया है। अब इसके स्थान पर चार प्रकार के न्यायिक अधिकारी होंगे। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वितीय श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, सत्र न्यायाधीश और कार्यकारी मजिस्ट्रेट होंगे। नए कानून में सभी न्यायिक अधिकारियों की भूमिकाओं का निर्धारण कर दिया गया है।

### जिला -राज्य स्तर पर होंगे अभियोजन निदेशक

नए कानून में राज्य और जिला दोनों स्तरों पर अभियोजन निदेशक का प्रावधान किया गया है। जिला स्तर पर अभियोजन निदेशक की तीन श्रेणिया होंगी। इनमें अभियोजन निदेशक, अभियोजन उपनिदेशक और अभियोजन सहायक निदेशक का प्रावधान किया गया है। सात वर्ष से कम की सजा वाले मामलों के लिए सहायक निदेशक की भूमिका तय हुई है। ऐसा न्यायिक प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से किया गया है।

## छोटे अपराध पर लगानी होगी झाड़ू, संभालना पड़ेगा ट्रैफिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- छह अपराध ऐसे हैं जिसमें सजा के तौर पर सामुदायिक सेवा करनी पड़ेगी

**अमृत विचार:** भारतीय न्याय संहिता में छोटे अपराधों पर भी सजा मिलेगी। लेकिन इस सजा में जेल नहीं जाना पड़ेगा। बल्कि झाड़ू लगाना पड़ेगा अथवा चौराहों पर ट्रैफिक संभालना पड़ेगा या फिर कुछ और, जो न्यायालय निर्धारित करे। नए कानून में एसे सामुदायिक सेवा का अवसर, कहकर परिभाषित किया गया है। भारतीय न्याय संहिता में कुल 06 अपराध ऐसे हैं जिसमें सजा के तौर पर सामुदायिक सेवा करनी पड़ेगी।

जिन अपराधों में दो वर्ष से कम सजा का प्राविधान है उसे नए सिरे से परिभाषित किया गया है। अब ऐसे अपराध कारित करने पर सामुदायिक सेवा करनी पड़ेगी। मसलन जैसे आपने किसी को ढकेल दिया और वह गिर गया तो आपको पार्कों में झाड़ू लगाने की सजा मिल सकती है। आपने किसी को डांट दिया अथवा इस श्रेणी का छोटा अपराध किया तो आपको तीन दिनों के लिए शहर के किसी चौराहे पर खड़ा करके यातायात संभालने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। नए कानून में इस तरह के छह अपराध शामिल किए गए हैं।

# बीएनएस की धारा में मिलेगी अपराधियों को सजा

## एफआईआर की धारा, डिजिटल, फॉरेंसिक जांच के तरीके भी बदले, आईपीसी अब इतिहास के पन्नों में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ब्रिटिश कॉल में सन 1860 में अंग्रेजो ने अपनी सुविधानुसार जिस आईपीसी (इंडियन पेनल कोड) को लागू किया था। इससे बस तीन दिन में छुटकारा मिल जाएगा। अब एक जुलाई से आईपीसी की जगह बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) लागू हो जाएगी। इसमें एफआईआर की धारा, डिजिटल, फॉरेंसिक जांच के तरीके भी बदल गए है। केंद्र सरकार ने तीन नए कानून व्यवस्था को लागू किया है। नई व्यवस्था 30 जून की आधी रात 12 बजे से लागू हो जाएगी।

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की 302, 307, 376 जैसी धाराओं का प्रयोग पुलिस हत्या, हत्या का प्रयास, दुष्कर्म जैसे अपराधों के एफआईआर में करती थी। पर, ये धाराएं एक जुलाई से खत्म हो जाएंगी। देश में नया कानून लागू हो रहा है। एक जुलाई से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) खत्म हो जाएगी। इसकी जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) लागू हो जाएगी। किसी भी एफआईआर को देखे तो उसमें सबसे पहले भारतीय दंड संहिता 1860 ही लिखा होता था।

एक जुलाई से इसकी जगह एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता लिखा मिलेगा। आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जबकि बीएनएस में 358 धाराएं हैं।

### कहीं भी एफआईआर दर्ज करा सकती है दुष्कर्म पीड़िता

नई कानून व्यवस्था में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध के मामलों में सख्ती की गई है। महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। नए प्रावधान में महिला के साथ दुष्कर्म की



घटना होने पर वह देश के किसी भी राज्य के किसी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज करा सकती है। पुरानी व्यवस्था में यह सिर्फ राज्य स्तर पर ही लागू था। अब राष्ट्रीय स्तर पर लागू हो गई है। वहीं यौन अपराध से जुड़े मामले में प्रावधान किया गया है कि यौन संबंधों के लिए पहचान छिपाना और झूठे वादे अपराध की श्रेणी में माने जाएंगे। नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म को पॉक्सो एक्ट के साथ जोड़ दिया गया है। जिसमें आजीवन कारावास या मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में 20 साल की कैद और आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। आईपीसी में बलात्कार का मामला धारा 376 में दर्ज होता था पर, अब धारा 63 में किया जाएगा, वहीं धारा 64 में सजा के प्रावधान हैं। सामूहिक दुष्कर्म के मामले धारा 70 में दर्ज होंगे।

### वकील और पुलिस पढ़ रहे भारतीय न्याय संहिता

नए कानून की जानकारी के लिए वकील हों या पुलिसकर्मी सभी इसकी किताब का अध्ययन कर रहे हैं। हत्या के लिए अभी तक धारा 302 के तहत रिपोर्ट दर्ज होती थी, लेकिन एक जुलाई से धारा 103 (1) में रिपोर्ट दर्ज होगी। दुष्कर्म का मामला अब 376 की जगह धारा 64 में दर्ज होगा। वहीं 354 से 354 (घ) यानि महिला अपराध से जुड़ी धारा भी बदल गई है। इसका मामला दर्ज करने के लिए पुलिस को अब धारा 74 से 78 का प्रयोग करना होगा। डकैती की धारा 395 की जगह 310 (2) होगी। हत्या के प्रयास में अभी तक धारा 307 लगती थी, लेकिन अब 109 के तहत रिपोर्ट दर्ज होगी। धोखाधड़ी के मामले धारा 420 की जगह 318 में लिखे जाएंगे। इसी तरह से सभी अपराध की धाराएं बदल दी गई हैं। नए कानून के तहत सात साल से ज्यादा सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक रिपोर्ट अनिवार्य होगी। इसके साथ ही अभी तक आरोपियों के हाथों में हथकड़ी लगाने का प्रावधान नहीं था। अब सात साल से ज्यादा सजा के मामले में पुलिस हथकड़ी का इस्तेमाल कर सकेगी।

### भारतीय दंड संहिता और भारतीय न्याय संहिता की धाराएं

| अपराध | आईपीसी | बीएनएस |
|---|---|---|
| हत्या | 302 | 103(1) |
| हत्या का प्रयास | 307 | 109 |
| उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित | 304ए | 106 |
| आत्महत्या के लिए उकसाना | 306 | 108 |
| आत्महत्या का प्रयास | 309 | 226 |
| मारपीट | 323 | 115 |
| जान से मारने की धमकी | 506 | 351 |
| लूट | 392 | 309(4) |
| लूट का प्रयास | 393 | 309(5) |
| लूट के दौरान हत्या का प्रयास | 394 | 309(6) |
| डकैती | 395 | 310(2) |
| डकैती के दौरान हत्या | 396 | 310(3) |
| धोखाधड़ी | 420 | 318(4) |
| कूटरचना | 465 | 336(2) |
| न्यायालय अभिलेख की कूटरचना | 466 | 337 |
| प्रतिभूति बिल की कूटरचना | 467 | 338 |
| छल प्रयोजन से कूटरचना | 468 | 336(3) |
| कूटरचित इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख | 470 | 340(1) |
| कूटरचित दस्तावेज प्रयोग | 471 | 340(2) |
| **महिला से होने वाले अपराध की बदली धारा** | | |
| छेड़छाड़ | 354 | 74 |
| शारीरिक संस्पर्श और अश्लीलता | 354ए | 75 |
| शारीरिक संपर्क और आगे बढ़ना | 354 बी | 76 |
| ताक-झांक करना | 354सी | 77 |
| पीछा करना | 354डी | 78 |
| दुष्कर्म | 376 | 64 |
| दहेज हत्या | 304बी | 80 |
| नाबालिग का अपहरण | 363 | 139 |
| विस्फोटक पदार्थ में उपेक्षा | 286 | 287 |
| गलत इशारे व गाली देना | 294 | 296 |
| लज्जा भंग करना | 509 | 79 |
| दूसरा विवाह करना | 494 | 82 |
| पति या रिश्तेदार द्वारा क्रूरता | 498ए | 85 |

# बदली आतंकवाद की परिभाषा, राजद्रोह समाप्त

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** नए आपराधिक कानून में गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त कर दिया गया। इसमें से एक निशानी राजद्रोह है। नए कानून में राजद्रोह के प्राविधान को भी समाप्त कर दिया गया। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के मुताबिक कानून बनाते समय चल रहे मंथन के दौरान यह समझ में आ चुका था कि राजद्रोह कानून ब्रिटिश कालीन अधिकारियों द्वारा भारत में शासन के लिए लाया गया था। उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का विरोध करने पर राजद्रोह लगा दिया जाता था। वही कानून अब भी चल रहा था।

नए कानून में सरकार द्वारा राजद्रोह खत्म कर अब इसके स्थान पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियां, लाया गया है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ किए गए कार्यों को राष्ट्रविरोधी गतिविधि के रूप में लिया जाएगा। दोष साबित होने पर सात वर्ष का कारावास अथवा आजीवन कारावास जैसी सजा का प्राविधान किया गया है।

### आतंकवाद को लेकर कड़े प्रावधान

सरकार ने आतंकवाद को लेकर कड़े प्राविधान किए हैं। आतंकवाद को लेकर नया कानून बता रहा रहा कि सरकार आतंकवाद को बिलकुल बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। आतंकवाद क्या है, पहली बार इसे भारतीय कानून में परिभाषित किया गया है। इसमें सिर्फ आतंकवादी घटना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आएगा बल्कि भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता, सुरक्षा अथवा आर्थिक सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्य को आतंकवाद माना जाएगा। ऐसे आतंकवादी कृत्यों के लिए आजीवन कारावास से लेकर सजा-ए-मौत तक का प्राविधान कर दिया गया है।

## एक नजर

### डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के नैक के लिए समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के नैक के लिए तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा बैठक की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष के 'स्लो लर्नर' विद्यार्थियों को चिन्हित कर उनकी शिक्षा के लिए विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी, विश्वविद्यालय की नैक टीम के सभी सदस्य व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति का अभिभाषण भाजपा सरकार की वाहवाही

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण भाजपा सरकार की वाहवाही है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने कहा कि 1975 के आपातकाल को तो जनता ने माफ कर दिया है, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसके लिए माफी भी मांगी थी, पर भाजपा अभिभाषण के जरिये वाहवाही लूटने का सस्ता प्रयास कर रही है।

### 53 स्टाफ नर्स और 13 टेक्नीशियन हुए स्थानान्तरित

**अमृत विचार, लखनऊ:** चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में तैनात 53 स्टाफ नर्सेस व 13 लैब टेक्नीशियन के तबादलों की सूची जारी हो गई है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक डॉ. किंजल सिंह ने 53 स्टाफ नर्सो की तबादला सूची जारी करते हुए एक सप्ताह में नवीन तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए हैं।

### डॉ. नरेन्द्र को डीजी परिवार कल्याण का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्वास्थ्य विभाग के डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल, महानिदेशक प्रशिक्षण के साथ ही परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक पद की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। वर्तमान पद के साथ उन्हें परिवार कल्याण का अतिरिक्त प्रभार मिल गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें 30 जून को वर्तमान महानिदेशक डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने के बाद मिलेगी।

## तीन पीसीएस अधिकारियों का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सरकार ने गुरुवार को तीन पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। लोकसभा चुनाव के दौरान सपा की शिकायत पर फिरोजाबाद से हटाये गये एडीएम को नई तैनाती दी गई है।

चुनाव के दौरान सपा ने फिरोजाबाद से अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह की शिकायत भारत निर्वाचन आयोग से की थी। शिकायत पर उन्हें हटा दिया गया था। अब उन्हें बुलंदशहर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बनाया गया है। विवेक कुमार मिश्रा को बुलंदशहर से गाजियाबाद अपर जिलाधिकारी कानून एवं व्यवस्था के पद पर भेजा गया है। गाजियाबाद के अपर जिलाधिकारी कानून एवं व्यवस्था शैलेंद्र भाटिया को यमुना अथॉरिटी में विशेष कार्याधिकारी बनाया गया है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में पुलिस-प्रशासन में फेरबदल की प्रक्रिया चल रही है।

## जनेश्वर मिश्र पार्क को आधुनिक स्पोर्ट्स जोन बनाने की तैयारी तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- क्रिकेट, फुटबॉल व वॉलीबॉल ग्राउंड समेत टेनिस कोर्ट से लैस होगा पार्क

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने राजधानी स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क को आधुनिक स्पोर्ट्स जोन बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। योजना के तहत इसमें एक तरफ क्रिकेट व फुटबॉल ग्राउंड होंगे, तो दूसरी ओर लॉन टेनिस व बैडमिंटन कोर्ट के साथ सिंथेटिक स्केटिंग रिंग भी बनेगा।

सरकार के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2023 में पार्क के कायाकल्प की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की थी। पार्क में गेट नंबर-6 से आगे लगभग 25 एकड़ भूमि पर स्पोर्ट्स जोन विकसित करने का निर्णय लिया गया था। अब प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स जोन के विकास के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार 10 करोड़ 16 लाख रुपए से पार्क के सभी विकास कार्य पूरे किये जाएंगे।

इसके अलावा एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स जोन के चारों तरफ रनिंग व जॉगिंग ट्रैक विकसित किया जाएगा। सभी निर्माण कार्यों को पर्यावरण संरक्षण के मानकों व अन्य महत्वपूर्ण गाइडलाइन का पालन करते हुए पूरा किया जाएगा। निर्माण कार्यों की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए एक मॉनिटरिंग मैकेनिज्म बनाया जाएगा।

### बिडिंग प्रक्रिया शुरू

शासन के अधिकारियों ने बताया कि पार्क में स्पोर्ट्स जोन के विकास को लेकर होने वाले सभी कार्यों को पूरा करने के लिए प्राधिकरण ने बिडिंग प्रक्रिया शुरू की है। इस प्रक्रिया के जरिए एक एजेंसी का चयन होगा। यह एजेंसी सभी कार्यों को पूरा करने के साथ ही प्राधिकरण के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों को निर्धारित समय सीमा नौ माह पूरा करेगी।

## 2.58 करोड़ बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

**अमृत विचार, लखनऊ:** बच्चों को कुपोषण समेत अन्य बीमारियों से बचाने के लिए 'विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम' संचालित होता है, इसके तहत नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाई जाती है, इस साल यह अभियान 26 जून से शुरू हो चुका है जो 25 जुलाई तक चलेगा।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने गुरुवार को बताया कि विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम अन्तर्गत पिछले 10 सालों में हम 53 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिला चुके हैं। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि इस बार नौ माह से पांच साल तक के 2.58 करोड़ बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग व आईसीडीएस के जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

विरोध

उपभोक्ता परिषद ने कहा, पावर कॉरपोरेशन का फैसला नियमों के विपरीत

# प्रीपेड मीटर पर शुल्क वसूलने के खिलाफ याचिका दाखिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली कटने या जुड़ने पर उपभोक्ताओं से 50 रुपये वसूल करने व एलर्ट मैसेज पर 10 रुपये वसूलने के खिलाफ गुरुवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की गई। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से दाखिल याचिका में इसे नियमों के विपरीत बताते हुए स्वीकार न करने की मांग की गई है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग में दाखिल याचिका में कहा कि पावर कॉरपोरेशन का फैसला विद्युत अधिनियम के विपरीत है। पूर्व में बिजली कंपनियां आयोग को बता चुकी हैं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर खर्च होने वाले लगभग 29,619 करोड़ का कोई भी भार उपभोक्ताओं पर नहीं पडे़गा।

ऐसे में आयोग को पावर कॉरपोरेशन से यह पूछना चाहिए कि इस आत्मनिर्भर स्कीम पर केंद्र सरकार के ओर से दिए गए अनुदान के अतिरिक्त जो खर्च होगा, उसकी व्यवस्था कैसे होगी। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47 (5) में उपभोक्ताओं के लिए विकल्प की व्यवस्था मौजूद है तो फिर अनिवार्य रूप से सभी के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना क्यों बनाई जा रही है। कहा गया है कि नियामक आयोग एक अर्द्ध न्यायिक संवैधानिक संस्था है, आयोग का नैतिक दायित्व है कि वह विद्युत अधिनियम में दी गई व्यवस्था का पालन कराए।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर की टेंडर प्रक्रिया से लेकर अनुमोदन तक उच्च स्तरीय जांच की जाय। पावर कॉरपोरेशन की ओर से इस बात की गारंटी ली जाय कि 4जी तकनीकी खत्म होने के बाद 5जी तकनीक पर प्रदेश में लगने वाले सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगेंगे, पर विद्युत अधिनियम 2003 में दी गई व्यवस्था के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य नहीं किया जाएगा।

### बंद इकाइयां चालू नहीं, बिजली कटौती शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : भीषण गर्मी व उमस के बीच प्रदेश में बिजली संकट थम नहीं रहा है। पिछले दिनों ठप पड़ी पांच इकाइयां चालू नहीं हो सकी हैं। इस बीच, प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती फिर शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार गुरुवार को प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 263 मेगावाट आपात कटौती की गई। हालांकि, पिछले दिनों की तुलना में बिजली की मांग कम रही। प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 27,844 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 20,297 मेगावाट दर्ज हुई।

# उप्र रोजगार देने में पहले और अर्थव्यवस्था में दूसरे पायदान पर

## मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई पर आयोजित कार्यक्रम में दी जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एमएसएमई यूनिट्स को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई की 90 लाख से अधिक इकाइयां मौजूद हैं। 2017 में प्रदेश देश की छठे नंबर की अर्थव्यवस्था थी, जो आज दूसरे स्थान पर आ गई है। यही कारण है कि रोजगार देने के मामले में उप्र. आज पहले पायदान पर है। राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एमएसएमई उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में आज निवेश का बेहतर वातावरण बना है। कानून का राज और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। उद्योग-धंधों के लिए ये कारक बहुत जरूरी होते हैं, इसके साथ ही औद्योगिक वातावरण के लिए एमएसएमई भी आवश्यक होते हैं।

योगी ने बताया कि डिफेंस कॉरिडोर में अब तक 24 हजार करोड़ के निवेश को हमने यहां लागू कर लिया है। उन्होंने ने कहा कि बीते साल की तरह इस वर्ष भी सितंबर में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। पिछले साल 70 हजार बायर्स ट्रेड शो में आए थे, इसबार यह संख्या और बढ़ेगी। योगी ने बताया कि अब तक रजिस्टर्ड 24 लाख से अधिक एमएसएमई उद्यमियों में से कोई अगर किसी आपदा की चपेट में आता है तो उसे 5 लाख रुपए तक का लाभ सरकार प्रदान करेगी। साथ ही साथ 5 लाख तक के ऋण को भी ब्याज मुक्त करने के लिए हमने कदम बढ़ाए हैं। आने वाले 10 साल में 10 लाख सूक्ष्म उद्यमियों को इससे जोड़ने का लक्ष्य है। इस मौके एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में उद्यमियों के लिए हर तरह की सुविधाएं अब उपलब्ध हैं पूर्व की सरकार जहां उद्यमियों को वसूली का माध्यम समझते थे तो वहीं अब बेहतर कानून व्यवस्था से उद्यमियों में कोई भय नहीं रह गया है।

आईआईडीसी मनोज कुमार, प्रमुख सचिव, आलोक कुमार, समीर रंजन पंडा सहित प्रदेशभर से हस्तशिल्पी, कारीगर, बैंकर्स, उद्यमी और विशेषज्ञ मौजूद रहे।



कार्यक्रम में महिला लाभार्थी को टूलकिट देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एमएसएमई उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका : योगी
- आने वाले 10 वर्षों में 10 लाख सूक्ष्म उद्यमियों को जोड़ने का है लक्ष्य

### 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण की शुरुआत

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एमएसएमई यूनिट्स को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण की शुरुआत की। साथ ही उन्होंने पीएमईजीपी, एमवाईएसवाई, ओडीओपी व मुद्रा योजना के लाभार्थियों को ऋण और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी व केवीआईबी के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। इसके अलावा उन्होंने झांसी के प्लेज पार्क और आरएएमपी (रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना का भी शुरुआत की।

### हस्तशिल्पी, कारीगर और उद्यमी सम्मानित

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लाभार्थी सीतापुर के गुरदीप सिंह, लखनऊ की आकांक्षा गौतम, लखनऊ की रूबी देवी और गोरखपुर की माधुरी शर्मा को टूलकिट वितरित किया। इसके अलावा लखनऊ के रंजीत, बाराबंकी के संजय कुमार, लखनऊ के कल्लू कुम्हार को सम्मानित किया। साथ ही पुष्प कुमार सिंह, साधना सिंह, आलोक कुमार गुप्ता को विभिन्न उद्यमों के लिए ऋण सौंपा।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

**मौसम**

तेज पुरवा हवा चलने से बादलों की आवाजाही रहेगी।

| 35.5° | 37.7° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**शहर में आज**

- लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में जीआईएस समाधान दिवस 9 : 00 बजे।
- उप्र बैडमिंटन अकादमी में जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप के मैच- 9 :30 बजे।
- गोमतीनगर विस्तार स्थित सूडा भवन के द्वितीय तल पर राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) की ओर से शक्ति रसोई के संचालन के 100 दिन पूर्ण होने पर कार्यशाला-10 :30 बजे।
- नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप, केडी सिंह बाबू स्टेडियम, दोपहर 12 :00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आनंद अनुभूति वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से हास्य नाटक विषयांतर का मंचन-7 :15 बजे।

# एलडीए ने 42 साल नहीं दिया प्लाट अब आवंटी को लौटा रहा 7500 रुपये

## सिंगार नगर के स्वर्णजीत को ट्रांसपोर्ट नगर योजना में आवंटित हुआ था भूखंड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्ट नगर योजना में आवंटित प्लाट एलडीए के अधिकारी और बाबू ने आवंटी को धोखा देकर दूसरे के नाम कर दिया। आवंटी को आरटीओ कार्यालय के पास प्लाट समायोजित करने आश्वासन देकर टरकाया जाता रहा। प्लाट देने के बजाए अब उन पर 42 वर्ष पहले जाम की गई धनराशि वापस लेने का दबाव डाला जा रहा है। गुरुवार को समाधान दिवस में एलडीए उपाध्यक्ष ने भी यही बात दोहराई तो वृद्ध हो चुके आवंटी को बहुत निराशा हुई और भरे मन से वह घर लौट गए।

आलमबाग के सिंगार नगर निवासी स्वर्णजीत सिंह (70) को 1982 में ट्रांसपोर्ट नगर योजना में 50 वर्ग मीटर का व्यावसायिक भूखंड आवंटित हुआ था। उन्होंने भूखंड के 7500 रुपये भी जमा कर दिए।

रजिस्ट्री कराने पहुंचे तो अधिकारी और बाबू प्लाट आरटीओ कार्यालय के पास समायोजित होने की बात कहकर टरकाते रहे।

उन्होंने छानबीन कराई तो पता चला कि अफसर और बाबुओं ने उनके भूखंड की रजिस्ट्री किसी और के नाम कर दी। स्वर्णजीत ने बताया कि 42 साल से भूखंड पाने के लिए एलडीए का चक्कर लगा रहे हैं। हर बार अधिकारी जमा की गई रकम वापस लेने का दबाव डालकर लौटा देते हैं। गुरुवार को समाधान दिवस में एलडीए वीसी इंद्रमणि ने भी उन्हें 1982 में जमा की गई रकम वापस लेने का विकल्प दिया।

इससे वृद्ध को बहुत निराशा हुई और वह घर लौट गए। ऐसी ही 12 शिकायतें समाधान में आईं, जिसमें केवल एक का निस्तारण हो पाया।




वरिष्ठ नागरिक समाधान दिवस में भूखंड की पत्रावली दिखाते स्वर्णजीत सिंह और शिकायतें सुनते एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी।

- बाबू, अधिकारी ने धोखा देकर दूसरे के नाम कर दी थी रजिस्ट्री
- आरटीओ कार्यालय के पास भूखंड समायोजन का देते रहे झांसा

### समायोजन वाले आवास पर दूसरे पर कब्जा

**केस 1**

अलीगंज निवासी लालमणि ने बताया कि बेटी पप्पी देवी ने वर्ष 2000 में जानकीपुरम योजना में आश्रयहीन आवास खरीदा था। जिसका समायोजन हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज में एस-1 में किया गया। लेकिन, यह आवास मौके पर नहीं था। इसके बाद एस-2 में आवास दिया गया। उस आवास पर भी दूसरे व्यक्ति का कब्जा है। टीम कई बार गई, लेकिन आवास खाली नहीं करा पाई है।

### टीम के सामने निकाला सामान, बाद में अंदर

**केस 2**

राजाजीपुरम् निवासी प्रेम प्रकाश ने बताया कि उन्हें बसंतकुंज में पूरे रुपये अदा करके आश्रयहीन आवास खरीदा था। जिस पर किसी महिला का कब्जा है। कोर्ट के आदेश पर भी आवास खाली नहीं हुआ। पूर्व में टीम गई थी तो कब्जेदार ने थोड़ा सामान निकाल लिया था और एक सप्ताह में खाली करने को कहा था। बाद में सामान अंदर कर लिया।

### तोड़ दिए घर, कर दिया बेघर

**केस 3**

समाधान दिवस में अकबर नगर प्रथम में रहने वाली शहरीन, नजरीन, तरन्नुम, आसिफा समेत कई महिलाएं पहुंचीं। बताया कि उनके मकान तोड़ दिए गए। आवास के लिए आवेदन किया था, लेकिन नहीं मिले। कोई रिश्तेदार के यहां तो कोई अन्य जगह रहा रहा है।

### आवास पर कब्जा, सात दिन में खाली कराने के निर्देश

**केस 4**

इंदिरा नगर निवासी संतोष मिश्रा ने बताया कि कानपुर रोड योजना के सेक्टर-एम 1 में आवास आवंटित हुआ था। इसकी रजिस्ट्री भी हो गई है, लेकिन भवन में अवैध कब्जा है। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता को सात दिन के अंदर भवन खाली कराकर आवंटी को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए।

## आवेदन के बाद भी नहीं मिल रहा बिजली कनेक्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑनलाइन आवेदन और पहले का बकाया बिल जमा कराने के बावजूद बादेखेड़ा गांव की रिंकी के घर में बिजली कनेक्शन नहीं हो पा रहा है। 14 जुलाई को बहन की शादी होनी है। शादी के पहले कनेक्शन कराने के लिए वह कई दिनों से उपकेंद्र के चक्कर लगा रही है।

बंथरा क्षेत्र के बादेखेड़ा निवासी रिंकी की बड़ी बहन की 14 जुलाई को शादी है। घर में बिजली कनेक्शन के लिए उसने 25 जून को ऑनलाइन आवेदन किया था। उसका आरोप है कि आवेदन करने के पहले ही गांव सरोजनी नगर गहरू पॉवर हाउस के लाइनमैन अनिल शुक्ला ने उससे टुकड़ों में तीन हजार रुपये लिए थे। इसके बाद बकाया होने की जानकारी दी। शिकायत करने पर उसे धमकाया था। शिकायत पर उपकेंद्र अधिकारियों ने जांच कराकर लाइनमैन पर कार्रवाई करने और 24 घंटे में नया कनेक्शन देने का आश्वासन दिया था। गुरुवार को उपकेंद्र पहुंचने पर एसडीओ ने बकाया बिल जमा होने के बाद ही नया कनेक्शन देने का नियम बताया। इस पर तुरंत रिंकी ने 17003 रुपये बकाया धनराशि जमा कर दी। इसके बाद भी एसडीओ आठ दिन में कनेक्शन देने की बात कह रहे हैं। रिंकी ने बताया कि अधिकारियों के रवैये से नहीं लगता कि शादी तक घर में बिजली कनेक्शन हो पाएगा। इस संबंध में गहरू सब स्टेशन के एसडीओ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि बकाया बिल की अदायगी के बाद उपभोक्ता को नया कनेक्शन जारी कर दिया जायेगा। लाइनमैन पर लगे आरोपों की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

# अकबर नगर में बनेगा शक्ति वन मां के नाम पर लगाए जाएंगे पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सौमित्र वन में पौधे लगाकर देंगे अविरल नदी का संदेश
- एलडीए ने पौधरोपण की डीपीआर का किया प्रस्तुतिकरण

**अमृत विचारः** विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित हो रहे कुकरैल नदी के किनारे 4.30 किलोमीटर में मृदा परीक्षण कर वृहद पौधरोपण किया जाएगा। अकबर नगर बस्ती की जगह सौमित्र और शक्ति वन विकसित किए जाएंगे। दोनों वनों को आस्था से जोड़ा जाएगा। सौमित्र वन में पौधा लगाकर लोग अविरल नदी को निर्मल रखने का संदेश देंगे, तो शक्ति वन में अपनी और जगत जननी मां के नाम से पौधा लगाएंगे। गुरुवार को अधिकारियों ने मंडलायुक्त रोशन जैकब के सामने वृहद पौधरोपण योजना की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) प्रस्तुत की।

ध्वस्तीकरण के बाद अकबर नगर की पहचान अब दोनों वनों से होगी। अयोध्या रोड पर अकबर नगर प्रथम की तरफ सौमित्र वन व द्वितीय की तरफ शक्ति वन बनेंगे। दोनों वन में एक लाख पौधे लगेंगे। बंधा पर इंटरलॉकिंग की जाएगी। बैठने के लिए बेंच व पूरा परिसर करीब दो लाख पौधों से हराभरा किया जाएगा। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में सिंचाई, वन विभाग, नगर निगम और एलडीए को पौधरोपण की जिम्मेदारी सौंपी गई। डीपीआर के मुताबिक कुकरैल नदी के किनारे 50 मीटर की दूरी पर कअसन, जामुन, पनिया, अर्जुन, केन आदि के 8 से 14 फीट लंबे पौधे लगेंगे। पंचवटी और औषधि वाटिका भी बनेगी। पौधरोपण में स्थानीय लोग की सहभागिता रहेगी। पौधे वन विभाग उपलब्ध कराएगा।

### मलबा हटाकर पीएच वैल्यू की होगी जांच

मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि अकबर नगर का मलबा हटाकर मृदा परीक्षण कराया जाए। मिट्टी का पीएच स्तर जांचकर ही पौधे लगाए जाएं ताकि पौधों को जरूरी पोषक तत्व मिल सकें। जहां पीएच स्तर कम हो वहां छोटे पौधे लगाए जाएं। क्षारीय मिट्टी में बड़े वृक्ष रोप जाएं। विशेषज्ञों का कहना है कि 6-7 के बीच पीएच वैल्यू वाली मिट्टी पौधों के विकास के लिए मुफीद होती है। 6 से कम पीएच वाली जगह अधिक अम्लीय और 7 से अधिक पीएच वाली मिट्टी ज्यादा क्षारीय होती है। इसके मुताबिक पौधों का चयन करना पड़ेगा।

### तीन माह में होगा काम टेंडर अपलोड

मंडलायुक्त ने पूर्व में एलडीए को औद्यानिककरण, पेंटिंग, स्कल्प्चर आदि कार्यों में बेहतरी के लिए किसी तकनीकी कंपनी से कराने का सुझाव दिया था। इस क्रम में एलडीए ने टेंडर अपलोड किए हैं। जो 10 जुलाई को खुलेंगे। इसी बीच अकबर नगर में अवैध निर्माण का पड़ा मलबा उठने पर क्षेत्र साफ हो जाएगा।

**एक नजर**

### इस्कान मंदिर 7 जुलाई को निकलेगा जगन्नाथ रथ यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) की ओर से आगामी 7 जुलाई को राजधानी में जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने भक्तों को हरिनाम संकीर्तन कराया और उन्हें रथ यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस्कान अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने बताया कि 7 जुलाई को चारबाग स्टेशन के सामने से जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू होगी। अपरिमेय श्याम दास ने जगन्नाथ रथ यात्रा में सभी इस्कान भक्तों को आमंत्रित किया है।

### सर्वर ने आवेदकों को किया परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्वर की समस्या के आरटीओ कार्यालय में गुरुवार को यहां पर कामकाज प्रभावित रहा। आवेदन पत्रों की जांच से लेकर लाइसेंस के लिए अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने में आवेदकों को खासा समय लग रहा था। दोपर के बाद कई आवेदक बिना काम कराए यहां से लौटगए। एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी के अनुसार हफ्ते में सिर्फ तीन दिन बड़ी मुश्किल से सर्वर चलता है। सर्वर धीमा चलने से एक प्रपत्र अपलोड करने या अप्रूवल में काफी समय लगता है, जिससे आवेदकों को खासी दिक्कतें होती है। इसकी जानकारी मुख्यालय को दे दी गई है।



हजरतगंज में धूप से बचाव के लिए दुपट्टा से सिर व चेहरा ढककर जातीं युवतियां।

# आते-जाते रहे बादल उमस ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- मौसम विभाग ने जताई अगले 48 घंटे में बारिश की संभावना

**अमृत विचार:** बादलों की आवाजाही और बारिश न होने से बढ़ी उमस से लोग गर्मी से परेशान हो रहे हैं। हवा में नमी का प्रतिशत भी पिछले 24 घंटों में बढ़कर 59 से 79 के बीच हो गया। गुरुवार को शहर में अधिकतम पारा 35.5 और न्यूनतम 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में बारिश का अनुमान जताया है। बादलों की आवाजाही का कारण तेज पुरवा हवा चलना बताया जा रहा है। ऐसे में लखनऊ में बारिश नहीं हो रही। गति ज्यादा होने से वर्षा लेकर आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के बादलों को पीछे धकेल दे रही है। दो दिनों से पुरवा यानी पूर्व से पश्चिम की ओर बह रही हवा की गति 25 से 28 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच रही है। अमौसी स्थित मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल सिंह के अनुसार पुरवा में नमी कम है, जो बारिश की ट्रफ लाइन है वह बिहार में ही खत्म हो जा रही है। दूसरी ओर एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली और मध्य प्रदेश समेत यूपी के पश्चिम से तराई तक के जिलों में बारिश हो रही है।

## जानकीपुरम में लो-वोल्टेज से उपभोक्ता रहे परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम विस्तार के सरस्वतीपुरम और आसपास के इलाके में गुरूवार को लो वोल्टज के कारण लोग परेशान रहे। करीब दो हजार लोगों को पानी समेत कई समस्याओं से जूझना पड़ा। स्थानीय निवासियों के अनुसार उपकेंद्र पर कई बार शिकायत की, घंटों बाद समाधान किया गया।

सरस्वतीपुरम में सुबह 8:30 बजे के करीब क्षेत्र की बिजली सप्लाई बाधित हुई। आंधे घंटे बाद सामान्य हुई, कुछ देर बाद ही वोल्टज लो हो गया। कूलर,टीवी,फ्रिज समेत कई बिजली उपकरण लोगों ने ऑन नहीं किए। टुल्लू पंप बंद होने से पानी की समस्या हो गई। पानी के इंतजाम के लिए लोग इधर उधर भटकने को मजबूर हुए। क्षेत्र में पांच घंटे से ज्यादा लो वोल्टज की समस्या बनी रही। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार क्षेत्र में हुई केबल फॉल्ट के बाद जानकीपुरम के कई इलाकों में लो वोल्टज की शिकायत मिली है। जिसे दूर करने के लिए क्षेत्र की पेट्रोलिंग करने के साथ जम्फर, पेटीफ्यूज को भी चेक किया गया। इसके अलावा शार्ट सर्किट के कारण भी क्षेत्र में लो वोल्टज की समस्या बनी रही। शिकायत मिलने के बाद सप्लाई को सामान्य कर दिया गया।

# लगातार 225 घंटे होगी नालों-नालियों की सफाई

## बड़े नालों की तीन माह तक ठेकेदार ही कराएगा सफाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम शहर 72 नहीं बल्कि नालों और नालियों की सफाई के लिए लगातार 225 घंटे अभियान चलाएगा। नगर विकास मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर गुरुवार से 72 घंटे का अभियान शुरू कर दिया। सभी आठ जोन में अधिकारी व अभियंता सुबह छह बजे से फील्ड में उतर गए और कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया।

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने सभी बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों और नालों की सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने इंजीनियरिंग विभाग के सभी 353 नालों की सफाई के लिए ठेकेदारों को जिम्मेदारी दी है। ठेकेदार ही तीन महीने तक नाले की सफाई करेगा। इसके बाद भी जलभराव हुआ तो ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में नगर आयुक्त के संज्ञान में आया कि क्षेत्रीय निवासी, दुकानदार और सफाई कर्मचारी भी नालों में कूड़ा डाल देते हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को चिह्नित कर जागरूक करने और न मानने पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।



हैदर मिर्जा रोड झाऊ लालगली में नाली की सफाई करते सफाई कर्मचारी।

### 10 टीएमएक्स गाड़ियां खरीदीं

नगर निगम के आरआर विभाग ने नाला सफाई के लिए 10 नई टीएमएक्स गाड़ियां खरीदी हैं। इन गाड़ियों से इंजीनियरिंग विभाग के मध्यम नालों की सफाई की जा सकेगी। एक गाड़ी की कीमत लगभग 18 .50 लाख रुपये है। इन्हें शुक्रवार से नाला सफाई के लिए उतारा जाएगा।

> 225 घंटे के सफाई अभियान में छोटे बड़े नालों को चेक करने के साथ सफाई कराई जाएगी। जिन इलाकों में नालों व नालियों की सफाई न हुई हो वहां के निवासी नगर निगम में शिकायत कर सकते हैं। शिकायत का तत्काल निस्तारण कराया जाएगा।
>
> -इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

### नाले-नालियां न हों साफ तो करें फोन पर शिकायत

नगर आयुक्त ने कहा कि अगर कहीं नाले और नालियों की सफाई नहीं की जाती है तो उसे क्षेत्र के लोग शिकायत करें। इसके लिए नगर निगम कार्यालय या किसी अधिकारी के पास जाने की जरूरत नहीं है। निगम के हेल्पलाइन नंबर 1533, कंट्रोल रूम - 9219902911, 912, 913, 914 और लैंडलाइन 0522-2289782, 783 नंबर पर शिकायत करें। शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने के साथ बारिश के दौरान जलभराव से प्रभावित इलाकों की समस्या दूर कराई जाएगी।

### नगर विकास मंत्री को आशियाना में नाले के किनारे मिली सिल्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगरीय निकायों में शुरू हुए 72 घंटे के नाला सफाई अभियान का बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने जोन आठ के बंगला बाजार चौराहे से खजाना चौराहा स्थित नाला, खजाना चौराहे से रेलवे अंडर क्रॉसिंग तक किला मोहम्मदी नाला, स्मृति उपवन चौराहे से पावर हाउस चौराहे के नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री को आशियाना के सेक्टर एन वन के सामने नाले के किनारे सिल्ट पड़ी मिली। जिस पर उन्होंने सिल्ट तत्काल हटाने के निर्देश दिए। बंगला बाजार चौराहे के पास खुले नाले में 500 मीटर तक स्लैब डालकर ढ़कने, स्मृति उपवन के सामने खजाना चौराहे के पास नाले में स्लैब डालने तथा नाले की टूटी दीवारों की मरम्मत कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन के पास लोगों द्वारा नाले पर किये गए अतिक्रमण हटाए जाएं। क्षेत्रीय निवासियों ने एसटीपी चालू न होने से सीवर का पानी सड़कों पर फैलने की नगर विकास मंत्री से शिकायत की। मंत्री ने कहा कि बारिश का पानी निकलने में कहीं भी अवरोध न हो। नाले और नालियों की सफाई में किसी भी स्तर की लापरवाही और शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, क्षेत्रीय पार्षद, मुख्य अभियंता महेश वर्मा और जोन आठ के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

**पहल** फीडिंग इंडिया के तहत आदर्श आंगनबाड़ी पोषण कार्यक्रम में शामिल होगी जोमैटो गिवबैक

# मोटे आनाज के लड्डू से दूर होगा बच्चों का कुपोषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुपोषण की जंग में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के साथ फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो गिवबैक भी शामिल होगी। कंपनी जिले में फीडिंग इंडिया आदर्श आंगनबाड़ी पोषण कार्यक्रम के तहत कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों की सेहत सुधारने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर मोटे अनाज से बने लड्डू निशुल्क बांटेगी। मोटे अनाज के सेवन बच्चों को अधिक पोषक तत्व मिलेंगे।

इससे वह जल्दी सामान्य श्रेणी में आ जाएंगे। कंपनी ने वाराणसी, कुशीनगर और एटा में लड्डू वितरण का काम शुरू कर दिया है। कंपनी ने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर लड्डू वितरित का प्रस्ताव जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार को दिया है। उन्होंने बताया कि यह अच्छी पहल है। कंपनी लड्डू बनाकर बांटेगी। सहमति बनने पर आंगनबाड़ी केंद्र व बच्चों की संख्या उपलब्ध कराकर एमओयू करने के लिए कंपनी से कार्ययोजना मांगी है।

**मोटे अनाज में गेहूं व चावल से अधिक होते पोषक तत्व :** विभाग द्वारा केंद्रों पर बच्चों को चावल, गेहूं आदि सूखा राशन व पैकेट बंद पोषाहार मिलता है। जानकारों की मानें तो गेहूं और चावल की तुलना में मोटा अनाज में 3.5 गुना अधिक पोषक तत्व होते हैं। मोटा अनाज में विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि खनिज लवण और विटामिन होते हैं।



- बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने मांगी कार्ययोजना, करेगा एमओयू

### जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चों की संख्या

आंगनबाड़ी केंद्र - 2,730
अतिकुपोषित बच्चे - 972
कुपोषित बच्चे - 8,537

### इनसे बनेंगे लड्डू

बाजरा, रागी, ज्वार, कंगनी, चेना, कुटकी, संवा और कोंदों

### 10 राज्य के 20 जिलों में चल रहा कार्यक्रम

कंपनी फूड डिलवरी के साथ फीडिंग इंडिया कार्यक्रम चलाकर भूख और कुपोषण उन्मूलन पर संबंधित विभागों को तकनीकी सपोर्ट करती है। यह कार्यक्रम 10 राज्य के 20 जिलों पर चल रहा है। 850 आंगनबाड़ी केंद्रों के 26 हजार बच्चों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश के वाराणसी, कुशीनगर और एटा के आंगनबाड़ी केंद्रों के 3 से छह वर्ष तक के 1,900 अतिकुपोषित बच्चे शामिल हैं।

## अकबर नगर का मलबा 40 लाख में बिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** अकबर नगर में तोड़े गए भवनों का मलबा 40 लाख रुपये में बिका है। लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे टेंडर खोले गए। 40 लाख रुपये की अधिकतम बोली लगाने वाली फर्म को मलबा दिया गया। अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में 1,350 अवैध निर्माण तोड़े गए थे। टेंडर हासिल करने वाली फर्म ने रात से जेसेबी लगाकर मलबा उठाने का काम शुरू कर दिया है। कंपनी को एक सप्ताह में मलबा उठाकर क्षेत्र को साफ करना है। फर्म मलबा निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों को बेचेगी। अकबर नगर के ध्वस्तीकरण और व्यवस्थाओं पर कितना खर्च हुआ है अभी इसका आकलन नहीं किया गया है।

# पीपीपी माडल से विकसित होगा जानकीपुरम विस्तार बस अड्डा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरक्षित भूमि के भुगतान को भी परिवहन निगम निदेशक मंडल ने दिया अनुमोदन
- बिना बुक किए मॉल ले जाने पर बस चालक, परिचालक पर होगा जुर्माना

**अमृत विचारः** रोजवेड बसों में बिना बुक किया गया माल पकड़ा गया तो चालक और परिचालक से भी जुर्माना वसूला जाएगा। लगातार तीन बार ऐसा माल पकड़े जाने पर संविदा चालक, परिचालक की सेवा समाप्त कर दी जाएगी और नियमित चालक, परिचालक को निलंबित कर दिया जाएगा। सीतापुर रोड स्थित जानकीपुरम विस्तार योजना में बस अड्डे के लिए आरक्षित भूमि के लिए भुगतान करने और पीपीपी मॉडल पर विकसित के लिए अनुमोदन भी दे दिया गया।

परिवहन निगम मुख्यालय में ये फैसले गुरुवार प्रमुख सचिव परिवहन वेंकेटश्वर लू की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की 248वीं बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि निगम की बसों में बिना बुकिंग माल ले जाने पर माल के मालिक के अलावा चालक-परिचालक पर भी कार्रवाई होगी। बस में माल का मालिक होने पर उससे टिकट के बराबर जुर्माना लिया जाएगा। अगर मालिक न हुआ तो चालक-परिचालक से टिकट का दोगुना जुर्माना लिया जाएगा। संविदा चालक और परिचालक तीन बार ऐसा करते पकड़े गए तो उनकी संविदा खत्म कर दी जाएगी। नियमित चालक, परिचालक को निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में परिवहन निगम की विभिन्न परिसंपत्तियों से जुड़े कार्यों को पूरा करने के लिए सेवानिवृत उप जिलाधिकारी या अपर जिलाधिकारी को संविदा अभिलेख मानदेय पर रखने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इस मौके पर परिहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### झील की 54 हजार वर्गफिट भूमि से हटाया कब्जा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने विरोध के बीच गुरुवार को भारी पुलिस बल की उपस्थिति में रायबरेली रोड स्थित हैबतमऊ मवैया झील की लगभग 54,000 वर्ग फिट भूमि से अवैध कब्जा हटाया। टीम को 35,293 वर्ग फिट भूमि पर स्थायी आवासीय कब्जे मिले। इन्हें खाली कराने के लिए नगर निगम ने 30 अवैध कब्जेदारों को बेदखली की नोटिस जारी की है। नगर निगम इनके विरुद्ध रिपोर्ट भी दर्ज कराएगा। नगर निगम अमृत योजना से हैबतमऊ मवइया तालाब का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण करा रहा है। खसरा संख्या 1542 घ की 3 .920 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि तालाब में दर्ज है। तालाब में उत्तरी और दक्षिणी दिशा से लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था। झील पर अतिक्रमण से सौंदर्यीकरण कार्य में बाधा आ रही है। प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति संजय यादव ने तहसीलदार, लेखपाल ने कार्रवाई करके तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटा दिए।

### 12 सदस्यों के चुनाव की बैठक बेनतीजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** टाउन वेंडिंग कमेटी में पटरी दुकानदारों के 12 सदस्य चुनने के लिए चुनाव की बैठक बेनतीजा रही। नगर निगम की ओर से बैठक में जोनल अधिकारी जोन–चार संजय यादव और सदस्य पद के लिए आवेदन करने वाले 33 पटरी दुकानदार उपस्थित रहे। कुछ पटरी दुकानदारों ने आवेदन पत्रों की जांच पर सवाल उठाते हुए दोबारा जांच की मांग की। जिस पर एक सप्ताह का समय दिया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव बैठक में नहीं पहुंच पाए। अब अगले सप्ताह बैठक में टाउन वेंडिंग कमेटी के चुनाव पर निर्णय लिया जाएगा।

### सहायक निदेशक राजभाषा ने देखी पत्रावलियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि और सहायक निदेशक राजभाषा अजय कुमार चौधरी ने गुरुवार को आरडीएसओ का राजभाषा विषयक निरीक्षण किया गया। आरडीएसओ के राजभाषा अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने अजय कुमार चौधरी स्वागत किया गया। डॉ. वीणा कुमारी वर्मा, मुख्यम राजभाषा अधिकारी द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मनित किया गया। निरीक्षण अधिकारी ने मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा, राजभाषा अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव के साथ गृह मंत्रालय द्वारा प्रेषित राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली तथा संबंधित फाइलों एवं दस्तावेजों का गहन निरीक्षण किया। राजभाषा विभाग, हिन्दी पुस्तकालय और कार्मिक निदेशालय में जाकर प्रत्यक्ष रूप से दस्तावेजों की जांच की।



कैसरबाग स्थित राजस्व परिषद विभाग में लेखपाल भर्ती मामले में नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी। अमृत विचार

# लेखपाल भर्ती अभ्यर्थियों ने राजस्व परिषद मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **चयन होने के बाद नियुक्ति पत्र न मिलने से हैं नाराज**

**अमृत विचार, लखनऊ :** लेखपाल भर्ती अभ्यर्थियों ने चयन के बाद नियुक्त पत्र न मिलने से नाराज अभ्यर्थियों ने कैसरबाग स्थित राजस्व परिषद मुख्यालय पर गुरुवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अभ्यर्थियों को शांत कराया।

अंबेडकरनगर के निवासी उद्देश्य सिंह ने बताया कि साल 2021 में भर्ती निकाली गई थी। प्री एग्जाम 2022 में हुआ था। मेन एग्जाम 2022 और रिजल्ट 21 दिसंबर 2023 को आया। चयनित अभ्यर्थियों ने तहसील में अपनी आख्या जमा कर दिया। 23 फरवरी 2024 को नियुक्ति पत्र मिलना प्रस्तावित था, लेकिन अभी तक नहीं दिया गया। उन्होंने सरकार से मांग किया कि शीघ्र नियुक्ति पत्र दिया जाए। रायबरेली के शिव प्रताप ने बताया कि 21 फरवरी को नोटिस जारी कर भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई। 26 फरवरी को प्रदर्शन पर आश्वासन मिला लेकिन नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया।

## तीन जोन में सफाई का टेंडर चार को खुलेगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के तीन जोन में सफाई का टेंडर चार जुलाई को खुलेगा। इसमें चार कंपनियों ने रुचि दिखाई है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि तीन जोन में सड़क और नाली सफाई के लिए नगर निगम 6.5 करोड़ रुपये प्रतिमाह देगा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से लेकर डम्पिंग यार्डों तक कूड़ा पहुंचाने के लिए अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी।

ईकोग्रीन कंपनी को हटाने के बाद नगर निगम ने सभी आठ जोन के लिए तीन पैकेज बनाकर टेंडर निकाला था।

दो पैकेज के टेंडर में जोन एक, तीन, चार, छह और जोन सात में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सड़क और नाली सफाई से लेकर कूड़ा शिवरी प्लांट तक पहुंचाने का काम हैदराबाद की कंपनी को मिला था। तीसरे पैकेज का टेंडर नगर निगम ने बिना खोले निरस्त कर दिया था। कंपनी ने फिलहाल सभी पांच जोन में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का काम शुरू कर दिया है।

नगर निगम ने चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद इस महीने जोन दो, पांच और आठ में सफाई के लिए टेंडर निकाला है।

# लखनऊ जंक्शन पाटलीपुत्र सहित 50 ट्रेनें निरस्त

## गोंडा-बुढ़वल तीसरी लाइन पर इंटरलॉकिंग, नॉन इंटरलॉकिंग के चलते लिया गया निर्णय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः गोंडा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण कार्य के तहत गोंडा कचहरी-मैजापुर-करनैलगंज स्टेशनों के प्री नॉन इंटरलॉकिंग, नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य होगा। इससे लखनऊ जंक्शन-पाटलीपुत्र एक्सप्रेस सहित 52 ट्रेनें निरस्त रहेंगी। कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन के अलावा रि-शिड्यूलिंग, नियंत्रण, शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन एवं अस्थायी ठहराव दिया गया है।

आनन्द विहार टर्मिनल से 26, 29 जून, 01 एवं 03 जुलाई को चलने वाली ट्रेन नंबर 14010 आनन्द विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रोजा-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। इसी तरह 28 जून को ट्रेन नंबर 04003 सीतामढ़ी-नई दिल्ली स्पेशल मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-रोजा के रास्ते, 30 जून एवं 03 जुलाई को ट्रेन नंबर 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं. - शाहगंज - जौनपुर-वाराणसी जं.-औंड़िहार-छपरा के रास्ते, 01 जुलाई को ट्रेन नंबर 15903 डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस छपरा-औंड़िहार-वाराणसी जं.-जौनपुर-शाहगंज-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, 28 जून, 01, 02 एवं 04 जुलाई ट्रेन नंबर 15065 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस गोरखपुर-बस्ती-मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, पनवेल से 03 जुलाई को ट्रेन नंबर 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर-बस्ती-गोरखपुर के रास्ते, 28 जून एवं 01, 02, 03, 04 जुलाई को ट्रेन नंबर 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, 01 से 03 जुलाई को ट्रेन नंबर 02564 नई दिल्ली-बरौनी स्पेशल बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते, 28 जून एवं 01, 02, 03, 04 जुलाई को 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैण्ट-बाराबंकी के रास्ते, 01 से 04 जुलाई, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते, 01 से 04 जुलाई को ट्रेन नंबर12553 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, 1 से 04 जुलाई को ट्रेन नंबर 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते, 01 से 04 जुलाई तक चलने वाली ट्रेन नंबर 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, 1 से 03 जुलाई को ट्रेन नंबर 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते, 01 से 03 जुलाई को ट्रेन नंबर 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते, 01 से 03 जुलाई को 11224 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, 01 जुलाई को ट्रेन नंबर12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते 03 जुलाई को 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस बाराबंकी-अयोध्या कैण्ट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते, 01 जुलाई को ट्रेन नंबर 12521 बरौनी-एनार्कूलम एक्सप्रेस मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, 03 जुलाई को ट्रेन नंबर 15067 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर-बस्ती-मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, 28 जून को 12511 गोरखपुर-कोचुवेली एक्सप्रेस मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी।

### इन ट्रेनों को किया गया निरस्त

- लखनऊ जं. से 01, 02 एवं 03 जुलाई को चलने वाली 12530 व 12529 लखनऊ जं.–पाटलीपुत्र एक्सप्रेस
- 01 से 04 जुलाई ट्रेन नंबर 12531 व 12532 गोरखपुर–लखनऊ जं. एक्सप्रेस
- छपरा कचहरी से 30 जून से 04 जुलाई ट्रेन नंबर 15114 छपरा कचहरी–गोमती नगर एक्सप्रेस,
- 01 जुलाई से 05 जुलाई तक ट्रेन नंबर 15113 गोमती नगर–छपरा कचहरी एक्सप्रेस
- 28 जून एवं 01 जुलाई से 03 जुलाई ट्रेन नंबर 22531 व 22532 छपरा–मथुरा जं. एक्सप्रेस,
- 27 जून से 04 जुलाई तक ट्रेन नंबर 15081 व 15082 नकहा जंगल–गोमती नगर एक्सप्रेस
- 01 से 03 जुलाई तक ट्रेन नंबर 15070 ऐशबाग–गोरखपुर एक्सप्रेस
- 02 से 04 जुलाई तक ट्रेन नंरब 15069 गोरखपुर–ऐशबाग एक्सप्रेस
- ग्वालियर से 03 जुलाई ट्रेन नंबर 22199 ग्वालियर–बलरामपुर एक्सप्रेस
- बलरामपुर से 04 जुलाई ट्रेन नंबर 22200 बलरामपुर–ग्वालियर एक्सप्रेस
- 02 जुलाई ट्रेन नंबर 12597 गोरखपुर–छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस
- 03 जुलाई ट्रेन नंबर 12598 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस–गोरखपुर एक्सप्रेस

### एडीआरएम ने किया संरक्षा ऑडिट निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी ने गुरुवार को मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ लोहता एवं चौखंडी रेलवे स्टेशनों का संरक्षा ऑडिट निरीक्षण किया। प्लेटफॉर्म एवं परिसर की संरक्षा व्यवस्था को परखा। उन्होंने स्टेशनों पर स्थित स्टेशन मास्टर कार्यालय, प्लेटफार्म, आग बुझाने के संयंत्र, पॉवर केबिन, रिले रूम, संरक्षा सम्बन्धी कार्यप्रणाली, संरक्षा अभिलेखों की उपलब्धता एवं इनका रखरखाव, कर्मचारियों के संरक्षा संबंधी ज्ञान, इस विषय में बरती जाने वाली सावधानियों का विस्ततृ रूप से देखा। इस दौरान उन्होंने संरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए संरक्षा कोटि से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस विषय में समस्त नियमों का पूर्णतया पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

### शार्ट टमिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन

01 जुलाई ट्रेन को नंबर 09111 वडोदरा–गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मानक नगर–ऐशबाग–गोमती नगर के रास्ते चलाई जायेगी। यह ट्रेन गोरखपुर के स्थान पर गोमती नगर स्टेशन में शार्ट टर्मिनेट होगी। यह ट्रेन ऐशबाग 18 .15 बजे पहुंचकर 18 .25 बजे छूटेगी और गोमती नगर 19 .10 बजे पहुंचेगी। लखनऊ (उत्तर रेलवे)–गोरखपुर के मध्य यह ट्रेन निरस्त रहेगी। 03 जुलाई को ट्रेन नंबर 09112 गोरखपुर–वडोदरा एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर गोमती नगर स्टेशन से चलाई जायेगी। यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोमती नगर–ऐशबाग–मानक नगर के रास्ते चलाई जायेगी। यह ट्रेन गोमती नगर से 09 .30 बजे रवाना होगी। ऐशबाग 10 .15 बजे पहुंचकर 10 .25 बजे छूटेगी। गोरखपुर–लखनऊ (उत्तर रेलवे) के मध्य यह ट्रेन निरस्त रहेगी।

### पुनर्निधारण और नियंत्रण

28, 30 जून, 01, 02, 04 जुलाई को 15065 गोरखपुर–पनवेल एक्सप्रेस गोरखपुर से 120 मिनट, 03 जुलाई को ट्रेन नंबर 15068 गोरखपुर–बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर से 120 मिनट, 3 जुलाई, ट्रेन नंबर 15707 कटिहार–अमृतसर एक्सप्रेस कटिहार से 165 मिनट, 3 जुलाई को ट्रेन नंबर 15653 गुवाहाटी–जम्मूतवी एक्सप्रेस गुवाहाटी से 165 मिनट पुनर्निधारण की जाएगी। वहीं 3 जुलाई को15652 जम्मूतवी–गुवाहाटी एक्सप्रेस जम्मूतवी से 75 मिनट, 27 से 30 जून को ट्रेन नंबर15707 कटिहार–अमृतसर एक्सप्रेस मार्ग में 55 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

## कई मोहल्लों में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** केबल तार, जर्जर खंभे और खराब कंडक्टरों को बदलने के कार्य के चलते आज सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। इससे 2 लाख की आबादी प्रभावित होगी।

राजधानी के फैजुल्लागंज, विकासनगर, अहिबरनपुर डालीगंज, जानकीपुरम और अपट्रान के कई इलाकों तार, खंभे व खराब कंडक्टरों को बदलने का काम होगा। फैजुल्लागंज मे नई एबीसी सर्किट खीचने के चलते लक्ष्मीनगर, कृष्णलोक, संतकबीर नगर और उसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। डालीगंज के गोयल उपकेंद्र के वर्कशॉप पर 400 केवीए के तारों का बदला जायेगा। आसपास के क्षेत्र की सप्लाई 10 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। साई मंदिर, कमला नेहरू और उसके आसपास की विद्युत सप्लाई खराब कंडक्टर को बदलकर एबी केबल को लगाने कारण प्रभावित रहेगी। डालीगंज के पक्का पुल फीडर के मशालची टोला में 400केवीए और गुलजार शाह मजार 250 केवीए डीटीआर पर कार्य किया जायेगा। इससे आसपास के क्षेत्रों की बिजली सप्लाई सुबह 10 से 4 बजें तक बाधित रहेगी। जानकीपुरम विस्तार के अंतर्गत सुल्तानपुर वृद्धा आश्रम के पास और सेक्टर आई जानकीपुरम के अंतर्गत अलीशा नगर में कार्य होने के कारण इन क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) हेतु ई–निविदा**

**(यह निविदा सूचना नौकरी के लिए नही है)**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०) पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से लखनऊ मण्डल के **"NSG-5" & "NSG-6"** कटेगरी के निम्नलिखित 04 स्टेशनों पर कमीशन के आधार पर UTS टिकट प्रणाली दाग अनारक्षित टिकट वितरण हेतु स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र0 सं0:** 1. **कटेगरी:** NSG-6 **निविदा सं0:** 09-2024 **स्टेशन:** गोला गोकरननाथ (काउन्टर–2) **क्र0 सं0:** 2. **कटेगरी:** NSG-6 **निविदा सं0:** 10-2024 **स्टेशन:** टिकरी **क्र0 सं0:** 3. **कटेगरी:** NSG-6 **निविदा सं0:** 11-2024 **स्टेशन:** लखपतनगर **क्र0 सं0:** 4. **कटेगरी:** NSG-6 **निविदा सं0:** 12-2024 **स्टेशन:** झिलाही • बेवसाईट पर ई–निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय दि०–26.07.2024 को 15:00 बजे तक है। यह ई–निविदा दि०–26.07.2024 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक–26.07.2024 को अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। • इस निविदा हेतु मैनुअल माध्यम से कोई निविदा/आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई निविदा प्राप्त होती है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • टेण्डर फॉर्म का मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी की राशि का भुगतान केवल IREPS पॉर्टल पर उपलब्ध माध्यम ऑनलाईन पेमेण्ट विधि (नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि) के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर्स बैंक एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एंव निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in (E tendering module)** पर उपलब्ध है।

मण्डल रेल प्रबन्धक(वाणिज्य) लखनऊ

मुजाधि/वा0–69

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें




मोहनलालगंज स्थित वेयरहाउस में ईवीएम व वीवीपैट कक्ष का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# 24 कमरों में ईवीएम व वीवीपैट डबल लॉक से सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज बृजेश वर्मा ने बताया कि ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस के 24 कमरों में डबल लॉक से सील किए गए हैं। परिसर के निरीक्षण में जिलाधिकारी को साफ-सफाई मिली। वेयरहाउस में लगे अग्निशमन उपकरण चालू हालत में मिले। उन्होंने वेयरहाउस परिसर और बाउंड्रीवाल के चारों तरफ पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में भारतीय जनता पाटी से चक्रवीर सिंह एवं समाजवादी पार्टी से एडवोकेट राम लखन यादव तथा अपर जिलाधिकारी भू-अध्याप्ति प्रथम धर्मेंद्र सिंह, बृजेश वर्मा उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज एवं प्रभारी अधिकारी ईवीएम व वीवीपैट, शशांक उपाध्याय तहसीलदार मोहनलालगंज, अभय किशोर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्य अभियंता ने मीटर स्टॉक का लिया ब्योरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने गुरुवार बीकेटी और जीवीआरए उपकेंद्र का दौरा किया। उन्होंने दोपहर बाद बीकेटी और जीवीआरए उपकेंद्र पहुंचकर मीटरों के स्टॉक, बकाये बिलों की वसूली के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में ब्योरा लिया। इसके साथ ही नियमित मीटर रीड़िग और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ क्षेत्र में अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया है। मानसून में क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सके इसके लिए केबल तार, जर्जर हो चुके खंभे को बदलने के साथ ही फीडर की नियमित मेंटेनेंस करने का आदेश दिया है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56235627A | Energy cum Speed Monitoring unit (ESMON) for 25KV AC EMU and MEMU (with signal cable length 8.5 meter) as per RDSO specification No: RDSO/SPEC/EMU/0032 - 2002 (Rev 0) with amendment 1, 2 & 3 or latest. | 18 नग | 23.07.2024 |

**निविदा शर्तें** 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2024
ईमेल पता - dycmmcb15@gmail.com
1929/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आंगनबाड़ी समायोजन की पत्रावली निदेशालय भेजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समायोजन की जांच के लिए पत्रावली बाल एवं विकास पुष्टाहार निदेशालय भेजी गई हैं। इस आधार पर निदेशालय पर बनी टीम मनमानी के आरोप की जांच करेगी।

इस वर्ष मार्च में बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा 39 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समायोजन करने के प्रस्ताव लिए गए थे। कमेटी की संस्तुति पर 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का समायोजन किया गया। इनमें शादी होने पर दूसरी जगह समायोजित करना व चार परस्पर समायोजन शामिल हैं। 14 प्रस्ताव नियमविरुद्ध होने पर निरस्त किए गए। समायोजन की प्रक्रिया जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार और संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा की गई। इनके खिलाफ मनमानी की शिकायत पर बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने जांच के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में जांच के लिए निदेशक सरनीत कौर ब्रोका द्वारा मांगी गईं समायोजन की पत्रावली आख्या समेत जिला कार्यक्रम अधिकारी ने उपलब्ध करा दी है। उन्होंने बताया कि समायोजन नियमों का पालन करते हुए किया है। कहीं पर गड़बड़ी नहीं है। साक्ष्य उपलब्ध करा दिए हैं।


**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांकः– 226/ई0ई0–6/एल0जे0एस0 2024–25 दिनांकः 27/06/2024

**अल्प कालीन निविदा–सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 04/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 04/07/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying of P.V.C. pipe line 90 mm Dia 160 mtr from Maa Ambey Jweller's to Smt Gayatri Devi's House, Sumaiya Biahar Saripura near Bhiyyan Devi Tample, Saadatganj Ward, Lko | 4000.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–6
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ



**सूचना**

मैं राजा देवी पत्नी अतर सिंह, ग्राम–मिहौना, पोस्ट–दौलतपुर, जालौन, उ.प्र., मेरे पुत्र दशरथ सिंह आर्मी नं.–4200501 एच, सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम राजेश्वरी, जन्मतिथि 27.01.1955 दर्ज है, जोकि गलत है। मेरे पुत्र के रिकॉर्ड में मेरा सही नाम राजा देवी जन्मतिथि 01.01.1948 दर्ज किया जाये।

**सूचना**

मैं किरन पत्नी प्रकाश सिंह, नि.– नायकगोठ, टनकपुर, चम्पावत, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र अभिषेक सिंह आर्मी नं.–4213937एम, के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम किरन देवी दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम किरन है। मेरे पुत्र के रिकॉर्ड में मेरा सही नाम किरन दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पिता द्वारा करायी गई LIC पालिसी सं0 214963958 में मेरा नाम अनुज सिंह एवं जन्मतिथि 18.08.2001 अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र व पहचान प्रमाण पत्र पर मेरा नाम सुशील सिंह पुत्र राम सिंह एवं जन्मतिथि 12.09. 2002 अंकित है जो सही है। **सुशील सिंह उर्फ अनुज सिंह पुत्र राम सिंह नि0 ग्राम रामपुर पो0 रजाफत्तेपुर, जिला अमेठी।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै चन्द्रकुमार पुत्र स्व0 गणेश प्रसाद ग्राम–ओनई पोस्ट व थाना गुरुबक्शगंज जनपद–रायबरेली का मूल निवासी हूँ। मेरे द्वारा वर्ष 2020 में गाटा संख्या 691 से जरिये बैनामा खरीदी गई 396 स्क्वायर फुट भूमि के मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गये है। काफी खोजबीन की परन्तु कुछ पता नही चल सका है।

**गुमशुदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भाई अवधेश सिंह मूकबधिर तथा पीठ पर कूबड़ है। आयु– लगभग 40 वर्ष, लम्बाई– 5 फीट, शरीर दुबला–पतला एवं रंग हल्का सांवला है। दिनांक 11.04.2024 को घर से सांकेतिक भाषा में इशारा करके बता गये थे कि अपनी बहन के यहाँ जा रहा हूँ। लेकिन वहाँ न जाकर कहीं लापता हो गये। सभी रिश्तेदारों व मिलने वालो के घर खोज बीन करने पर भी सुराग नहीं मिला। मैंने उक्त घटना की गुमशुदी सूचना थाना उचौलिया में दर्ज करा दी है।

जदुबीर सिंह पुत्र नत्थू सिंह
नि0ग्राम बेहडा थाना उचौलिया– खीरी
मो0 : 9559183887



**आर्यावर्त बैंक**

प्रधान कार्यालय, A–2/46, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0)–226010
दूरभाष : 7388800788, 7388800600, ई–मेल : ho.ans@aryavartbank-rrb.com

**विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत फर्मो/विक्रेताओं का इम्पैन्लमेंट**

आर्यावर्त बैंक, इंटीरियर फर्निशिंग/सिविल/इलेक्ट्रिकल/लैन/सीसीटीवी सिस्टम/अलार्म सिस्टम अग्निशामक यंत्र/एयर कंडीशनिंग और कंसल्टेंट्स (आर्किटेक्ट्स) के लिए फर्मो/विक्रेताओं के इम्पैन्लमेंट हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदन पत्र अन्य सभी विवरण सहित हमारी वेबसाइट : www.aryavart-rrb.com पर Tender/Notice Section के अंतर्गत उपलब्ध हैं तथा दिनांक 27.06.2024 से डाउनलोड किया जा सकता हैं। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी /सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18.07.2024 दोपहर 02.00 बजे तक है। अपेक्षित शुल्क के बिना या अधूरे / हस्ताक्षर रहित आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

दिनांकः 27.06.2024 महाप्रबंधक



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम सुधीर कुमार प्रभुदयाल यादव था से बदलकर सुधीर कुमार यादव रख लिया है। अब मुझे सुधीर कुमार यादव के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o प्रभुदयाल यादव, पता– ग्राम पहाड़ी खेड़ा, पोस्ट रायपुर, जिला– उन्नाव– 209801**

**सूचना**

विकास खण्ड बाजार शुकुल जनपद अमेठी की न्याय पंचायत संसारपुर की समस्त ग्राम पंचायत के मछुआ समुदाय के सदस्यों एवं जन प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.07. 2024 को 11 बजे दिन में बाबा बृह्मदेव स्थान संसारपुर में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के संगठन की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति होकर बैठक को सफल बनाए। **अमरजीत ग्राम– पूरे गोड़ियन, संसारपुर, जनपद अमेठी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र हरदीप सिंह पुत्र हर मोहन सिंह निवासी 109/306 सी–2 राम कृष्ण नगर कानपुर नगर के अनैतिक असामाजिक कृत्यों से तंग आकर अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ एवं मैं अपने पुत्र हरदीप सिंह व उसकी पत्नी साक्षी से सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य या कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **हर मोहन सिंह पुत्र स्व0 निर्मल सिंह निवासी म0नं0 109/306 सी–2 राम कृष्ण नगर कानपुर नगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र असलम और उसकी पत्नी सुभाषिनी के प्रेम विवाह सहित उसके परिवार के खराब चाल चलन एवं आये दिन हमें धमकी देने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा असलम व उसके परिवार से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **सत्तार अली पुत्र नजीर अहमद निवासी ग्राम इलसिया ग्रंट थाना रामकोट तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि अशोक कुमार पुत्र कन्हैया लाल के ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम बेचू लाल त्रुटिवश दर्ज हो गया है जो कि गलत है। ड्राइविंग लाइसेंस संख्या यूपी 40, 20140006872 है। यह 10 अक्टूबर 2014 को जारी किया गया था जिसकी अवधि 9 अक्टूबर 2034 है। अशोक कुमार अपने डीएल में पिता का नाम कन्हैयालाल दर्ज करवाना चाहते हैं। **अशोक कुमार पुत्र कन्हैयालाल निवासी सर्राकला तहसील, मिहीपुरवा, बहराइच।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है करिश्मा पुत्री हरीराम बाल्मीकी निवासी– हनुमानगढ़ी भिन्गा श्रावस्ती का सावधि जमा एस0बी0आई0– नानपारा खाता संख्या– 0129205134000 में करिश्मा U.G रीना के नाम से है करिश्मा U.G रीना का नाम अब आधारकार्ड मे कोमल बाल्मीकी हो गया है दोनो नाम एक ही व्यक्ति व महिला के है। (डी0के0 श्रीवास्तव) नानपारा, बहराइच

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना


आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि0मी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
- मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.
Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## एक नजर

### रोजगार मेले में 24 अभ्यर्थियों का चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लालबाग स्थित सेवायोजन कार्यालय के परिसर में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव, लोन ऑफिसर और रिसेप्शनिस्ट पद पर 24 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में 74 अभ्यर्थी शामिल हुए। सहायक निदेशक एवं प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने नियोजक एवं अभ्यर्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़कर 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को सफल बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है।

### टैबलेट और स्मार्टफोन जल्द बांटने का निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट/स्मार्टफोन की मैपिंग एवं डिस्ट्रिब्यूशन को जल्द कराने का निर्देश दिया गया है। कुलसचिव रीना सिंह ने सभी संस्थानों को पत्र जारी इस संबंध में निर्देशित किया है। पत्र में कहा गया है कि छात्रों को टैबलेट और स्मार्टफोन को बांटने के साथ ही पोर्टल पर अपलोड किया जाए। साथ ही बचे हुए उपकरणों को वापस किया जाए।

# 1 जुलाई से शुरू होगा 1.22 करोड़ किताबों का वितरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक और दो के करीब 45 लाख से अधिक बच्चे इस बार एनसीईआरटी की किताबें पढ़ सकेंगे। 1.22 करोड़ की कीताबें जिलों में वितरण के लिए भेजी जाएंगी। करीब 60 फीसदी किताबें विद्यालयों में भेजी जा चुकी है।

ये किताबें नामांकन संख्या के आधार पर बच्चों को मुहैया कराई जाएंगी। विभाग ने किताबों की छपाई के लिए प्रकाशकों को वर्क आर्डर 22 मई को भेजा था। इसमें अभी तक छपी किताबों की सप्लाई की जा रही है बाकी बची किताबें भी जल्द ही जिलों में भेज दी जायेंगी। पहली बार कक्षा एक व दो में एनसीईआरटी की किताबों से बच्चों को पढ़ाया जायेगा।

**इन किताबों का होगा वितरण :** कक्षा एक में कलरव के स्थान पर हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषय की अलग-अलग किताबें बच्चों को उपलब्ध कराई जाएंगी। नई पुस्तकों के साथ कार्य पुस्तिका भी बच्चों को उपलब्ध कराई जाएगी। कार्य पुस्तिका से बच्चे अभ्यास कर विषय को जल्दी और अच्छी तरह से सीख सकेंगे।

> कक्षा एक और दो की किताबें 1 जुलाई से बच्चों को मिलना शुरू हो जायेंगी। इस बार एनसीईआरटी की किताबें दी जानी है। विद्यालयों में नामांकन संख्या के आधार पर किताबों के सेट दिए जाएंगे।
> –माधव तिवारी, पाठ्य पुस्तक अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग

**कक्षा 3 से 8 तक छूटे बच्चों को भी मिलेंगी किताबें :** कक्षा 3 से लेकर 8 तक का बच्चा अगर किताबों से वंचित रह गया है तो उसके लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। इस संबंध में उच्च अधिकारियों का कहना है कि पूरी किताबों की सप्लाई जिलों में भेजी जा चुकी है। फिर भी किसी बच्चे को यदि किताब नहीं मिली है तो 1 जुलाई को स्कूल खुलते ही उपलब्ध कराया जाएगा।

# किसी भी विद्यालय में प्रॉक्सी शिक्षक मिला तो खैर नहीं

## शिक्षा महानिदेशक ने जारी की 32 बिंदुओं की गाइडलाइन, बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजा गया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालय में प्रॉक्सी शिक्षकों (तैनात शिक्षक की जगह पर) की तैनाती मिली तो जिम्मेदार मूल अध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बिना अवकाश स्वीकृति के कोई शिक्षक अनुपस्थित मिला तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए उसका विवरण सर्विस बुक पर चढ़ाया जाएगा।

शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से गुरुवार को 32 बिंदुओं की गाइडलाइन जारी की गई है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि विद्यालय अवधि में किसी भी विभाग से संबंधित हाउस होल्ड सर्वे शिक्षक नहीं करेंगे। यदि किसी शिक्षक की ड्यूटी लगती है तो वह विद्यालय अवधि के बाद कार्य करेंगे। इसके अलावा रैली व विशेष कार्यक्रम के कारण संबंधित विद्यालय के अतिरिक्त अन्य विद्यालय को प्रभावित नहीं किया जायेगा। बता दें कि कक्षा 1 से 8 तक प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में पढ़ाई 1 जुलाई से शुरू होगी।



> विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में जो दिशा-निर्देश दिए गए है, उसका शिक्षकों को पालन करना होगा।
> –कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

**पाठ्यक्रम समय पर पूरा होना जरूरी :** विद्यालय में शिक्षण कार्य को सुचारू रूप से संचालित कराने एवं निर्धारित पाठ्यक्रम को समय से पूर्ण कराने का दायित्व प्रधानाध्यापक व शिक्षक का होगा। इस दौरान प्रधानाध्यापक स्वयं को सम्मिलित करते हुए विद्यालय में उपलब्ध शिक्षकों की संख्या के आधार पर कक्षावार विभाजन करेगा। इसके साथ ही प्रधानाध्यापक की ओर से पाठ्यक्रम विभाजन के अनुसार समय से पठन-पाठन कराना होगा।

**बच्चों की होगी काउंसिलिंग :** बच्चों को समाचार पत्र-पत्रिकाएं पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही सम-सामयिकी, सामान्य ज्ञान भी बताया जाएगा। बच्चों को आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं कम्यूनिकेशन के विविध आयाम जैसे- इंटरनेट, ईमेल, कम्प्यूटर के साथ उनके अंदर वैज्ञानिक व नवाचारी मनोवृत्ति का विकास करना होगा।

**शिक्षण अवधि में इन कार्यों पर प्रतिबंध :** शिक्षक विद्यालय से संबंधित विभिन्न कार्यों जैसे, पासबुक में एंट्री, अपडेशन, ग्राम प्रधान से वार्ता, चेक पर हस्ताक्षर, एमडीएम संबंधी, आवश्यकताओं एवं समन्वय के लिए शिक्षण अवधि में विद्यालय परिसर से बाहर नहीं जाएंगे। यदि कार्यों के कारण निरीक्षण अथवा सपोर्टिव सुपरविजन में कोई शिक्षक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाया जाता है तो उस दिन की वेतन कटौती की जाएगी।

### ▸▸ 15 मिनट पूर्व होगी प्रार्थना सभा, देनी होगी फोटो

विद्यालय खुलने के समय से 15 मिनट पूर्व विद्यालय में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसकी फोटो खंड शिक्षा अधिकारी को भेजनी होगी। प्रतिदिन पहले से निर्धारित प्रार्थनाएं ही कराई जाएंगी। राष्ट्रगान के अलावा 5 से 7 मिनट का ध्यान (मेडिटेशन) अनिवार्य रूप से कराना होगा। इस मौके पर सभी शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। एक कक्षा में 40 मिनट की पढ़ाई अनिवार्य है।

### ▸▸ पहली बार प्रधानाध्यापक शिक्षकों को दे सकेंगे नोटिस

विद्यालय में यदि कोई शिक्षक-शिक्षिका विलंब से आते है या बिना सूचना अनुपस्थित रहते या उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बनाकर विद्यालय से अनुपस्थित हो जाते है, उन्हें प्रधानाध्यापक नोटिस दे सकेंगे। बिना सूचना के अनुपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपस्थिति पंजिका पर अनुपस्थित अंकित किया जाएगा। नोटिस का एक अवसर दिए जाने के बावजूद भी यदि शिक्षक-शिक्षिकाएं समय से विद्यालय में उपस्थित नहीं होते है और अपने आचरण में सकारात्मक बदलाव नहीं लाते है तो संबंधित शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।

### ▸▸ ये सभी कार्य करने होंगे ऑनलाइन

किसी भी प्रकार की बैठक में शामिल होना, सभी प्रकार की पंजिकाओं यथा-शिक्षक डायरी, उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका, एमडीएम पंजिका, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण पंजिका, स्टॉक पंजिका, आय-व्यय पंजिका, चेक इश्यू पंजिका (बजटवार), बैठक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, पत्र व्यवहार पंजिका, बाल गणना पंजिका और पुस्तकालय व खेलकूद पंजिकाओं का रख-रखाव का कार्य प्रधानाध्यापक व शिक्षक मिलकर करेंगे। लेकिन ये कार्य शिक्षण कार्य के बाद ही करने होंगे। इसके साथ ही शिक्षक संगठनों की ओर से आयोजित किसी गतिविधि में विद्यालय अवधि में प्रतिभाग नहीं करेंगे।

# दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे सीजेआई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह 13 जुलाई को आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई चंद्रचूड़ मुख्य अतिथि होंगे।

गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने प्रधान न्यायाधीश से भेंट कर दीक्षांत समारोह में आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान समारोह से संबंधित तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दीक्षांत समारोह में बीए एलएलबी, एलएलएम और पीएचडी कार्यक्रमों के दो हजार से अधिक विद्यार्थियों को उनकी डिग्रियां मंच से दी जाएगी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कुल 132 पदक, जिनमें 70 स्वर्ण पदक शामिल हैं, प्रदान किए जाएंगे।


सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ को निमंत्रण पत्र देते कुलपति।

बता दें कि विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह 2013 व द्वितीय 2015 में हुआ था। अब तीसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा, जब छात्रों को डिग्री व मेडल मंच से मिलेंगे।

## केकेसी में शुरू होंगे कई नए पाठ्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) आगामी सत्र 2024-25 से स्नातक व परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रम शुरू करेगा। जिसमें पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए एलएलबी, बीसीए, एमएससी जूलॉजी, बीए भूगोल और मनोविज्ञान विषय के पाठ्यकम की शुरूआत होगी। यूनिसेफ की मदद से मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

करियर परामर्श केन्द्र और उद्यमिता प्रबंधन केन्द्र के जरिए छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार से जुड़ी सलाह और ट्रेनिंग भी दी जाएगी। केकेसी के प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने प्रेस कान्फ्रेंस में दी है। प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने कहा कि अब पाठ्यक्रमों में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को और बढ़ाया जाएगा।

# बीटेक छात्रों के लिए संशोधित पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईईटी) ने एप्लाइड साइंसेज और ह्यूमैनिटीज विभाग में प्रथम वर्ष के बीटेक छात्रों के लिए एक संशोधित पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है।

शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के संशोधित पाठ्यक्रम में पेश किए गए प्रमुख परिवर्तन छात्रों को विभिन्न शाखाओं के बीच बदलाव करने का अवसर मिलेगा। आने वाले शैक्षिक सत्र में कृत्रिम मूल्य सद्भाव और नैतिक मानव आचरण और सांस्कतिक भाषा को समझना जैसे कई नए और उन्नत पाठ्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं। इसमें कंप्यूटर विज्ञान में वेब प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग की शाखा, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार शाखा इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत और मापन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा में हाउस वायरिंग, सिविल इंजीनियरिंग शाखा में निर्माण सामग्री और निर्माण और मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा में मेक्ट्रोनिक्स के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांत विभाग पाठ्यक्रम शामिल है।

▸▸ छात्रों को पारंपरिक व उभरते इंजीनियरिंग क्षेत्रों दोनों में मिलेगी एक मजबूत नींव

इन नए पाठ्यक्रमों को लागू करने से प्रथम वर्ष के बीटेक के छात्रों को पारंपरिक और उभरते इंजीनियरिंग क्षेत्रों दोनों में एक मजबूत नींव मिलेगी, जो छात्रों को उनके भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करेंगे।

## सितुबोंदो और लविवि के बीच हुआ समझौता

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय अब्दुरचमन सालेह सितुबोंदो के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया है। इस ज्ञापन का उद्देश्य अलग-अलग शैक्षणिक क्षेत्रों में अभिनव गतिविधियों के सहयोग और साझेदारी विकसित करना है। समझौते के तहत, दोनों पक्षों ने संयुक्त शोध गतिविधियों, प्रकाशनों और जर्नल प्रबंधन के कार्यान्वयन पर सहमति व्यक्त की। वे संयुक्त प्रकाशन, सेमिनार, सम्मेलन, अकादमिक बैठकें और संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि हम अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ शोधों को साझा करने के लिए तैयार हैं। इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय के साथ सहयोग ज्ञापन हमारे ज्ञान की सीमाओं के पार प्रसारित करेगा।

# पॉलीटेक्निक : 1400 संस्थानों में 2 लाख 28 सीटों पर होंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी व निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ओर से आयोजित हुई परीक्षा का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया गया।

इस बार परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी को राजकीय, अनुदानित, निजी और पीपीपी मॉडल पर संचालित लगभग 1400 पॉलीटेक्निक में 2 लाख 28 सीटों पर प्रवेश लेने का मौका मिलेगा। बता दें कि सफल परीक्षार्थियों की संख्या सीटों के सापेक्ष अधिक है ऐसे में सरकारी कॉलेजों के अलावा निजी कॉलेजों में भी सीटें आसानी से भर जाएंगी।



▸▸ सीटों के सापेक्ष अधिक हैं सफल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या

**इस बार प्रवेश प्रक्रिया में किया गया बदलाव :** इस बार प्रवेश प्रक्रिया में भी बदलाव किया गया है। अभी तक प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले प्रत्येक अभ्यर्थियों को सीटें ज्यादा होने की वजह से आसानी से प्रवेश मिल जाता था लेकिन नए सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया के तहत शून्य अंक वाले छात्र प्रवेश से वंचित होंगे।

# नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप आज से, नए नियम लागू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की देखरेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुक्रवार से 41वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप और 27वीं नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप शुरू होगी।

27वीं नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक पाने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी 23 से 27 नवंबर तक हांगकांग में होने वाली वर्ल्ड ताइक्वांडो पूम्से चैंपियनशिप के लिए किया जायेगा। इसके साथ वर्ल्ड ताइक्वांडों फेडरेशन के वर्ल्ड और एशियन ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए बनाए गए नए नियमों को भी 41वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लागू किया जाएंगा।

यह जानकारी ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव ग्रैंडमासटर डॉ. जिम्मी आर जगतियानी ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में दी। इस मौके पर ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष सुधीर हलवासिया भी मौजूद रहे।



प्रतियोगिता की जानकारी देते ग्रैंडमास्टर डॉ. जिम्मी आर जगतियानी व सुधीर हलवासिया।

▸▸ विभिन्न प्रदेशों के तकरीबन 700 खिलाड़ी होंगे शामिल

प्रतियोगिता के आयोजन समिति के चेयरमैन एमएलसी पवन सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे देश के 700 से अधिक खिलाड़ी और ऑफिशियल प्रतिभाग कर रहे हैं। विजेताओं को विधायक डॉ. नीरज बोरा 30 जून को सम्मानित करेंगे।

**अंकों के अंतर पर जीत :** दूसरे या तीसरे राउंड के बीच दोनो प्रतिद्वंदियों के बीच 20 प्वाइंट का अंतर हो जाने पर रेफरी फाइट रोक कर अंको के आधार पर ज्यादा अंक वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित कर देगा। लेकिन अंको के आधार पर अंतर से जीत का ये नियम प्रतियोगिता में सीनियर डिवीजन के सेमीफाइनल और फाइनल में लागू नहीं होगा। स्कोरिंग सिस्टम सेंसर स्कोर बोर्ड पर ये नियम कार्य करेगा।

### नए नियम

- ▸▸ ट्रंक रक्षक पर वैध पंच के लिए 1 अंक
- ▸▸ ट्रंक रक्षक पर वैध किक हमले के लिए 2 अंक
- ▸▸ ट्रंक रक्षक पर वैध टर्निंग किक के लिए 4 अंक
- ▸▸ सिर पर वैध किक के लिए 3 अंक
- ▸▸ सिर पर वैध टर्निंग किक के लिए 5 अंक
- ▸▸ प्रतिद्वंदी को दिए गए प्रत्येक "गैम-जिओम" (कटौती दंड) के लिए 1 अंक

# लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से

कार्यालय संवादददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन की देखरेख में जिला लखनऊ बैडमिंटन चैंपियनशिप गोमती नगर स्थित बीबीडी उप्र बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार से शुरू होगी। इस चैंपियनशिप में जिले भर के तकरीबन 350 खिलाड़ी शामिल होंगे। इनमें बालक-बालिकाएं, पुरूष और महिला वर्ग के मुकाबले खेले जायेंगे।

चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर लखनऊ बैडमिंटन टीम गठित की जायेगी। यह टीम प्रदेश स्तर पर होने वाले मुकाबले में हिस्सा लेगी। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी के अनुसार चैंपियनशिप में 11, 13, 15, 17 व 19 वर्ष के मुकाबलों के साथ पुरूष और महिला वर्ग की एकल, युगल, मिश्रित स्पर्धाएं खेली जायेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. सुधर्मा सिंह (सचिव, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ) करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अरूण कुमार कक्कड़ (उपाध्यक्ष, उप्र बैडमिंटन संघ) और आलोक सरन (एडवोकेट) मौजूद रहेंगे। विजेताओं को पुरस्कार वितरण 30 जून को विराज सागर दास (चैयरमेन, उप्र बैडमिंटन संघ) एवं डॉ. नवनीत सहगल, पूर्व आईएएस (अध्यक्ष, उप्र बैडमिंटन संघ, चैयरमेन प्रसार भारती, भारत सरकार) करेंगे।

▸▸ 30 विजेताओं को बांटे जाएंगे पुरस्कार

## सार-संक्षेप

### लविवि में सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में सफाई कर्मचारियों ने कर्मचारी परिषद के महामंत्री पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए गुरुवार को प्रदर्शन किया। लगभग आधा दर्जन सफाई कर्मचारियों ने परिसर में विरोध जताया। कर्मचारियों ने कुलपति को पत्र दिया, जिसमें उन्होंने सफाई कर्मचारियों पर अभद्र भाषा इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। इसकी शिकायत मुख्य कुलानुशासक से की गई है। वहीं, जबकि महामंत्री ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। समाज कार्य विभाग में नियत वेतन सफाई कर्मी राजेश कुमार ने कुलपति को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि बुधवार को वह अपने 11 माह के सेवा विस्तार में एक दिन के अंतराल विषय के संबंध में पत्र बनाने के लिए पत्रकारिता विभाग गए थे। वहां पर महामंत्री ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया।

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं 3 जुलाई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रों द्वारा छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा कराने की अनुमति दे दी है। विश्वविद्यालय परिसर तथा सहयुक्त महाविद्यालयों के बीए द्वितीय, चतुर्थ, छठे समेस्टर के छूटे हुए छात्र इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा का आयोज 3 जुलाई को प्रातः 8 बजे से किया जायेगा।

### विनय के धमाकेदार प्रदर्शन से जिज्ञासा क्लब की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच विनय सिंह (4 विकेट, 9 गेंद, 30 रन, 4 चौके, एक छक्का) के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत जिज्ञासा क्रिकेट क्लब ने प्रथम सूरज प्रसाद सचान क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में ट्रम्फ स्टारलेट्स क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से हरा दिया। सूर्या ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रम्फ स्टारलेट्स ने 30.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 133 रन बनाये। अशीबुल अली (44 रन) और अमन वर्मा के (43 रन) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सका। जिज्ञासा क्लब की ओर से विनय सिंह ने बेहतरीन गेंदबाज की। उन्होंने 7.2 ओवर में 2 मेडन मात्र 10 रन देकर 4 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। जवाब में जिज्ञासा क्लब ने 16 ओवर में 3 विकेट खोकर 134 रन बना लिए और जीत दर्ज की। रीतेश राय ने आतिशी बल्लेबाज की औरऔर 39 गेंदों में 10 चौके की सहायता से नाबाद 57 रन बनाए। विनय सिंह ने 9 गेंदों पर 30 रन बनाए।



मैन ऑफ द मैच विनय सिंह

### चौक स्ट्राइकर्स का जीत से आगाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक स्ट्राइकर्स ने किंग्स को 36 रन से हराते हुए पहली सीनियरटी-20 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। चौक स्टेडियम के प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए चौक स्ट्राइकर्स ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। आदर्श ने 96 और अमित ने 34 रन बनाए। जवाब में किंग्स की टीम 135 रन बनाकर आउट हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। स्ट्राइकर्स की ओर से लकी ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। आयोजन सचिव राहुल यादव ने बताया कि चौक के पार्षद अनुराग मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

# एनआर अकादमी को हराकर एलसीए फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एलसीए ने एनआर अकादमी को चार विकेट से हराते हुए मुन्नु दादा चने वाले मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली है।

एनआर अकादमी के 222 रन के लक्ष्य को एलसीए ने 22.5 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। कुड़ियाघाट ग्राउंड में खेले गए सेमीफाइनल में एनआर अकादमी की टीम 28.1 ओवर मे 221 रन बनाकर आउट हो गई। सुरजीत ने 78 और अरनव शुक्ला ने 22 रन का योगदान दिया। करन सोनी, लबीब रजा, आयुष पटेल को एक-एक विकेट मिला। जवाब में एलसीए ने 22.5 ओवर मे छह विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। रुद्रांश और इब्राहिम ने 47-47 रन बनाए, जबकि लरीब रजा ने 34 रन की पारी खेली। आर्यन को दो विकेट मिले। लरीब रजा को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ मैच का खिताब दिया गया।

▸▸ एलसीए ने 22.5 ओवर मे छह विकेट खोकर बनाए 222 रन

# अनन्या को मिली दोहरी स्वर्णिम सफलता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर के मॉडर्न अकादमी में स्थित एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के तरणताल में आयोजित हुई एसएनआई तैराकी प्रतियोगिता में तैराकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

आज हुई स्पर्धाओं में बालिकाओं में आरवी पाण्डेय, अविशी गुप्ता, तोशिता श्रीवास्तव और बालकों में लोकेश सिंह, दिव्यांश राय, काजी जीशान व अक्षय शर्मा अपने-अपने आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। अनन्या श्रीवास्तव ने व्यक्तिगत के साथ रिले में भी स्वर्ण पदक जीत दोहरी स्वर्णिम सफलता दर्ज की।


तैराकी प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में विजयी होने वाले तैराक। अमृत विचार

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रजनीश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मनीष शुक्ला सहित अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग खिलाड़ी गरिमा कपूर ने खिलाड़ियों को पदक वितरित किए। समारोह की अध्यक्षता केंद्र निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने की।

बालक रिले 100 मी. फ्री मिक्स में अभिषेक त्रिपाठी, राघव अरोरा, वेदांत तिवारी, अक्षय शर्मा की टीम पहले और लोकेश कुमार, शिवांश वर्मा, प्रणव सिंह व काजी जीशान की टीम दूसरे स्थान पर रही। 5 से 7 वर्ष बालिका 20 मी.फ्री में आरवी पाण्डेय पहले, गौरिसा वर्मा दूसरे व राघवी लिखी तीसरे स्थान पर रही। 8 से 10 वर्ष बालिका 50 मी.फ्री में अविशी गुप्ता पहले, अमायरा सिंह दूसरे व रायना बिष्ट तीसरे स्थान पर रही।12 से 15 वर्ष बालिका 50 मी. फ्री स्टाइल में अनन्या श्रीवास्तव पहले, शुभि तिवारी दूसरे व सृष्टि गुप्ता तीसरे स्थान पर रही।

## एक नजर

### घर से स्कूल के लिए निकला छात्र लापता

**अमृत विचार, आलमबाग** : आशियाना क्षेत्र में घर से स्कूल निकला छात्र लापता होने का मामला सामने आया। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि रजनीखण्ड, शारदानगर निवासी हामिद अली का पुत्र मो. जैद बुधवार सुबह करीब 6.11 बजे घर से क्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित स्कूल जाने की बात बोलकर घर से निकला था, लेकिन कुछ देर बाद स्कूल नहीं पहुंचने का मैसेज उनके मोबाइल पर आया। परिजनों ने बच्चे के दोस्तों से उसके बारे में पूछा लेकिन कहीं से कुछ पता नहीं चला। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू की है।

### पेंटिंग के दौरान दीवार से गिरकर युवक की मौत

**अमृत विचार, सरोजनी नगर** : बिल्डिंग की पेंटिंग के दौरान दीवार से गिरकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मूलत: बाराबंकी जिले के मझौनी निवासी अमित कुमार (21) सरोजनीनगर के रनियापुर स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला क्लब में रहकर मजदूरी करता था। बुधवार दोपहर पेंटिंग करते समय 12 फीट ऊंची दीवार से गिरकर गंभीर घायल हो गया। ठेकेदार वसीम ने उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल परिजनों ने कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### ससुरालवालों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी** : पारा क्षेत्र निवासी महिला ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए ससुरालवालों पर पारा थाने में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस के मुताबिक हंसखेड़ा निवासी कुमकुम ने पारा थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पति अनील सास कामता देवी, जेठ अवधेश यादव, जेठानी विनीता ये सभी लोग दहेज को लेकर आए दिन मारपीट करता रहता है और कहता है कि घर बन रहा है। घर में ईंट श्रीमेंट, मौरंग सहित अन्य सामान को घर के कार्य में ढोना पड़ेगा और नहीं तो घर में रहने नहीं देंगें। वह बच्चों के लिए दूध पिलाने के रुपए भी नहीं देता है। ससुरालवालों की प्रताड़ना व दहेज की मांग से तंग आकर विवाहिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से 85 लाख ठगने वाली गिरफ्तार

## गिरोह बनाकर प्रदेशभर में घूमी, दिया बीएचयू-नगर निगम में नौकरी का झांसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हजरतगंज पुलिस ने बेरोजगारों से नौकरी के नाम पर ठगी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया। महिला ने गिरोह बनाकर बीएचयू, नगर निगम में क्लर्क, हेड क्लर्क और चपरासी के पदों पर नौकरी दिलाने के नाम पर 85 लाख की ठगी की थी। गिरोह के सदस्य प्रदेश भर में घूम-घूम कर बेरोजगारों को झांसे में लेकर नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर फरार हो जाते थे।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह का कहना है कि 21 नवंबर 2023 को अंकित कुमार ने प्रार्थना पत्र दिया था। उससे व उसके दोस्तों से बहरियाबाद गाजीपुर निवासी श्याम कुंवर दुबे उर्फ गुरुजी ने सरकारी नौकरी के नाम पर रुपये लिए। बीएचयू, नगर निगम व संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में क्लर्क, हेड क्लर्क व चपरासी के पद खाली हैं। जहां जुगाड़ से नौकरी दिलवा सकते हैं। इसके लिये पैसे लगेंगे। बेरोजगार होने से युवक झांसे में आ गये। उन्होंने 85 लाख रुपए दे दिए। इसके बाद जालसाज लंबे समय तक टरकाते रहे। दबाव बनाने पर फर्जी ट्रेनिंग पत्र व नियुक्ति पत्र देकर फरार हो गए।

▸▸ हजरतगंज थाने में दर्ज थी गाजीपुर की महिला के खिलाफ एफआईआर

मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच की तो पता चला यह गिरोह राज्य के अलग-अलग शहरों में बेरोजगारों से ठगी करता है। इसमें गिरोह की सदस्य चिल्बिलिया बहरियाबाद गाजीपुर निवासी प्रेम कला (41) पत्नी नारायण कुशवाहा भी शामिल हैं। इसके आधार पर पुलिस ने गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम भी पता चले हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना की गई हैं। अभी तक 85 लाख रुपयों की ठगी का मामला सामने आया है। जांच के दौरान सामने आने वाले पीड़ितों की संख्या बढ़ने पर ठगी की रकम बढ़ सकती है।

### जालसाज ने ऐप डाउनलोड कराकर 1.49 लाख उड़ाए

**अमृत विचार, आलमबाग** : कृष्णानगर क्षेत्र में ग्रीन गैस बिल भुगतान के नाम पर जालसाज ने 1.49 लाख रुपये ठग लिये। पुलिस ने बताया कि एलडीए कॉलोनी निवासी शैलेन्द्र पांडये ने प्रार्थना पत्र दिया। उसने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पास अंजान नंबर से फोन आया। आरोपी ने अपना परिचय ग्रीन गैस कर्मचारी के रूप में दिया। गैस बिल भुगतान के नाम पर एक ऐप डाउनलोड कराया। इसके बाद खाते से 1.49 लाख रुपये ट्रांसफर हो गये। इंस्पेक्टर ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम टीम की मदद से जांच की जा रही है।

# फिजियोथेरेपिस्ट से छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर क्षेत्र में फिजियोथेरेपी के लिए कॉल पर गई युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने फिजियोथेरेपिस्ट को पीट दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर दीपक पांडेय के मुताबिक, मुरादाबाद निवासी युवती हजरतगंज में रह कर फिजियोथेरेपी करती है। बुधवार दोपहर युवती के पास गोमतीनगर एल्डिको ग्रीन निवासी अमित सक्सेना ने फिजियोथेरेपी के लिए कॉल की। दोपहर करीब 2.30 बजे युवती एल्डिको ग्रीन पहुंची।

पीड़िता का आरोप है कि फिजियोथेरेपी सेशन शुरू करते ही अमित आपत्तिजनक सवाल पूछने लगा। परेशान होकर युवती सेशन बंद कर जाने लगी। इस पर आरोपी ने मारपीट कर युवती का मोबाइल फोन छीन लिया। काफी झड़प के बाद आरोपी ने मोबाइल फोन वापस किया। इंस्पेक्टर ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### छेड़छाड़ के आरोपी को पीटकर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार, लखनऊ** : चौक क्षेत्र में ई-रिक्शे से मां के साथ जा रही युवती से शोहदे ने छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर पहुंचे राहगीरों ने शोहदे की पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय के मुताबिक, कैसरबाग निवासी युवती अपनी मां के साथ ई-रिक्शा से चौक गई थी। रास्ते में एक युवक भी ई-रिक्शे में बैठ गया। इस बीच युवती को गलत इशारे किए। बेटी के साथ छेड़छाड़ करते देख मां के विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। झगड़ा होते देख ड्राइवर ने ई-रिक्शा रोक कर युवक को पकड़ लिया। छेड़छाड़ की बात पता चलने पर ड्राइवर ने युवक को पीटना शुरू कर दिया। तब तक राहगीरों ने भी आरोपी को जमकर पीटा। इंस्पेक्टर ने बताया कि शोहदे की पहचान यहियागंज निवासी मुकेश पाल के तौर पर हुई है।

## घर में घुसकर युवतियों से की गाली-गलौज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा क्षेत्र में घर में घुसकर युवतियों से गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। अंबेडकर नगर निवासी रीतू गौतम ने बताया 24 जून की शाम वह बंथरा बाजार सामान लेने गई थी। इसी दौरान यहीं रहने वाले राहुल गौतम, बाबूलाल, दीपक और संदीप घर में घुसकर भतीजियों के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# हत्या में तीन को उम्रकैद, जुर्माना

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में लाठी-डंडों से पीट पीट कर हत्या करने के आरोपी मलिहाबाद थाने के मवई कला गाँव के रामविलास, रामस्वरूप और रमेश को अपर सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार बरनवाल ने उम्र कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही हर आरोपी पर 25- 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

▸▸ मलिहाबाद में नौ साल पहले जमीन के विवाद में हुई थी लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

सरकारी वकील ने अनुसार, कमलेश कुमार ने 4 जुलाई 2015 को मलिहाबाद थाने में दर्ज कराई थी, जिसमें उसके मौसा महबूब खेड़ा थाना मलिहाबाद में रहने वाले दुर्गा प्रसाद ने 8-10 महीने पहले अपनी जमीन उसकी मां के नाम की थी। इसी से उसके मौसा के चचेरे भाई रमेश, रामविलास, शंकर एवं रामस्वरूप रंजिश मानते थे। वारदात के दिन सुबह वादी के पिता टीकाराम मौसी-मौसा के साथ घर आ रहे थे, तभी चारों आरोपियों ने उन्हें लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीटा। गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर ले जाते वक्त टीकाराम ने दम तोड़ दिया। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फैसला सुनाते वक्त अदालत में जुर्माने की 80 फीसदी राशि मृतक के उत्तराधिकारी को देने के आदेश भी दिए।

# पारा में फिर दो बच्चों को अगवा करने की कोशिश

निज संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार:** पारा इलाके में बच्चा चोर गिरोह सक्रिय है। गुरुवार दोपहर को उर्मिला गेस्ट हाउस के पीछे रजा नगर कालोनी दोपहर 2 बजे दो युवक हेलमेट लगाए पहुंचे। वहां आरिफ अपने भाई के साथ खड़ा था। दोनों को बातों में उलझाकर बाइक पर बैठा लिया। बच्चों ने शोर मचाया तो पारा क्रासिंग के पास छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

पारा के रजानगर कालोनी से दो बच्चों को अगवा करने की कोशिश पहली बार नहीं हुई है। 24 जून को पारा क्षेत्र के सरोसा गांव में एकेडमी से जिमनास्टिक सीख कर वापस घर लौट रहे दो बच्चों के अपहरण की कोशिश की गई थी। गुरुवार को

▸▸ शोर मचाने पर क्रासिंग के पास छोड़कर भागे बाइक सवार



आगवा होने से बचे बच्चे। अमृत विचार

दोनों बच्चों के अपहरण की कोशिश का मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ।

गुरुवार को अपहरणकर्ताओं की चंगुल से मुक्त हुए बच्चे घर पहुंचे। परिजन को जानकारी दी। परिजन ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक पारा बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि अपहरण के कोशिश की सूचना नहीं मिली है। मामला सामने आता है तो एफआईआर दर्ज की जाएगी।



आग की सूचना पर पहुंची दमकल और दहशत में एकत्रित हुए लोग। अमृत विचार

# छौंका लगाते समय फ्लैट में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ** : वजीरगंज इलाके में स्थित के स्क्वायर अपार्टमें के चौथी मंजिल पर बने फ्लैट में गुरुवार को आग लग गई।

वजीरगंज इलाके में के स्क्वायर अपार्टमेंट के चौथे माले पर नायर अली फ्लैट नंबर-306 में परिवार के साथ रहते हैं। गुरुवार दोपहर में नायर की पत्नी नाहिद घर पर अकेली थीं। दोपहर करीब तीन बजे किचन में खाना बना रही थी। तेल अधिक गर्म हो जाने से छौंका लगाते समय उठी लौ से आग लग गई।

नाहिद ने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया पर तब तक आग ने आस पास का सामान चपेट में ले लिया। लपट देखकर वह शोर मचाते हुए बाहर भागीं। कुछ ही देर में पूरे फ्लैट में धुआं भर गया। यह देखकर घर में अफरा-तफरी मच गई।

एफएसओ चौक पुष्पेन्द्र यादव ने बताया कि आग की चपेट में आकर किचन में रखा सामान जल गया। देर होती तो आग पास के कमरे को भी अपनी चपेट में ले लेती।

## चचेरे भाई ने दोस्त के साथ मिलकर किशोर से किया कुकर्म, गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ/ निगोहां :** चचेरे भाई ने दोस्त के साथ मिलकर किशोर के साथ कुकर्म किया। गुरुवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मामला निगोहां थाना क्षेत्र का है। पीड़ित की मां के अनुसार उसके 14 वर्षीय बेटे को बुधवार शाम उसका चचेरा भाई जामुन खिलाने के बहाने गांव के बाहर बाग में ले गया था। वहां उसने और उसके दोस्त ने ने उसके साथ कुकर्म किया। चीख-पुकार सुन ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी भाग निकले।

सूचना पर एसीपी मोहनलालगंज राधारमण सिंह ने गांव पहुंच घटना की जांच की। घटना की पुष्टि होने पर गुरुवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उन्होंने जुर्म कबूल किया। एडीसीपी शशांक सिंह ने बताया दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ** : ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि खदरा निवासी जाहिद खान (50) हजरतगंज स्थित कार शोरूम में काम करते थे। बुधवार रात वह ड्यूटी कर साइकिल से घर लौट रहे थे। डालीगंज क्रासिंग के पास ट्रैक्टर ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में जाहिद गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों को जुटता देख आरोपी ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। जाहिद के परिवार में पत्नी अंजुम, एक बेटा और बेटी है।

### हादसे में घायल किसान की मौत, ट्रामा सेंटर में हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ** : सड़क हादसे में घायल नीरज तिवारी (50) की बुधवार रात ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। परिजन इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। भाई का आरोप है कि डॉक्टरों ने बिना इलाज किए ही छुट्टी दे दी। दोबारा तबियत खराब होने पर भर्ती करने में देरी की। इसके कारण मौत हो गई। बीकेटी के पहाड़पुर निवासी विकास ने बताया कि भाई नीरज तिवारी मंगलवार दोपहर बाइक से लखनऊ गए थे। लौटते समय मड़ियांव ओवरब्रिज के ऊपर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल नीरज को परिजनों ने केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। बुधवार सुबह डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। घर पहुंचने के बाद हालत बिगड़ गई तो घर वाले फिर ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने इलाज से मना कर कर दूसरे अस्पताल जाने को कहा। काफी इंतजार के बाद नीरज की हालत गंभीर होती देखकर परिजनों ने हंगामा किया। बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला से रात में ट्रामा के डॉक्टर को फोन कराया, तब जाकर वेंटिलेटर बेड मिल पाया। रात करीब 12 बजे डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। भाई विकास व अन्य परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया और हंगामा किया।



मलिहाबाद में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्राली को हटाती जेसीबी। अमृत विचार

### ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर में दोनों के चालक समेत तीन घायल

**अमृत विचार, मलिहाबाद** : ट्रक-ट्रैक्टर की भिड़ंत में दोनों वाहन चालकों समते तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से दोनों चालकों को ट्रॉमा रेफर कर दिया गया है। माल क्षेत्र के ग्राम थावर निवासी गोपाल (30) मजदूर छोटू के साथ ट्रैक्टर-ट्राली में आम लादकर गुरुवार सुबह 4 बजे संडीला मंडी जा रहे थे। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में ट्रक से ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक कन्नौज निवासी विकास, ट्रैक्टर चालक गोपाल व छोटू घायल हो गये। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां से डाक्टरों दोनों चालकों की हालत गंभीर देख ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। उपनिरीक्षक करन सिंह ने बताया कि अभी किसी भी पक्ष से प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

### करंट की चपेट में आकर बिजली मिस्त्री की मौत

**अमृत विचार, आलमबाग** : कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में परिचित के घर लाइन की मरम्मत करने समय करंट की चपेट में आए मिस्त्री की अस्पताल में मौत हो गई। एसआई प्रवीण पाल के मुताबिक, मूलत: सीतापुर जनपद के सिधौली थाना अंतर्गत जपौरा गांव निवासी अश्वनी (26) पुत्र शिवकुमार एक निजी कंपनी में बिजली मिस्त्री था। वह भोला खेड़ा चौकी अन्तर्गत कनौसी गांव में किराए के मकान में रहता था। परिजनों का कहना है कि बुधवार रात कनौसी गांव निवासी दोस्त देशराज ने फोन कर अश्वनी के करंट लगने की जानकारी दी। बताया कि किसी परिचित के घर लाइट ठीक करते समय करंट की चपेट में आ गया। भाई रामजीवन का कहना है कि वह लोकबंधु अस्पताल पहुंचा तो अश्वनी मृत मिला।

### बंद मिला सहारा कंपनी का दफ्तर, बैरंग लौटी पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ** : कोर्ट के आदेश पर जांच करने पहुंची पुलिस को सहारा फाइनेंस कंपनी का दफ्तर बंद मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ कर पुलिस लौट गई। कंपनी में नौ लाख रुपये निवेश कर चुकी नरही निवासी काजल जायसवाल ने मेच्योरिटी पर रकम वापसी की मांग की लेकिन अधिकारी टालमटोल करे लगे। परेशान होकर उन्होंने 4 नवंबर 2022 को कोर्ट में वाद दायक किया। इस मामले में अभी तक 48 तारीख लग चुकी हैं। पिछली तारीख पर कोर्ट ने पुलिस को सहारा कार्यालय जाकर पड़ताल करने और पीड़िता की एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को छितवापुर चौकी के दारोगा अर्पित स्टेशन रोड स्थित सहारा कार्यालय पहुंचे तो वह बंद मिला। आसपास पूछने पर पता चला कि दफ्तर कई दिन से बंद है। वहीं कंपनी में 13 लाख रुपये निवेश कर चुकीं त्रिवेणी नगर की पम्पी वर्मा भी कई बार अलीगंज के सहारा कार्यालय के चक्कर लगा चुकी हैं लेकिन उन्हें भी भुगतान नहीं मिला। उन्होंने भी अदालत की शरण ली है।

### चचेरे भाइयों पर जबरन जमीन कब्जा करने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ** : पीजीआई इलाके के रहने वाले एक परिवार ने अपने चाचा के परिवार पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया और जब शिकायत मिलने पर 2 बहने देखने गईं तो उनके साथ चाचा के परिवार वालों ने उन्हे बुरी तरह मारा पीटा और गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक जगत खेड़ा की रहने वाली सुनीता के मुताबिक उनकी जगत खेड़ा में पैतृक जमीन है वहीं कुछ पड़ोस के लोगों द्वारा सूचना मिली की चाचा के परिवार मेरी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं सूचना पर हम दो बहने जिसमे छोटी बहन शरमि भी थी मौके पर पहुंचे तो देखा की चाचा और उनके परिवार द्वारा कब्जा किया जा रहा था शिकायत करने पर चचेरे भाइयों ने जिनमें रोहतास, गौरव, सौरव, सोनम व लीलावती ने हम पर लाठी डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

# पति व तीन बच्चों को छोड़ प्रेमी के साथ रह रही महिला का शव फंदे से लटका मिला

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** पति व तीन बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ किराये के कमरे में रहने वाली महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस के पहुंचने से पहले ही प्रेमी मौके से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

सीतापुर जिले की 35 वर्षीय महिला अपने पति और तीन बच्चों को छोड़कर अपने गांव के ही छुन्नू के साथ 20 जून से सरोजनीनगर के चिल्लावां निवासी रंजीत के मकान में किराए पर रह रही थी। बताते हैं कि बुधवार शाम किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। छुन्नू छत पर सोने चला गया। महिला कमरे का दरवाजा बंद कर अंदर सो गई। गुरुवार सुबह छुन्नू ने दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर दुपट्टे से पंखे से बंधे फंदे से महिला का शव लटक रहा था। मकान मालिक को जानकारी देकर छुन्नू भाग निकला। मकान मालिक रंजीत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा और मृतका के परिजन को सूचना दे दी। पुलिस का कहना है कि प्रेमी से विवाद से क्षुब्ध होकर महिला ने यह कदम उठाया। छुन्नू की पहली पत्नी की दो वर्ष पहले संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। इस मामले में छुन्नू व उसकी मां एक साल जेल में बंद रहे थे। कुछ दिन पहले ही जमानत पर बाहर आये थे।

### इंदिरा नहर में कूदकर महिला ने दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ** : गोसाईंगंज क्षेत्र में महिला ने इंदिरा नहर में कूद कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव निकाला। परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार किया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, बुधवार दोपहर लोगों ने हबुआ पुल के पास एक महिला को इंदिरानहर में कूदते देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जाल लगवा कर महिला की तलाश शुरू कराई लेकिन घंटों तलाश के बाद भी कुछ पता नहीं चला। इस बीच अचली खेड़ा बैराज की तरफ एक महिला का शव बहता दिखा। पुलिस ने शव निकलवाया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। इस पर फोटो सोशल मीडिया पर महिला की फोटो वायरल की गई तो मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी निवासी संजू ने उसकी पहचान अपनी मां रामलली (52) पत्नी स्व. अंबर के रूप में की। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को वह बड़े बेटे संजू निवासी तेलीबाग के घर आई थी। बुधवार सुबह 8 बजे बैचेनी और घबराहट होने की बात कहकर छोटे बेटे सोनू को देखने घर से निकली थी।

## सड़क जाम कर बोनट पर केक काटने वाला पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊः** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने सड़क जाम कर कार के बोनट पर केक काटने वाले युवक को गुरुवार को गिरफ्तार किया।

29 मई को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया कि 29 मई को इकाना के पास बीच रोड पर गाड़ियों को खड़ा कर बर्थडे पार्टी मनाने का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें करीब एक दर्जन से अधिक गाड़ियां फुटेज में दिखीं थी। इन गाड़ियों के चलते रास्ता जाम हो गया था। फुटेज के आधार पर पुलिस ने अमीनाबाद निवासी अंशुल सोनकर (21) को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ की जा रही है। साथ ही उसके साथियों की भी तलाश की जा रही है।

# निगम कार्यालय में महिला से टप्पेबाजी करने वाला पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरतगंज पुलिस ने नगर निगम कार्यालय में हाउस टैक्स जमा करने गई महिला से टप्पेबाजी करने वाले आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से दो कंगन, टॉप्स और मोबाइल बरामद किए। पुलिस उसकी अन्य घटनाओं में संलिप्तता की जानकारी जुटा रही है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक 21 जून को नगर निगम कार्यालय के कैंप में किरण खरे हाउस टैक्स जमा करने आई थी। जहां मिला अज्ञात व्यक्ति सरकार की तरफ से उन्हें पैसे मिलने का झांसा देकर दारुलशफा ले गया। जहां बैंच पर बैठाकर बातों में उलझाने के बाद पर्स से दो कंगन टॉप्स लेकर चला गया। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने प्रार्थना-पत्र देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने टप्पेबाज की तलाश शुरू की। पता चला कि निगम में महिला टप्पेबाजी करने वाला हजरतगंज क्षेत्र में अन्य घटना को अंजाम देने घूम रहा है।

▸▸ बातों में उलझा कर पर्स से कंगन और टाप्स ले गया था आरोपी

टीम ने पकड़ कर पूछताछ की तो उसने महिला से टप्पेबाजी का जुर्म कबूल किया। आरोपी की पहचान मोहम्मद इकबाल निवासी तकिया पीर जलील मछली मोहाल, थाना कैसरबाग के रूप में हुई। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि लखनऊ के अलग-अलग क्षेत्र में घूम कर महिलाओं व बुजुर्गो को बहला फुसलाकर बहाने से कीमती सामान लेकर भाग जाता था।



मॉक ड्रिल में घायलों के इलाज के लिए एंबुलेंस लेकर पहुंचे कर्मचारी।

## मॉक ड्रिल से परखी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रेलकर्मियों की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था परखने को गुरुवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने लखनऊ-अयोध्या रेलखंड पर मॉक ड्रिल आयोजित की।

सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा के अनुसार कर्मचारियों की सजगता जांचने और परखने को वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी कुलदीप तिवारी ने लखनऊ अयोध्या रेलखंड में दुर्घटना मॉकड्रिल के जरिए सतर्कता देखी। दरियाबाद-पटरंगा स्टेशन के बीच ट्रेन नंबर 04218 के छठे कोच में आग लगने और यात्रियों के जख्मी होने की सूचना कंट्रोल रूम को प्रसारित की गई। यहां मेडिकल वैन, अग्निशमन दल की मांग ट्रेन के लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर ने की। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, जीआरपी आदि मौके पर पहुंच गई। अयोध्या और प्रयाग स्थित मेडिकल वैन भी समय से रवाना कर दी गई। मंडल रेल प्रबंधक सचिंद्र मोहन शर्मा ने मॉकड्रिल पर नजर रखी।

खुलासा — नशे में धुत होकर गाली-गलौज करने पर हुआ था विवाद

# तीन दोस्तों ने की थी भाकियू कार्यकर्ता की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नशे में धुत भाकियू कार्यकर्ता वंशीलाल के गाली गलौज करने पर उसके ही तीन दोस्तों ने मिलकर हत्या कर दी। कार्यकर्ता के मामा ने हत्या का मामला दर्ज कराया। इसके आधार पर गुरुवार को पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने बताया कि हत्या के आरोप में मोहनलालगंज निवासी प्लंबर कौशल कुमार, बाराबंकी लोनी कटरा निवासी जितेंद्र वर्मा और जीतू को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में कौशल ने बताया कि मोहनलालगंज निवासी वंशीलाल हरिद्वार गया था। वहां लौटने पर प्रसाद देने 19 जून की शाम कौशल के घर गया। जहां से दोनों शराब पीने चले गए और बनी रोड पर जितेंद्र और जीतू मिल गए। नशा में धुत होने पर वंशीलाल गाली गलौज करने लगा।

▸▸ बाइक पर शव लादकर जंगल में था फेंका, आरोपी गिरफ्तार

▸▸ मृतक के मामा ने दर्ज कराया था हत्या का मामला

दोस्तों के मना करने पर वंशीलाल मारपीट करने लगा। इस दौरान गुस्साए दोस्त कौशल ने वंशीलाल को जमीन पर पटक दिया। इससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद जितेंद्र की बाइक पर शव लाद कर नगराम के कुबहरा गांव के पास झाड़ियों में फेंक आए थे।

## भाई की हत्या करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** कुल्हाड़ी से बड़े भाई की हत्या करने वाले आरोपी को बंथरा क्षेत्र की पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

दाराब नगर बरकोता निवासी आइसक्रीम विक्रेता अशोक (35) का बुधवार को नशे में छोटे भाई सुजीत से विवाद हो गया था। अशोक ने छोटे भाई को मां की गाली दी थी। इससे नाराज होकर उसने बड़े भाई की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी थी। इसके बाद चौकी पहुंच आत्मसमर्पण कर दिया था। बड़े भाई संतोष के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने घटना का खुलासा किया। बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बड़े भाई की हत्या का जुर्म कबूल किया है। कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



हत्यारोपी को पेश कर खुलासा करते एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह।

## एक नजर

### कल होगी आईटीआई में कैंपस ड्राइव

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज स्थित राजकीय आईटीआई 29 जून को कैम्पस ड्राइव आयोजित कर रहा है। प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि मथुरा स्थित पेप्सिको इण्डिया लि. की ड्राइव में हाईस्कूल के साथ आईटीआई पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। प्रधानाचार्य राज यादव ने बताया कि कम्पनी 100 पदों पर चयन करेगी। इसमें 50-50 पद पुरुष, महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को बायोडाटा और शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ आईटीआई परिसर में सुबह 10 बजे पहुंचना होगा।

### जिला स्तरीय चेस चैंपियनशिप 30 को

अमृत विचार, रायबरेली : 30 जून को डिस्ट्रिक्ट चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय चेस चैंपियनशिप 2024 का आयोजन जहानाबाद चौकी स्थित एक लॉन में किया जाएगा। इच्छुक चैस खिलाड़ी 29 जून तक अपना पंजीयन अवश्य करा लें, जिससे वे चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर सकें और अवार्ड प्राप्त कर सकें। इस संबंध में चेस खेल के अरबिटर आदित्य कुमार द्विवेदी व ओमकार सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

# कम हो कस्टम ड्यूटी तो रुकेगी सोने की तस्करी : सुरेंद्र मेहता

## सोने के कारोबार की राह हो आसान तो बजट में सरकार दे इस ओर ध्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सोने की तस्करी देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही है, इसे रुकना चाहिए। इसके लिए कस्टम डयूटी कम करनी ही होगी तभी सोने की तस्करी रुकेगी।

राष्ट्रीय सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता और नॉर्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी ने ज्वैलरी इंडस्ट्री के हितों के लिए आगामी बजट के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव केंद्र सरकार को दिए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही कस्टम डयूटी के एवज में ली जाने वाली टैक्स राशि को किसी अन्य रूप में लिया जाए। पुराने सोने की खरीद पर जीएसटी न हो जिससे आम लोगों को राहत मिले। हॉलमार्किंग व्यवस्था पूरे देश में एक समान लागू किए जाने समेत तमाम बिंदुओं को इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) ने पत्र के माध्यम से सरकार के समक्ष रखा है। इसमें सोने के कारोबार को बढ़ाने के तमाम उपाय सरकार के समक्ष पत्र के माध्यम से भेजे गए हैं।

### इन बिंदुओं को बजट में करें शामिल

- कम हो कस्टम ड्यूटी तो रुकेगी सोने की तस्करी।
- पुराने सोने पर खरीद में जीएसटी नहीं ली जानी चाहिए जिससे आम खरीदार को नुकसान न हो।
- घरों में रखे सोने को बेचने के लिए भारत सरकार को उपभोक्ता को रियायत देनी चाहिए।
- इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के माध्यम से सोना आयात होना चाहिए।
- देश को विदेशी मुद्रा के लाभ के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू हो जिससे ज्वैलरी इंडस्ट्री के लोगों को भटकना न पड़े। एक्सपोर्ट को बढ़ावा मिले और देश को विदेशी मुद्रा का लाभ मिले।
- सरवन गोल्ड बॉन्ड के अंतर्गत किए गए निवेश पर कंज्यूमर को इनकम टैक्स में छूट प्रदान की जाए।
- अन्य वस्तुओं की तरह ज्वेलरी के लिए भी बैंकों से तथा अन्य माध्यम से लोन मिल सके और ईएमआई पर लोग ज्वेलरी खरीद सके।
- पूरे देश में हॉलमार्किंग एक समान लागू होना चाहिए और उसके नियमों में सरल होना आवश्यक। अभी 968 शहरों में से मात्र 286 नगरों में यह हॉलमार्किंग व्यवस्था लागू है।
- गिफ्ट सिटी में पूरा एक्सपोर्ट डिवीजन का निर्माण किया जाए जिसमें एक ही जगह पर देश का कोई भी आम ज्वेलर्स अपने प्रोडक्ट को ले जाकर वहां के जरिए पूरे विश्व के मार्केट से सीधे जुड़े और बिक्री कर सके।
- छोटे मध्यम वर्गीय एक्सपोर्टर्स को आसानी से गोल्ड मिलना चाहिए उसकी प्रक्रिया सरल की जानी चाहिए।
- एलडीसी लिस्ट डेवलपमेंट कंट्रीज जैसे देशों के साथ व्यापार करने की दिशा को बढ़ावा नहीं देना।
- भारत की ज्वैलरी इंडस्ट्री प्रमुख रूप से सरकार से यही डिमांड करती है कि ज्यादा कानून न लगाकर स्वर्ण कारोबारियों को सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत सरलीकरण प्रक्रिया के तहत कार्य करने का अवसर मिले जिससे कारोबार चमके और टैक्स भी मिले।

# टीम याद दिलाएगी डीपीआरओ के छूटे काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव व अन्य विभागीय कार्यों के कारण ग्राम पंचायतें विकास कार्यों में काफी पीछे चली गई हैं। कई ऐसे कार्य हैं जो जिला पंचायत राज अधिकारियों को याद नहीं हैं। जिन्हें निदेशालय पर बनी टीम याद दिलाकर छूटे कार्य कराएगी।

लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद पंचायती राज निदेशालय पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्यों की समीक्षा हुई तो ज्यादातर ग्राम पंचायतें विकास कार्यों में काफी पीछे मिलीं। कारण अधिकारी और कर्मचारी चुनाव व अन्य विभागीय ड्यूटी में रहे तो आचार संहिता के कारण नए काम नहीं हुए। न ही बजट मिला। इस वजह से कार्य नहीं हो पाए। जब चुनाव खत्म हुआ तो तमाम कार्य जिला पंचायत राज अधिकारी कराना भूल गए। जो न तो अभियान चलाकर हो सकते न ही निर्देश देकर।

- लोकसभा चुनाव व अन्य कार्यों के कारण विकास में पिछड़ी ग्राम पंचायतें
- निदेशक ने बनाई आठ कंसलटेंट की टीम, मॉनीटरिंग कर कराएंगी कार्य

ऐसे में निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राज कुमार ने निदेशालय पर आठ कंसलटेंट की टीम बनाई है। यह टीम ऑनलाइन व ऑफलाइन कार्यों की मानीटरिंग करके जिला पंचायत राज अधिकारियों को फोन करके बताएगी और कार्यों का पल-पल फीड बैक लेगी। यह व्यवस्था बराबर लागू रहेगी। क्योंकि संबंधित अधिकारी कार्यालय के अलावा जांच, कार्यक्रम, निरीक्षण, प्रशिक्षण आदि कार्यों में होने के कारण विकास कार्यों की जानकर अनदेखी करते हैं या फिर आवेदन व प्रस्ताव लेकर भूल जाते हैं।

### जनेश्वर मिश्र पार्क में बनेगा वर्षा जल संचयन थीम पार्क

अमृत विचार : बारिश का पानी बचाने और लोगों को जागरूक करने के लिए भूगर्भ जल विभाग जनेश्वर मिश्र पार्क में 'वर्षा जल संचयन थीम पार्क' बनाएगा। झील के पास 19975.3 वर्गमीटर स्थल चिह्नित कर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) से मांगा है।

भूगर्भ जल विभाग की गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में वर्षा जल संचयन थीम पार्क बनाने की योजना है। शासन ने भी यह निर्देश दिए हैं। इसके लिए संबंधित विभाग ने पूर्व में जनेश्वर मिश्र पार्क का निरीक्षण करके गेट नंबर एक के पास झील स्थित 19975.3 वर्गमीटर स्थल चिह्नित किया था। जहां थीम पार्क बनाकर बारिश का पानी बड़ी मात्रा में संरक्षित किया जा सकता है। इससे पार्क में बारिश का पानी बर्बाद नहीं होगा और आसपास इलाकों का जलस्तर बढ़ेगा। मकसद लोगों को इस थीम पार्क का भ्रमण कराकर जागरूक भी करना है। बेंगलुरु और हैदराबाद में यह थीम पार्क बने हैं। इसी तर्ज पर बनाने के लिए भूगर्भ विभाग की जमीन की मांग पर बुधवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने टीम के साथ पार्क का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।



पुरस्कार के साथ पंजाबी शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे। अमृत विचार

# पंजाबी कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों ने सीखा, कीर्तन, तबला वादन और अरदास

**अमृत विचार :** कानपुर रोड की एलडीए कालोनी स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में पिछले दो महीने से चल रही पंजाबी कक्षाओं का गुरुवार को समापन हो गया। गुरुद्वारा मानसरोवर के अध्यक्ष सरदार सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने दो महीने की कक्षाओं में पंजाबी शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया तो वहीं उन्होंने बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों दविन्दर सिंह, गुरमीत कौर, मनमीत कौर, मनप्रीत कौर और रवनीत कौर को गुरु का सम्मान दिया।

सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने इस मौके पर बताया कि बीते हुए दो महीने में बच्चों ने पंजाबी के साथ-साथ और भी बहुत कुछ सीखा। उन्होंने कीर्तन करना, तबला बजाना, गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ करना, अरदास करना और सिख कौम के इतिहास को जाना। उन्होंने कहा कि बड़ी बात यह है कि इतनी गर्मी में भी बच्चों ने पूरी लगन के साथ पढ़ाई की। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह, सुरिन्दर पाल सिंह, जसबीर सिंह और परमजीत चंदर भी इस मौके पर मौजूद रहे।

# नगर निगमों में चार लाख से अधिक कैमरे लगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएम योगी की सेफ सिटी की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से गुरुवार को प्रमुख सचिव गृह विभाग और प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा बैठक की गई। इस दौरान पुलिस विभाग, विकास प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ प्रदेश के 17 नगर निगमों के नगर आयुक्त सम्मिलित हुए। प्रदेश के 17 नगर निगमों में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के 4 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरों को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत स्थापित आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) और आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) से जोड़ा गया है।

# मनुष्य का जन्म ईश्वर भक्ति के लिए हुआ : स्वामी मुक्तिनाथानन्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने प्रवचन में कहा कि मनुष्य का दुर्लभ जीवन हमें ईश्वर का लाभ प्राप्त करने के लिए मिला है। हमें सबसे पहले खुद को ईश्वर के चरणों में प्रस्तुत कर देना चाहिए।

उन्होंने बताया कि रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर में अपने भक्तों को बताया था कि मनुष्य का जन्म भक्ति लाभ के लिए हुआ है। जब हम ईश्वर भक्ति में जाएं जन्म-जन्मान्तर के बारे में क्यों सोचें। हमें तो सिर्फ ईश्वर की भक्ति के बारे में ही सोचना है। बताया कि दो मित्र आम खाने के लिए बगीचे में गए। एक मित्र आम के बगीचे की सुन्दरता में ही खोया रहा जबकि दूसरा मित्र बगीचे में घुसते ही आम खाने में लग गया। माली ने दोनों को बगीचे से बाहर जाने को कहा। एक मित्र आम खाकर बाहर निकला जबकि दूसरा बगैर आम खाए बाहर निकलने को मजबूर हो गया।


## कार्यालय नगर पंचायत गैसड़ी जनपद-बलरामपुर

पत्रांक 52/नं0प0गै0/06/2024-25 दिनांक – 27/06/2024

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत गैसड़ी जनपद-बलरामपुर सीमान्तर्गत संचालित समस्त होटल/मैरेज हाल / रेस्टोरेंन्ट/सब्जी मंडी के संचालकों को सूचित किया जाता है कि अपने होटल/मैरेज हाल / रेस्टोरेंन्ट/सब्जी मंडी से 50 किलोग्राम या इससे अधिक गीला कूड़ा प्रतिदिन उत्पादित करते है तो उन्हे बल्क वेस्ट जनरेटर (BWG) या थोक अपशिष्ट जनरेटर माना जायेगा। ऐसे सभी बल्क वेस्ट जनरेटर गीले कूड़े का निस्तारण अपने परिसर में ही कम्पोस्टिंग के माध्यम से तथा सूखे कूडे का नगर पंचायत गैसड़ी के कूड़ा गाड़ी को देना सुनिश्चित करेंगें। जिन होटल/मैरेज हाल/रेस्टोरेंन्ट/सब्जी मंडी संचालकों द्वारा गीले व सूखे कूड़े का निस्तारण नही किया जाता है, उन्हे नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंन्धन 2016 एवं राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण (NGT) के इन्वायरमेंटल कम्पनसेशन अधिनियम की धारा 15 एवं 17 के अन्तर्गत जुर्माना अधिरोपित करते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत गैसड़ी
जनपद-बलरामपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत गैसड़ी
जनपद-बलरामपुर


# पीजीआई में शुरू होंगे चार नए विभाग व पाठ्यक्रम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 100वीं गवर्निंग बॉडी बैठक में लिए गए निर्णय
- कई विभागों में नए पाठ्यक्रम होंगे शुरू

**अमृत विचार :** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में अब पीडियाट्रिक यूरोलॉजी विभाग, पीडियाट्रिक नेफ्रोलोजी विभाग, आर्थोपेडिक्स विभाग व टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ, नए विभाग शुरू होंगे। यह निर्णय गुरुवार को मुख्य सचिव और पीजीआई के अध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न 100 वीं गवर्निंग बॉडी बैठक में लिए गए हैं।

संस्थान के बोर्ड रूम में संपन्न बैठक में मुख्य सचिव ने रेडियोथेरेपी और ऑन्कोलॉजी, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी और कार्डियो वैस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी में नए एकीकृत छह साल के सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों को भी मंजूरी दी। साथ ही रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेई को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से मंजूरी लेने संबन्धी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा, हड्डी रोग विभाग, स्पोर्ट्स मेडिसिन, हैंड सर्जरी, स्पाइनल सर्जरी और हिप और जॉइंट सर्जरी में एमडी सहित नए पाठ्यक्रम शुरू होंगे। रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेई को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से उचित मंजूरी के लिए निर्देशित किया।

इसके अलावा गवर्निंग बॉडी की मंजूरी के बाद टेलीमेडिसिन और बायोइंफार्मेटिक्स स्कूल को टेलीमेडिसिन और डिजिटल स्वास्थ्य विभाग में बदलाव किया जाएगा। टेलीमेडिसिन विभाग द्वारा सुपर स्पेशियलिटी विभागों को आउटरीच सेवाएं मुहैया कराएगा।

निदेशक प्रो. आरके धीमन ने बताया कि विभिन्न विभागों में 91 संकाय पद भरे गए हैं और 1459 में समूह 'ख' और 'ग' के भी पद भी भरे गए हैं। नव निर्मित विभाग को आईटी और डिजिटल सूचना विज्ञान क्षेत्र से चार-चार और डिजिटल स्वास्थ्य और क्लीनिकल क्षेत्र के चार शिक्षकों के पद भी स्वीकृत किए गए। यह विभाग, हर जिले को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं, परामर्श और संवाद स्थापित कराएगा ताकि विभिन्न मेडिकल कॉलेजों तक विभिन्न सुपर-स्पेशियलिटी विभागों की पहुंच बढ़ेगी।

# अधिकारियों को मानव संपदा पोर्टल पर देनी होगी वार्षिक प्रविष्टियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने निर्देश देते हुए कहा, प्रदेश में कार्यरत समूह 'क' व समूह 'ख' के अधिकारियों को भी अपनी वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियां मानव संपदा पोर्टल पर देनी होगी। प्रविष्टियां अपलोड न करने पर उक्त अवधि को प्रमाणित नहीं माना जाएगा और प्रोन्नति प्रभावित हो सकती है।

एसीएस ने सभी विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त व सभी जिलाधिकारियों को निर्देश प्रेषित किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया, वार्षिक रिपोर्ट के अभाव में या विलंब होने पर राज्य कर्मचारियों को हानि की संभावना अधिक होती है। इसलिए इस कार्य में कोई लापरवाही न बरती जाए, अधिकारियों को भी कर्मचारियों की भांति मानव संपदा पोर्टल पर वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियां प्रेषित करनी होगी। ताकि विभागों में प्रोन्नति आदि कार्य सुचारू रूप से पूर्ण होते रहें। उन्होंने कहा कि पिछले साल 2023-24 से समूह क व ख के अधिकारियों द्वारा स्वमूल्यांकन आख्या रिपोर्ट पोर्टल पर प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं, इसलिए गोपनीय प्रविष्टियां अपूर्ण रह जाती है। मालूम हो कि राज्य कर्मचारियों की हर वित्तीय वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि (अनुकूल रिपोर्ट) तैयार होती है, सर्विस बुक में अंकित होने के साथ नियोक्ता विभाग में प्रति पहुंचती है।

# नव स्थापित 26 सीएचसी पर जल्द मिलेगी मरीजों को सेवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार ने स्वास्थ्य महानिदेशक को करीब साढ़े नौ करोड़ रुपये का बजट किया जारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में पिछले साल विभिन्न जिलों में निर्मित 26 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर मरीजों को इलाज मिलने लगेगा। इन सीएचसी की पैथोलॉजी को उपयोगी बनाने के लिए जांच उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके लिए इसके लिए राज्य सरकार ने स्वास्थ्य महानिदेशक को करीब साढ़े नौ करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने बताया कि 22 सीएचसी में आटोमेटेड एचवी एनालाइजर, कोएग्लोमीटर, ईएचआर एनालाइजर, डिजिटल एक्स-रे, यूरीन एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, अल्ट्रासाउंड मशीन पहुंचायी जाएंगी। इसके लिए आठ करोड़ 87 लाख 28 हजार रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। इसके अलावा चार अन्य सीएचसी के लिए 78 लाख रुपये अतिरिक्त जारी हुए हैं। जल्द ही उपकरण पहुंचते ही सीएचसी में मरीजों को गुणवत्ता युक्त इलाज मिलने लगेगा।

**27 पोर्टबल डिजिटल एक्स-रे मशीन स्थापित होंगी सीएचसी में :** बहराइच की 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), मैनपुरी और हरदोई की सात-सात, सीतापुर में महमूदाबाद सीएचसी, मुरादाबाद में मूढ़ा पाण्डेय व मिर्जापुर में अहिरौरा, कुल 27 सीएचसी में नई डिजिटल एक्स-रे मशीनें स्थापित की जाएंगी। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से पांच करोड़ 10 लाख 68 हजार रुपये का बजट जारी किया गया है।

### राज्य के 51 सरकारी अस्पताल होंगे उच्चीकृत

अमृत विचार : राजधानी के बलरामपुर अस्पताल व जानकीपुरम ट्रामा सेंटर समेत प्रदेश में जिला स्तर के 51 सरकारी अस्पताल हाईटेक होंगे। करीब 44 करोड़ रूपए की लागत के अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण स्थापित होंगे ताकि मरीजों को गुणवत्ता युक्त इलाज मिल सके। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने बताया कि आयोध्या के 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय समेत कानपुर, वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर, कासगंज, हापुड़ संभल, मैनपुरी, रायबरेली, भदोही आदि विभिन्न जिलों के सभी बड़े अस्पतालों में संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।


## कार्यालय नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

पत्रांक :– 36/न0पं0सुबेहा/2024–25 दिनांक – 25/06/2024

नोटिस

नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी सीमान्तर्गत संचालित होटल/मैरेज हाल/रेस्टोरेन्ट / सब्जी मण्डी/कोल्हू (करेशर) के संचालकों को सूचित किया जाता है कि अपने होटल/मैरेज हाल/रेस्टोरेन्ट / सब्जी भण्डी / कोल्हू (करेशर) से 50 किलोग्राम या इससे अधिक गीला कूड़ा प्रतिदिन उत्पादित करते है तो उन्हें बल्क वेस्ट जनरेटर (BWG) या थोक अपशिष्ट जनरेटर माना जायेगा। ऐसे सभी बल्क वेस्ट जनरेटर गीले कूड़े का निस्तारण अपने परिसर में ही कम्पोस्टिंग के माध्यम से तथा सूखे कूड़े का नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी की कूड़ा गाड़ी को देना सुनिश्चित करेंगे। जिन होटल/मैरेज हाल/रेस्टोरेन्ट/सब्जी मण्डी / कोल्हू (करेशर) संचालकों द्वारा गीले व सूखे कूड़ों का निस्तारण नहीं किया जाता है, उन्हें नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन 2016 व राष्ट्रीय हरित न्याधिकरण (NGT) के इन्वायरमेंटल कम्पनसेश न अधिनियम की धारा–15 एवं 17 के अन्तर्गत जुर्माना अधिरोपित करते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी।

(अशोक कुमार खरवार)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सुबेहा
बाराबंकी।

(देवीदीन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सुबेहा
बाराबंकी।


# पर्यावरण संरक्षण को लेकर काव्य गोष्ठी आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



गोष्ठी में कवियों को सम्मानित करते राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के पदाधिकारी।

- राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने किया गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने गुरुवार को अपने कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी का आयोजन किया। डॉ. उमेश चन्द्र वर्मा आदित्य की अध्यक्षता में हुई इस गोष्ठी में प्रो. विशम्भर दयाल मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे।

डॉ. शोभा दीक्षित भावना की वाणी वंदना से शुरू हुए इस आयोजन में प्रो. विश्वम्भर शुक्ल ने कहा, भीड़ में थकने लगे हैं अब शहर के पांव, हो सके तो लौट आओ पास मेरे गांव। राधा बिष्ट ने पौधारोपण का सन्देश देते हुए कहा, हम पौधे नये लगाएंगे, सब बच्चों को सिखलाएंगे। राजीव वर्मा वत्सल ने बिगड़ते पर्यावरण के कारणों को कुछ इस तरह से देखा, सम्पदा वन की बचाएं, सोचता क्यों है न हर मन, बंद एसी कक्ष में रह स्वस्थ हो कैसे मनुज तन।

राजश्री दुबे ने सवाल उठाया, प्रकृति को मां का दर्जा क्यों, जब हम उसका संरक्षण नहीं कर सकते। डॉ. शोभा दीक्षित भावना ने कहा, प्रकृति के मित्र बन के यदि रह जी सकेंगे हम, जगत की एक सुंदर खुशनुमा तस्वीर रहने दे। डॉ. अलका अस्थाना ने सुनाया, मेरे आंगन पसरा सावन, मन भावन था मन भावन। सुशील चन्द्र श्रीवास्तव ने अपनी बात कुछ इस तरह से समझाई, अखबार में आज का लेख कल का रद्दी हो जाता है परन्तु विचार हमेशा रहते हैं।

गोष्ठी में रूपचंद साहू, मीना गौतम, डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी, चन्द्र देव दीक्षित, रामराज भारती, इन्द्रासन सिंह इंदु, विपुल कुमार मिश्र, अलका शर्मा, अखिलेश त्रिवेदी शाश्वत, आदित्य तिवारी, सुरेन्द्र कुमार गौतम और बिलाल अहमद आदि ने इस गोष्ठी में पर्यावरण को समर्पित काव्य पाठ किया।

# बच्चों के लिखे नाटकों पर छपी किताब बेवकूफ नौकरानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** फिल्म अभिनेता और रंगकर्मी महेश चन्द्र देवा की चबूतरा थियेटर पाठशाला में रंगमंच का ककहरा पढ़ने वाले बच्चों सोनाली वाल्मीकि और काजल गौतम ने चार लघु नाटक लिखकर रंगमंच की दुनिया के लोगों को चौंका दिया। इन बच्चों ने न सिर्फ नाटक लिखा बल्कि उसके मंचन में सहायक निर्देशक की भूमिका भी निभाई। इन्हीं लघु नाटकों को महेश चन्द्र देवा ने पुस्तक का रूप दिया। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की प्रकाशन अनुदान योजना के तहत यह पुस्तक प्रकाशित की गई है।


## कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांकः– 227/ई0ई0–6/एल0जे0एस0 2024–25 दिनांकः 27/06/2024

अल्प कालीन निविदा–सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 04/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 04/07/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reborring of 1.50 HP submersible pump near Hasan Bhai's House, Amberganj, Amberganj Ward, Lko. | 3300.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |
| 2 | Repairing of 06 Nos submersible pump at different places of Maulana Kalbey Abid-I Ward, Lko. | 3200.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |
| 3 | Repairing of 04 Nos submersible pump at different places Mallahi Toal I Ward, Lko | 2300.00 | Rs. 150 | 07 दिवस |
| 4 | Repairing of 04 Nos submersible pump at different places Purana Haiderganj Ward and Shitla Devi Ward, Lko. | 1800.00 | Rs. 150 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–6
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

## एक नजर

### जालसाजों से वापस कराए ढाई लाख रुपये

**अमृत विचार, सूरतगंज, बाराबंकी :** अमृत विचार : साइबर जालसाजों के चंगुल मे फंसे व्यक्ति को ढाई लाख रुपये थानाध्यक्ष और साइबर सेल टीम की सक्रियता से वापस मिल गए। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के पतौंजा निवासी चरन सिंह ने कुछ दिन पूर्व पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि जालसाजों ने उससे फोन पर व्यापार में लाभ दिलाने का झांसा देकर उसके खाते से नौ लाख 75 हजार रुपए निकाल लिए थे। विवेचक थानाध्यक्ष निल सिंह ने पीड़ित के ढाई लाख रुपये वापस कराये हैं।

### रेलवे क्रॉसिंग के पास कटी माइनर

**अमृत विचार, हैदरगढ़, बाराबंकी :** शारदा सहायक खंड-28 के तहत आने वाली बारा रजबहा में बारा रेलवे क्रासिंग के निकट खांदी कट गई। गनीमत यह रही कि कोई नुकसान नहीं हुआ। बारा से औसानेश्वर के लिए गए मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पहले से बारा रजबहा गुजरी है। गुरुवार सुबह पुल से चंद कदमों की दूरी पर रजबहा लगभग चार मीटर की दूरी में कटा मिला। तेजी से पानी रेलवे लाइन के नीचे से होते हुए तालाब में जा रहा था। इसकी सूचना नहर विभाग को दी गई। इसके बाद रजबहा में पानी बंद कर दिया गया।

### जल सत्याग्रह कर रहे कार्यकर्ताओं को खदेड़ा

**अमृत विचार, हरदोई :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर जल सत्याग्रह किया जा रहा था। पुलिस ने जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह, तहसील सदर अध्यक्ष श्रवण कुमार, सौरव यादव, अनुराग कुमार को हिरासत में ले लिया। करीब दो घंटे की हिरासत के बाद हिदायत देकर छोड़ दिया गया है। अरवल थाना अध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन कर रहे थे।

# एनपीए छोड़ कैंसर संस्थान में कमाई कर सकेंगे डॉक्टर

## टाटा की तर्ज पर रेवन्यू शेयरिंग स्कीम की जाएगी लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियालिटी संस्थान में डॉक्टर, मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की तर्ज पर वेतन से कहीं अधिक वेतन प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए टाटा में लागू रेवन्यू शेयरिंग स्कीम, यहां भी लागू होगी।

इस स्कीम में चिकित्सक को एनपीए (नॉन प्रैक्टिस एलांउस) नहीं मिलेगा, बदले में उसके द्वारा उपचारित मरीजों से एकत्र होने वाले रेवन्यू का 50 फीसदी हिस्सा मिलेगा। यह निर्णय गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में संस्थान की 11 वीं गवर्निंग बॉडी बैठक में लिया गया है।

संस्थान की गवर्निंग बॉडी बैठक की जानकारी देते हुए कुलसचिव डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि संस्थान को टाटा मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। टाटा में सशुल्क ओपीडी, भर्ती, जांच आदि सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इसमें पंजीकरण कराने वाले मरीजों से होने वाली आय का कुछ हिस्सा डॉक्टरों को प्रदान किया जाएगा। बाकी संस्थान के खाते में जाएगा। जिससे संस्थान को विकसित करने में मदद मिलेगी। यह व्यवस्था यहां वैकल्पित होगी, इससे डॉक्टरों में अधिक से अधिक मरीजों का इलाज करने की भावना जागृत होगी, वहीं डॉक्टर व मरीजों में एक परस्पर संवाद स्थापित होगा। बैठक में, चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के अधिकारियों के साथ ही समाज के विभिन्न संवर्ग से सुनील मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियालिटी संस्थान की बैठक में शामिल मुख्य सचिव।

### सामान्य मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज

निदेशक डॉ. आरके धीमन का कहना है कि सामान्य मरीजों के लिए ओपीडी, भर्ती जांच आदि की व्यवस्था पूर्व की भांति चलती रहेगी। इसमें किसी भी प्रकार का रद्दोबदल नहीं किया जाएगा। सीएम, पीएम फंड, आयुष्मान, पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना आदि का लाभ मरीजों को मिलता रहेगा। जांच व इलाज का शुल्क भी सामान्य रहेगा।

### 309 करोड़ रुपये का बजट अनुमोदित

निदेशक ने बताया कि संस्थान में सुविधाएं बढ़ाने के लिए 309 करोड़ रुपये के बजट भी अनुमोदित किया गया है। इससे संस्थान में मरीज व तीमारदारों के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। डॉक्टर व कर्मचारियों के लिए संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे। जल्द से जल्द डॉक्टरों की नियुक्ति पूरी करने के लिए भी कहा गया है।

### नए चार कोर्स के संचालन को मंजूरी

डॉ. आरके धीमन ने बताया कि चार विभाग में इलाज संग पढ़ाई भी होगी। डीएम इन आंको एनस्थीसिया, एमसीएच इन न्यूरो आंको सर्जरी, एमडी इन रेडिएशन आंकोलॉजी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में पीडीसीसी कोर्स संचालित किया जाएगा। कोर्स संचालन की मंजूरी के लिए जल्द ही नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद दाखिले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थान के कई विभागों में पीडीसीसी व पीडीएफ कोर्स चल रहे हैं।

# दरवाजा तोड़कर दिन दहाड़े लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई में टाल मटोल करने का लगाया आरोप**

**अमृत विचार:** दिन दहाड़े दरवाजा तोड़कर चोरों ने घर का सामान पार कर दिया। बाजार से लौटे परिजन जब घर आए तो घटना की जानकारी का पता चला। पीड़ितों ने चोरी का मामला अलीगंज पुलिस को बताया, वहीं पीड़ितों ने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई करने में टाल मटोल कर रही है।

अलकापुरी निवासी अनिल कुमार ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह दूरदर्शन लखनऊ के वरिष्ठ समाचार वाचक हैं। मकान में ताला बंद कर बुधवार दोपहर एक बजे पत्नी के साथ बाज़ार गये थे। तीन बजे लौटे तो घर की गैलरी का दरवाज़ा नीचे से टूटा मिला। अंदर पहुंचे तो अलमारी से सोने और चांदी गहने और नगदी चोरी होने की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसी के घर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें एक नाबालिग समेत तीन संदिग्ध दिखाई पड़े।

पुलिस ने फुटेज के आधार पर संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसमें नाबालिग के बताये अनुसार पुलिस ने घटना का सीन रिक्रिएशन किया। इसमें पता चला कि आरोपियों ने घर में घुसकर कैसे सामान पार किया। उनका आरोप है कि पुलिस ने जल्द आरोपियों की पहचान करने की बात कही थी, लेकिन गुरुवार को पुलिस वाले पुनः किसी और नाबालिग को लेकर आये, जिससे घटना के बारे में पूछते हुए घुमाते रहे। दूसरा बच्चा इधर-उधर की बातें बोलता रहा। जबकि घटना के दिन हिरासत में लिये गये नाबालिग ने घटना की पूरी जानकारी दी थी। उन्होंने पुलिस पर मामले में टाल मटोल करने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# 15 अभियंताओं से जल्द पूछताछ करेगी विजिलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **एफआईआर दर्ज करने के बाद शुरू हुई कार्रवाई, सरकार को हुआ करोड़ों का नुकसान**

**अमृत विचार:** सिंचाई विभाग एवं जल निगम के 14 पूर्व एवं एक वर्तमान समेत कुल 15 अभियंताओं से विजिलेंस शीघ्र ही पूछताछ करेगी। इनमें तीन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और 12 के विरुद्ध आवंटित राशि से अधिक राशि का ठेकेदारों से अनुबंध करने तथा शासनादेश का पालन नहीं करने का आरोप है।

उत्तर प्रदेश वाटर सेक्टर रिस्ट्रक्चरिंग प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के दौरान विभिन्न निर्माण व मरम्मत के कार्यों के लिए आवंटित राशि से अधिक का अनुबंध किये जाने की शिकायत पर वर्ष 2019 में सरकार ने विजिलेंस जांच के आदेश दिए थे। जांच में आरोप सही पाये जाने के बाद विजिलेंस ने सरकार से इन इंजीनियरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की अनुमति मांगी थी। सरकार की ओर से बीते 18 अप्रैल को अनुमति दे दी गई। इसके बाद विजिलेंस की ओर से बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया गया।

इनमें तत्कालीन चीफ इंजीनियर कुणाल कुलश्रेष्ठ, आदेश कुमार गोयल, नवनीत कुमार, अवध राज यादव, अनिल कुमार, रणवीर सिंह, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता बलराम सिंह यादव, कुलजीत सिंह, सुरेश चन्द्र शर्मा, शिवमंगल यादव, नीरज कुमार तथा महेन्द्र कुमार निगम के नाम शामिल हैं। इसके अलावा आय से अधिक संपत्ति के आरोप में सीएण्ड डीएस के जिन परियोजना प्रबन्धकों के खिलाफ मुकदमा किया गया है, उनमें कृष्ण कुमार पटेल, कमलेश कुमार केशरी तथा अजय रस्तोगी के नाम शामिल हैं।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# ट्रक के हेल्पर की संदिग्ध हालात में मौत, शरीर पर चोट के निशान

संवाददाता, सरोजनीनगर

▸▸ **ड्राइवर ने अज्ञात लोगों पर पिटाई का लगाया आरोप**

▸▸ **बंथरा थाना क्षेत्र का मामला उन्नाव निवासी था हेल्पर**

**अमृत विचार:** बंथरा थाना क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में चालक के साथ ट्रक में सामान लोड करने आए हेल्पर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसके हाथों पर चोट के निशान मिले हैं। ड्राइवर ने अज्ञात लोगों की पिटाई से मौत होने की बात कही है।

उन्नाव के मोहान निवासी चालक रामचंद्र हेल्पर संतोष (45) के साथ बंथरा के कटी बगिया स्थित एक कंपनी के गोदाम से ट्रक में सामान लोड करने गुरुवार को पहुंचे। दोनों शराब के नशे में थे। करीब तीन बजे संतोष कंपनी के गोदाम में चला गया। जबकि ड्राइवर को सुरक्षा गार्डों ने रोक दिया। तो ड्राइवर वापस आ गया। रामचंद्र का कहना है कि शाम करीब सात बजे कंपनी की तरफ पहुंचा तो संतोष एक पेड़ के नीचे मरणासन्न हालत में पड़ा मिला। उसके दोनों हाथों में चोट के निशान थे। ड्राइवर ने कंपनी के कर्मियों के साथ संतोष को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ड्राइवर ने अज्ञात लोगों की पिटाई से मौत होने की आशंका जताई है। मारपीट का कारण पता होने से मना किया है।

इंस्पेक्टर हेमंत राघव का कहना है कि मामला संदिग्ध है। शव कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर और परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क पर उतरकर काम करें अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** परिवहन आयुक्त ने आरटीओ, एआरटीओ की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर की है। परिवहन विभाग में गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी सड़क पर उतरकर काम नहीं कर रहे। वो सड़क पर उतरकर काम करें।

उन्होंने कहा कि सड़क पर अनफिट और टैक्स बकाए वाले वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब हर मंडल कार्यालय के अंतर्गत रोज टैक्स बकाया में और बगैर फिटनेस वाले 50 वाहनों को बंद करना होगा। अधिकारियों के अनुसार वाहन लेकर जाने पर थानेदार वाहन बंद करने से इंकार कर देते हैं। जगह न होने की बात कह कर हमें वापस कर दिया जाता है। रोज 50 गाड़ी बंद करने का लक्ष्य तो ठीक है लेकिन इन वाहनों को कहां रखा जाएगा।

# व्यापार मंडल चुनाव का नामांकन 29 को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का त्रैवार्षिक चुनाव कार्यक्रम मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जारी कर दिया है। व्यापारियों के इस प्रांतीय निर्वाचन प्रक्रिया में 102 पदों के लिए चुनाव होना है। 29 जून को पूर्वाह्न 11 बजे से मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

इसमें विभिन्न जनपदों से आने वाले व्यापारी प्रतिनिधि नामांकन भरेंगे। पूरा चुनाव इसी परिसर में होगा। यह जानकारी संगठन के मुखिया बनवारी लाल कंछल ने दी। उन्होंने बताया कि जिन पदों के लिए ज्यादा प्रत्याशी आएंगे उनका चुनाव होगा। अगर पदों के अनुरूप ही नामांकन पत्र आए तो तय समय के बाद पदों की घोषणा 29 को देर शाम तक कर दी जाएगी। चुनावी प्रक्रिया बीतने के 15 दिनों के भीतर 125 पदों के मनोनयन किया जाएगा।

मुख्य चुनाव अधिकारी जसवंत बत्रा (सहारनपुर), सहायक चुनाव अधिकारी संजय अग्रवाल (लखीमपुर), सुनील गुप्ता (लखनऊ), बसंत सिंह बग्गा (रायबरेली) और आयुष द्विवेदी (कानपुर) चुनाव कार्यवाही शुरू करेंगे।

### चुनाव कार्यक्रम

- नामांकन पत्रों का वितरण एवं फार्म जमा करने का काम पूरा करने के लिए- 11:05 मिनट 02:30 बजे तक
- नामांकन पत्रों की जांच होगी- 03 बजे से 05 बजे तक
- नामांकन वापसी- शाम 05 से 06 बजे
- प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन- शाम 08:30 बजे
- विजयी प्रत्याशियों की घोषणा- 29 जून देर शाम 09:00 बजे
- जिन पदों पर ज्यादा प्रत्याशी होंगे- उनका चुनाव 30 जून को सुबह 08:00 होगा। तुरंत बाद ही शेष विजयी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

### 30 जून को रविंद्रालय में होगा सम्मेलन

प्रांतीय अध्यक्ष कंछल के मुताबिक चारबाग स्थित रविंद्रालय में 11 बजे से व्यापारी सम्मेलन का आयोजन भी किया गया है। इसमें विजयी टीम अध्यक्ष के साथ रहेगी। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक होंगे। वहीं मुख्य वक्ता के तौर विशिष्ठ अतिथि आबकारी, मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल रहेंगे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# अस्पतालों में कर्मियों को मिलेगा व्यवहारिक प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य ने किया प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम का विमोचन**

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में अब इलाज के साथ स्वास्थ्य कर्मियों का मरीजों के प्रति व्यवहार भी अच्छा होगा। इन्हें मरीजों से व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

गुरुवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण (टीओटी) प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। पहले दिन प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन, एनएचएम निदेशक डॉ.पिंकी जोवेल समेत कई अधिकारियों ने विभिन्न संवर्ग के कर्मियों को संवाद स्थापित करना सिखाया।

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, में व्यवहार सम्बन्धी प्रशिक्षण के लिए, दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख सचिव ने कहा कि सुरक्षा गार्ड, स्वागत कक्ष में तैनात कर्मी तथा वार्ड सहायक चिकित्सालय में आने वाले व्यक्तियों का सीधा संपर्क होता हैं। इसलिए इन कर्मचारियों द्वारा दी गई जानकारी और किया गया व्यवहार लाभार्थी के अस्पताल के अनुभव को प्रभावित करता है और लाभार्थियों का सुखद अनुभव जन सामान्य के बीच न केवल चिकित्सा इकाई वरन प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की छवि सुधारता है।

मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने "संतुष्ट चिकित्साकर्मी तथा संतुष्ट लाभार्थी" का मन्त्र देते हुए, संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की छवि सुदृढ़ होती है, साथ ही इस प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम तैयार करने में सहयोग देने वाली संस्थाओं- यूपीटीएसयू, पीएसआई इंडिया तथा यूनिसेफ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रथम बैच में जनपद लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव और रायबरेली के जिला चिकित्सालयों के चिकित्सा अधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक, मेट्रन आदि 38 प्रशिक्षक प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित थे। प्रशिक्षण उपरान्त ये प्रतिभागी सम्बन्धित जनपदों में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। आगामी दिवसों में इस प्रकार के 11 बैच का प्रशिक्षण राज्य स्तर पर प्रस्तावित हैं।

# मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली, दो कांस्टेबल घायल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

▸▸ **कई घटनाओं को अंजाम देने का किया खुलासा, घायल बदमाश की हालत गंभीर**

**अमृत विचार :** पुलिस ने लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाश को घेराबंदी कर दबोच लिया। असलहे बरामदगी के लिए ले जाएजाते वक्त उसने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगी। मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल और दूसरा कांस्टेबल भी घायल हुआ।

पुलिस की पकड़ में आए युवक ने अपना नाम शाहरुख़ निवासी सीपुर पचौर थाना तिर्वा कन्नौज बताया। उसने बरामद बाइक लोनार थाने के नकटौरा पुलिया से पाली रोड पर लूटने की बात कुबूल करते हुए कई अन्य घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की।

**पहली मोहर्रम** | बड़े इमामबाड़े से उठकर छोटे इमामबाड़े जाएगी शाही मोम की जरीह

# शाही जरीह को तैयार करने में जुटे शहर के कारीगर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पहली मोहर्रम को बड़े इमामबाड़े से उठकर छोटे इमामबाड़े जाने वाली शाही मोम की जरीह को बनाने का काम तेजी से चल रहा है। 22 फुट ऊंची और 10 फुट चौड़ी इस जरीह को बनाने में कारीगर वसीम एक दर्जन लोगों के साथ रात-दिन काम कर रहा है। पहली मोहर्रम 8 जुलाई को पड़ेगा।

एतिहासिक आसिफी इमामबाड़े से पहली मोहर्रम की शाम को हुसैनाबाद ट्रस्ट इस शाही जरीह और ताजिये का जुलूस निकालता है। इस जुलूस को पूरे शाही अंदाज में निकाला जाता है। जुलूस में हाथी, ऊंट और शाही निशानात के अलावा इस्लामी परचम अलम को शामिल किया जाता है। जुलूस में नवाबी खानदान के लोग और जिला मजिस्ट्रेट समेत जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल होते हैं। जिला मजिस्ट्रेट हुसैनाबाद ट्रस्ट के चेयरमैन की हैसियत से जुलूस में शामिल होते हैं।

मोम की शाही जरीह को पिछले 40 साल से वसीम की देखरेख में ही बनाने का काम हो रहा है। वसीम ने बताया कि काम तेजी से चल रहा है और पहली मोहर्रम से पहले यह जरीह पूरी तरह से तैयार हो जायेगी।



पहली मोहर्रम को उठने वाली शाही जरीह को तैयार करते कारीगर। अमृत विचार

# पुत्र को अगवा करने के विरोध पर पीटा

**अमृत विचार, बाराबंकी :** रात्रि के समय घर में घुसकर पुत्र को अगवा कर ले जा रहे दबंगों को रोकना माता-पिता को भारी पड़ गया। विपक्षियों के जानलेवा हमले से पुत्र व दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया मजरे कुम्भरवा निवासी रामहरख ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार की रात करीब 12:30 बजे गांव के गुड्डू, सीमा, मनीराम आदि लोग घर में घुस कर उसके बड़े पुत्र को उठा कर ले जा रहे थे। विरोध करने पर विपक्षियों ने धारदार हथियार व लाठी डंडों से हमला कर दिया। प्राणघातक हमले में वह स्वयं व उसकी पत्नी और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### गैंगस्टर में अभियुक्त को दो साल का कारावास

**हरदोई, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश कुसुम लता ने एक फैसले में गैंगस्टर के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर दो साल की व पांच हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। थाना कोतवाली शहर के दुर्गापुरबा निवासी गोलू श्रीवास्तव पर गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलाप करने का आरोप रहा। मामले की रिपोर्ट इंद्रजीत सिंह चौहान ने दो अगस्त 2022 को दर्ज कराई। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समय पेश हुए सबूत के आधार पर दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपी पर जुर्म साबित पाया उसे सजा सुनाई।

### पुलिस ने घेराबंदी कर तमंचे के साथ युवक को दबोचा

**पाली, हरदोई :** इलाकाई पुलिस ने एक शातिर युवक को घेराबंदी कर उसे तमंचे के साथ दबोच लिया। पुलिस उसके क्राइम रिकॉर्ड को खंगाल रही है। पाली थाने की टीम ने असमदा रोड पर रामनगर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर अभिषेक कुमार निवासी मोहल्ला बिरहाना कस्बा पाली को दबोच लिया। उसके कब्ज़े से तमंचा व कारतूस बरामद हुए है। उसे आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### आप सांसद संजय सिंह के मामले में निर्णय 11 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत छह आरोपियों की सजा के खिलाफ अपील पर गुरुवार को न्यायाधीश एकता वर्मा की एमपी एमएलए की सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। आप सांसद संजय सिंह की तरफ से अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बहस की। उन्होंने बताया कि एमपी एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने 11 जनवरी 2023 को सभी छह आरोपियों को तीन माह की सजा व प्रत्येक को डेढ़ हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई थी। जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया, कोर्ट ने आदेश के लिए 11 जुलाई की तारीख नियत की है।

# नौकरी कर रहे 4 प्रधानाचार्य और एक शिक्षक बर्खास्त

## जाली मार्कशीट व कूटरचित दस्तावेज के सहारे कर रहे थे नौकरी

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** जाली मार्कशीट व कूटरचित दस्तावेज के सहारे बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात चार प्रधानाचार्य व एक सहायक शिक्षक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इनके विरुद्ध एफआईआर कराने के साथ ही उनसे नियुक्ति से अब तक के वेतन की रिकवरी भी कराई जाएगी। कुछ अन्य शिक्षक भी संदेह के दायरे में हैं, जिनके विरुद्ध विभागीय जांच कराई जा रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमीता सिंह ने चारों को बर्खास्त किया है।

मंगलवार को सिरसिया विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बगही में तैनात प्रधान शिक्षक अनूप कुमार जाली मार्कशीट व कूटरचित दस्तावेज के सहारे नौकरी कर रहे थे, जिन्हें जांच के बाद बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं गिलौला विकासखंड के पिपरी में तैनात प्रधान शिक्षिका गीता देवी व हरिहरपुर रानी विकासखंड के असई पुरवा में तैनात प्रधान शिक्षक सुभाष चंद्र एवं गिलौला के प्राथमिक विद्यालय परेवपुर में तैनात प्रधान शिक्षक चंद्रप्रभा त्रिपाठी व जमुनहा के प्राथमिक विद्यालय हरदत नगर गिरंट में तैनात सहायक शिक्षक राम नवल सहित जाली मार्कशीट व कूटरचित दस्तावेज पर नौकरी कर रहे उपरोक्त पांचों को बर्खास्त कर दिया गया। आरोप लगाने के बाद से ही यह लोग फरार चल रहे थे। विभाग में कुछ और लोग संदेह के दायरे में हैं। जिन पर जांच चल रही है।

**▸▸ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने की कार्रवाई, अब वेतन की होगी रिकवरी**

> जांच के दौरान सभी के दस्तावेज जाली पाए गए। सभी को बर्खास्त कर दिया गया है। संबंधित थानों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और रिकवरी कराई जाएगी।
>
> –अमीता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

# आरोपी ने बेटी की जगह साल्वर बैठा पास कराई थी नीट

## खुलासा साल्वर के साथ जोधपुर में हुई थी मीटिंग, बिहार पुलिस ने मारा छापा, नहीं मिले आरोपी

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

**अमृत विचार :** नीट में हुई गड़बड़ी के बाद जहां मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं गुरुवार को एक और खुलासा सामने आया है। आरोपी डॉक्टर ने अपनी बेटी को भी एमबीबीएस की परीक्षा पास कराने के लिए जोधपुर के एक साल्वर को बैठाया था, जिसमे साल्वर ने बेटी की जगह पर परीक्षा दी थी। इसका खुलासा अस्पताल के एक कर्मचारी ने दबी जुबान से किया। आरोपी डॉक्टर ने अपने बेटे को भी नीट उत्तीर्ण कराने को कुछ ऐसी ही चाल चली थी। उसने अपने पुत्र के स्थान पर जोधपुर एम्स अस्पताल के डॉक्टर को साल्वर बनाकर बैठाया था। जिसमे साल्वर में पकड़े जाने के बाद सच्चाई सामने आ गयी। इस मामले में एसटीएफ द्वारा प्रयागराज के नैनी एडीए में बने अक्षयवट अस्पताल में छापेमारी गई थी। लेकिन, आरोपी डॉक्टर व उसका पुत्र मौके से फरार हो गये। आरोपी डॉक्टर अपने बेटे को सरेंडर कराने को बिहार के मुजफ्फरपुर पहुंचा है।



अक्षयवट अस्पताल।

बता दें कि नीट मामले में आरोपी डॉक्टर आरपी पांडेय अपने पुत्र को नीट पास कराने के मामले में फंस चुका है। नैनी एडीए निवासी व अक्षयवट अस्पताल के निदेशक डॉ. पांडेय का एक और कारनामा सामने आया है। डॉक्टर पांडेय की पुत्री ने नैनी के बेथनी कान्वेंट स्कूल से पढ़ाई की थी। बाद में एक साल रूस के एक चिकित्सा संस्थान में भी एक वर्ष तक पढ़ाया था। बाद में मामला बन जाने के बाद दिल्ली में प्रवेश करवाया। आरोपी डॉक्टर का एक और मामला सामने तब आया जब उसका पुत्र नीट मामले में में फंसा। अस्पताल के ही एक कर्मचारी ने बताया कि डॉक्टर ने अपनी पुत्री को करीब आठ साल पहले एमबीबीएस कराया था। जिसमे बेटी को परीक्षा में पास कराने के लिए जोधपुर में एक साल्वर से मुलाक़ात क़ी थी। उस समय साल्वर ने डाक्टर की पुत्री क़ी जगह परीक्षा दी थी। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पुत्री को दिल्ली के सफदरजंग कॉलेज में दाखिला मिला था।

### नीट में पुत्र की जगह बैठाया था साल्वर

आरोपी डॉक्टर आरपी पांडेय ने बेटे ऋषभ पाण्डेय की जगह जोधपुर एम्स के एक छात्र को साल्वर बनाकर परीक्षा में बैठाया था। जहां प्रवेश पत्र में डॉक्टर के बेटे की जगह जोधपुर एम्स के उक्त डाक्टर की फोटो लगी पाई गयी थी। जिससे यह साफ हो गया था कि डॉक्टर ने ऋषभ क़ी जगह पर साल्वर को परीक्षा में बैठाया है। ऋषभ का बिहार के मुजफ्फरपुर के डीएवी कॉलेज में था। ऋषभ की जगह नीट देने वाला आरोपी हुकमाराम राजस्थान के बाड़मेर का रहने वाला बताया गया है। बिहार पुलिस व प्रदेश पुलिस ने बीते मंगलवार को डॉक्टर के अस्पताल और घर पर दोनों के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। गुरूवार को भी बिहार क़ी पुलिस ने अस्पताल में दबिश दिया। जबकि दोनों मुजफ्फपुर सरेंडर करने पहुंच गये है। हलांकि अभी इस बात क़ी पुष्टि नही हो सकी है कि दोनों क़ी गिरफ्तारी हुई है यानही।

# करंट की चपेट में आए तीन बच्चे, एक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** खेत के किनारे लगाए गए तारों में बिजली का करंट दौड़ाया जा रहा था। उसी बीच अपने दरवाज़े पर खेल रहे तीन भाई-बहन उसकी चपेट में आ कर उसमें चिपक गए। इसका पता होते ही गांव वाले उन्हें बचाने दौड़ पड़े, किसी तरह दो को तो बचा लिया, जबकि तीसरे की मौत हो गई। मामला पिहानी कोतवाली क्षेत्र का है।

कुवंरपुर बंदरहा निवासी शिवसागर के मकान के बिल्कुल बगल में लालाराम का खेत है। लालाराम के पुत्र विजय ने जानवरों का हवाला देते हुए खेत के चारों तरफ तार लगाए और उसमें बिजली का करंट दौड़ा रखा था। बुधवार की शाम को शिवसागर के बच्चे 8 वर्षीय पुत्री खुश्बू, 6 वर्षीय पुत्र मंजेश कुमार और 4 वर्षीय पुत्र गौरव घर के बाहर खेल रहे थे, उसी बीच तीनों भाई-बहन तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गए। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। तमाम गांव वाले दौड़ पड़े। सभी तीनों बच्चों को बचाने में जुट गए। खुश्बू और गौरव को किसी तरह बचा लिया गया, लेकिन मंजेश को नहीं बचाया जा सका। इस तरह हुए हादसे की खबर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

**▸▸ ग्रामीण ने खेत के किनारे तार लगाकर प्रवाहित कर रखा था करंट**

### पीआरवी को लावारिस छोड़ने पर तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**कानपुर, अमृत विचार :** सरकारी वाहन पीआरवी को लावारिस छोड़ने के मामले में तीन पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। एक बाद फिर कानपुर पुलिस चर्चाओं में आ गई है। इस मामले में तीनों पुलिस कर्मियों पर जांच बैठाई गई है।

मंगलवार को एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर रावतपुर की तरफ जा रहे थे। रास्ते में मोतीझील मेट्रो स्टेशन के पास उन्हें पीआरवी खड़ी दिखाई दी, लेकिन पुलिस कर्मी नदारद थे। इसपर जब पुलिस कर्मियों के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला पीआरवी चालक नवरत्न सिंह व सिपाही चंद्रशेखर कुमार व विदोषी मिश्रा की गाड़ी में ड्यूटी थी, लेकिन वह दूसरी शिफ्ट में आने वाले पुलिस कर्मियों का जब इंतजार करते-करते थक गए तो गाड़ी को छोड़कर चले गए हैं। इस लापरवाही पर तीनों पुलिस कर्मियों निलंबित कर दिया गया।

# चाची-भतीजे का शव पेड़ से लटका मिला

संवाददाता, धौरहरा/लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव तुलसीरामपुरवा में बुधवार की आधी रात से लापता चाची और भतीजे का शव गांव के बाहर गुलर के पेड़ से लटका देखे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोनों एक ही रस्सी के सहारे पेड़ की डाल से लटके हुए थे। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। माना जा रहा है कि प्रेम प्रसंग के चलते दोनों ने एक साथ आत्महत्या की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

गांव तुलसीरामपुरवा मजरा डिहुआ कलां निवासी शिवकुमार गौतम (25) उसकी सगी चाची पूजा ( 32) पत्नी प्रताप गौतम बुधवार की आधी रात को घर से रहस्यमय ढंग से लापता हो गए। परिवार वालों ने दोनों की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। सुबह गांव के बाहर कोटेदार श्याम किशोर के खेत में लगे गूलर के पेड़ की डाल से दोनों के शव एक ही रस्सी के सहारे लटके देखे गए। ग्रामीणों ने शव लटके होने की खबर परिवार वालों को दी। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। एक साथ चाची-भतीजे के आत्महत्या करने की खबर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जुट गई। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

**▸▸ प्रेम-प्रसंग की आशंका, एक ही रस्सी से लटके मिले दोनों शव**

# ऑनलाइन होटल बुक करने का झांसा देकर की ठगी

## अयोध्या पहुंचे तो होटल में देना पड़ा किराया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गुजरात से अयोध्या के एक होटल में ऑनलाइन कमरा बुक करवा एक डॉक्टर का परिवार अयोध्या में होटल पहुंचा तो परिवार को दोबारा किराए का भुगतान करना पड़ा। दरअसल साइबर ठग गिरोह ने कमरा बुकिंग के नाम पर उनसे रकम वसूल ली और कमरा बुक ही नहीं किया। पीड़ित डॉक्टर ने डीजीपी और एसएसपी को ईमेल से शिकायत भेजी है। साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर भी दर्ज कराई है।

गुजरात प्रान्त के भरुच जिला स्थित थाना सी डिवीजन के भृगुपुर सोसाइटी निवासी डॉ. पूजा तापियावाला का कहना है कि उन्होंने परिवार के साथ रामलला के दर्शन-पूजन का कार्यक्रम बनाया था। बुकिंग डॉट काम वेबसाइट के माध्यम से 18 जून को तीन सितारा रामा रेजीडेंसी में परिवार के लिए 8960 रूपये में चार डीलक्स रूम बुक किया। बाद में व्हाट्सएप पर भेजे गए बार कोड के माध्यम से 7500 रुपये अग्रिम भुगतान कर दिया।

### ऑनलाइन बुकिंग की ही नहीं जाती : प्रबंधक

25 जून को बच्चों और परिवार के साथ संबंधित होटल पहुंची तो प्रबंधक ने बताया कि उनके यहां कोई कमरा बुक नहीं है और यहां ऑनलाइन बुकिंग ही नहीं की जाती है, जिसके चलते कमरों के किराए का भुगतान करने के बाद ही परिवार को रुकने दिया गया।

# चार वर्ष पहले लगा दिए मीटर लेकिन अब तक नहीं लगा खंभा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** बिजली विभाग का कारनामा अजब है। तुलसीपुर ब्लाक के महदेइया के मजरा गुलरिहा के 20 घरों में चार वर्ष पहले मीटर लगा दिया गया, लेकिन कनेक्शन नहीं दिया गया। वजह गांव में तार खींचने के लिए खंभा नहीं लगाया गया है। खंभा गांव के बाहर सड़क पर रखा है। 20 घरों के लोग बांस की बल्ली के सहारे केबल लाकर बिजली जला रहे हैं। ग्रामीणों ने खंभा लगाकर बिजली कनेक्शन देने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है।

गांव के मनमोहन, राम अवतार, रामकेवल, वंशीधर, शिव प्रसाद, फतेहबहादुर, रामजी, अटल, मुनि ने बताया कि घरों में मीटर लगाकर बिजली विभाग बैठ गया है। बिजली खंभा न लगाने से कनेक्शन नहीं हो पा रहा है। जबकि गांव के बाहर सड़क पर खंभा रखा है। आधे गांव में लोगों के घरों में कनेक्शन मिला है। कन्हैया लाल, जग प्रसाद व जगराम ने बताया कि बल्ली व पेड़ के सहारे केबल बांध कर घरों तक बिजली पहुंचाई गई है, लेकिन बीच-बीच में केबल टूट जाने से आपूर्ति नहीं हो पाती है। अधीक्षण अभियंता बालकृष्ण ने बताया कि जांच कराकर ग्रामीणों की मांग पूरी की जाएगी। अब तक खंभा क्यों नहीं लगा, इसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



सड़क के किनारे पड़े बिजली के खंभे।

# स्वदेशी तकनीक से रुकेगा साइबर हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** भारतीय सेना के डाटा पर हमले को रोकने और उसे बेअसर करने का काम आईआईटी कानपुर करेगा। इसके लिए हेड क्वार्टर सेंट्रल कमांड लखनऊ और आईआईटी के बीच समझौता हुआ है। समझौते के तहत हेड क्वार्टर सेंट्रल कमांड में स्वदेशी रूप से विकसित और डेटा-संवेदनशील सॉफ्टवेयर की साइबर प्रूफिंग भी की जाएगी।

इस महत्वपूर्ण समझौते पर एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) सेंट्रल कमांड लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा और आईआईटी कानपुर के डीन, आरएंडडी प्रोफेसर तरुण गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इस समारोह में सीर्थीआईहब आईआईटी कानपुर के परियोजना निदेशक प्रोफेसर संदीप शुक्ला, मेजर जनरल शबीह हैदर नकवी, कर्नल हिरेन बोरा, कर्नल सजल थापा और लेफ्टिनेंट कर्नल वैभव आप्टे भी मौजूद रहे। यह समझौता ज्ञापन अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने व सैन्य सॉफ्टवेयर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए किया गया है। आईआईटी के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि यह समझौता रक्षा बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन बिंदुओं पर होगा काम यह समझौता ज्ञापन एक व्यापक साइबर रक्षा रणनीति बनाने पर केंद्रित है। जिसमें खतरे का पता लगाना, प्रतिक्रिया तंत्र और सुरक्षित सॉफ्टवेयर का विकास शामिल है। सेना के अनुभव और आईआईटी की उत्कृष्टता के साथ साइबर हमलों का सामना करने में परिष्कृत सिस्टम विकसित किया जाएगा।




जनरल मुकेश चड्ढा और प्रो. तरुण गुप्ता समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए।

**▸▸ हेड क्वार्टर सेंट्रल कमांड लखनऊ और आईआईटी के बीच समझौता**

### बाराबंकी : एसपी के आदेश पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पूरे गडरियन मजरे बड़ेला नरायनपुर निवासी पिंकी देवी ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पिंकी ने बताया कि गांव के मदन लाल के घर के सामने खेत है। मदन लाल ने अपने घर में दो शिकारी कुत्ते पाल रखे हैं, जो काफी खतरनाक हैं। महिला अपने परिवार के साथ 12 जून को खेत जा रही तभी आरोपी के कुत्तों ने दौड़ा लिया, तो सभी लोग जान बचाकर भागे। महिला के देवर उदेश कुमार ने आरोपी से कुत्ते के पहले भी काटने की शिकायत की व कुत्तों को बांध कर रखने को कहा। जिस पर मदन लाल, छोटकईया, मदन लाल का साला, राम कैलाश, सुभाष ने गालियां देकर मारा पीटा। बचाने गई महिला से छेड़छाड़ की व मारा पीटा। महिला ने आरोप लगाया कि पेट में चोट लगने से चार माह का गर्भ गिर गया। शोर सुनकर आये गांव के लोगों ने बचाया।

### जेल अधीक्षक समेत नौ के खिलाफ अर्जी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बढ़ौनाडीह भटपुरा निवासी शुभम वर्मा की तीन जून को जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में सीजेएम कोर्ट में जेल अधीक्षक नीरज कुमार समेत नौ के खिलाफ हत्या समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज करने की अर्जी दाखिल की गई है। कोर्ट ने थाने से रिपोर्ट तलब कर सुनवाई के लिए 3 जुलाई की तारीख नियत की है। मृतक बंदी के भाई शिवम वर्मा ने वकील शेख नजर अहमद के जरिए कोर्ट में अर्जी देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## वर्ग पहेली-114

**बाएं से दाएं**

1. 1. जैसे, गोया 2. मान लो कि, कल्पना कीजिए
5. पान रखने की पिटारी या डिब्बा, बांस का बना पानदान।
6. 1. जिसमें कोई गंध न हो 2. गंधरहित।
7. 1. (रोग) जो छूत से फैलता या बढ़ता हो, छूतवाला, संक्रामक 2. जिसे किसी के संक्रमण के कारण से छूना निषिद्ध हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. महीने का अंत या समाप्ति 2. अमावस्या 3. सौर संक्रांति का दिन 4. माह का आख़िरी दिन।
2. 1. किसी व्यक्ति तथा समूह का आर्थिक
3. 1. जो आहत हो, घायल, जिसे चोट लगी हो, ज़ख़्मी 2. चोट करने वाला 3. चोटी या ऊपर का सबसे अच्छा 4. भड़कीला, ठाट-बाटवाला।
4. सेंध मारने की क्रिया, चोर आदि असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी या उत्पात के उद्देश्य से दीवार को तोड़कर छेद या सुरंग बनाना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 3 |
| ■ | 4 | ■ | 5 | | |
| 6 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 7 | | |

### वर्ग पहेली-113 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 सा | ■ | ■ | 2 अ | रे | ■ |
| 3 म | नो | भा | व | ■ | 4 उ |
| धे | ■ | ■ | गुं | ■ | घा |
| नी | ■ | ■ | ठ | ■ | र |
| ■ | 5 मे | ह | न | 6 ता | ना |
| ■ | ■ | ■ | ■ | री | ■ |
| 7 सा | बु | न | ■ | फ़ | ■ |

## सुडोकू-27

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 4 | 8 | | | 9 |
| | | 5 | 9 | | | 8 | | 6 |
| | 8 | | 1 | | | 7 | | |
| 2 | 1 | | | 3 | | | 8 | |
| | 7 | | | | | | 9 | |
| | 9 | | | 6 | | | 4 | 2 |
| | | 2 | | | 4 | | 6 | |
| 4 | | 8 | | | 5 | 2 | | |
| 9 | | | 7 | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू-26 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 9 | 1 | 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 16.27 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 10.10 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज निर्माण कार्य में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक यात्राएं करनी पड़ सकती है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। व्यवसाय में धन उधार देने से बचें। नया काम शुरू करने में कठिनाई का अनुभव करेंगे।

**वृष** — आज बच्चों के करियर की चिंता हो सकती है। बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** — आज नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन बेहद शुभ है। परिस्थितियां आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी।

**कर्क** — आज आपका मन इधर-उधर की बातों में लगा रहेगा। लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी, किंतु आप अपने पुराने अनुभवों के आधार पर काम बना लेंगे।

**सिंह** — आज नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। दूसरे लोगों पर ज्यादा निर्भर न रहें। आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। निकटस्थ लोगों को आपका व्यवहार व्यथित कर सकता है।

**कन्या** — आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आप कारोबारी उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**तुला** — आज आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशंसा करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आप किसी पुरानी समस्या का हल ढूंढ़ लेंगे। आप काफी ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना उत्तम होगा। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है।

**धनु** — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। आपको विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मकर** — आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आएंगी। अनुसंधान संबंधित कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन आपके लिए काफी अच्छा है। संतान के व्यवहार से प्रसन्नता होगी।

**कुंभ** — आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा। आपको अपनी उपलब्धियों पर गर्व का अनुभव होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं, वही आपको काफी परेशान कर सकता है।

**मीन** — आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ सकता है। घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्नता रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
लश्कर — सुबह : 10.34
गुलाब गैंग — दोपहर : 03.28

&pictures
थैंक गॉड — सुबह : 11.20
दिल चाहता है — रात : 08.00

SONY PIX
वेनटेज प्वाइंट — सुबह : 09.56
वेनम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
नवरत्न — सुबह : 08.53
जवान — रात : 08.00

colors CINEPLEX
दोस्ताना — सुबह : 09.23
स्टूडेंट ऑफ द ईयर — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो महिलाएं बात कर रही थीं..
पहली बोली (चिंकी)- बहुत साल पहले एक बाबा ने कहा था कि भगवान तुझे इतना देगा कि संभाला नहीं जाएगा।
दूसरी महिला - तो क्या हुआ?
पहली महिला (चिंकी)- अब पता चला वो वजन की बात कर रहा था।

एक अक्षर गलत होने की वजह से एक किताब की 10 लाख कॉपियां दो दिन में ही बिक गईं। दरअसल ये गलती उस किताब के टाइटल में हो गई थी।
किताब का नाम था -एक आइडिया जो आपकी लाइफ बदल दे।
और गलती से हो गया-एक आइडिया जो आपकी वाइफ बदल दे।

गोभि : पशुभिरश्वैश्च कृष्या च सुसमृद्धया।
कुलानि न प्ररोहन्ति यानि हिनानि वृत्तत :॥

जिस कुल में सदाचार नहीं है, वहां गायों, घोड़ों, भेड़ तथा अन्य लाख पशु–धन मौजूद हों, उस कुल की उन्नति नहीं हो सकती।

## संपादकीय

# विकसित भारत का संकल्प

अठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश की प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया है। यानी सरकार के विजन के प्रभावी दस्तावेज में प्रगति और भविष्य की संभावनाओं को शामिल किया। सीएए का जिक्र किया और कहा कि मोदी सरकार ने इस अधिनियम के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा इसने विभाजन के कारण पीड़ित कई परिवारों के लिए एक सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, किसी भी कारण से इनमें रुकावट आए, ये उचित नहीं है। इनमें शुचिता और पारदर्शिता बहुत ज़रूरी है। सरकार परीक्षा प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। इस पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी ठोस उपाय करने की ज़रूरत है। वास्तव में देश में पिछले 10 वर्षों में जो सुधार हुए हैं, भारत को विकसित बनाने के लिए उनसे नई गति मिली।

भारत को देखने का विश्व का नज़रिया बदला है। पड़ोसी प्रथम की नीति पर चलते हुए, भारत ने पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्तों को मज़बूत किया है। सात पड़ोसी देशों के नेताओं का 9 जून को केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेना, सरकार की इस प्राथमिकता को दर्शाता है। पूर्वी एशिया हो या फिर मिडिल-ईस्ट और यूरोप, सरकार कनेक्टिविटी पर बहुत बल दे रही है। भारत के विजन ने ही इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को आकार देना शुरू किया है। अफ्रीका महाद्वीप के साथ-साथ पूरे ग्लोबल साउथ का भरोसा मज़बूत हुआ है। कहा जा रहा है कि ये सदी भारत की है, और आने वाला दौर भारत का दौर है। सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है। सकारात्मक संदेश दिया कि जब भारत तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनेगा तो देश की इस सफलता में सभी की सहभागिता होगी। राष्ट्रपति ने सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाईं, उनमें सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां तथा पूर्वोत्तर में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। इस दृष्टि से अभिभाषण व्यापक था। उन्होंने विश्वास जताया कि स्पष्ट दृष्टिकोण और स्पष्ट रास्ता तय करते हुए लोकसभा में जन कल्याण के फैसलों का नवीन अध्याय लिखा जाएगा।

# राहुल सांकृत्यायन का नालंदा स्वप्न



पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भिक्षु भदंत आनंद कौसल्यायन ने भी अपने संस्मरण में इस विषय पर लिखा है–"हां, वह राहुलजी के "आर्य–विहार, नालंदा" के स्वप्न का क्या हुआ? उसका उद्धार हो सकता था, यदि राहुलजी में किसी एक स्थान पर बहुत समय तक जमकर बैठने का धैर्य होता, धन–कुबेरों के आगे हाथ फैला सकने का सामर्थ्य होता।

नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्निर्माण की संकल्पना का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति अबुल कलाम को दिया जाता है। 28 मार्च 2006 को बिहार विधानमंडल के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि भारत के सांस्कृतिक गरिमा और बौद्धिक गौरव के प्रतीक नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार की आवश्यकता है।

भारत के लोग भूल गए हैं कि आधुनिक काल में नालंदा के आचार्यों के लुप्त ज्ञान वैभव की महत्वपूर्ण खोज सबसे पहले महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने की थी और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष पर नए नालंदा विश्वविद्यालय के निर्माण का स्वप्न भी सबसे पहले उन्होंने ही देखा था। भिक्षु जगदीश कश्यप जिन्हें राहुलजी ने पाली और बौद्ध दर्शन का अध्ययन करने श्रीलंका भेजा और जो कालांतर में नव नालंदा महाविहार के प्रथम निदेशक नियुक्त हुए, ने अपने संस्मरण मे लिखा हैः 'राहुल जी का सबसे बड़ा स्वप्न था-नालंदा का उद्धार करना। उनकी जितनी किताबें थीं, सभी पर लिखा रहता नालंदाएं। मुझसे कितनी ही बार इसकी संभवानाओं पर बातें कीं। बहुत पहले एक हल्की योजना भी बनाई थी कि सर्दी के तीन-चार महीने नालंदा में फूस की झोपड़ी बना कर रहा जाए और कुछ लिखने-पढ़ने का काम हो, किंतु इसे कार्यान्वित करने का कभी अवसर नहीं हुआ। जब नव नालंदा महाविहार की मैंने स्थापना की, तो राहुल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें उसकी साधारण समिति का मान्य सदस्य रखा। दो-एक बैठकों में राहुल जी ने भाग भी लिया और अपने अमूल्य परामर्श दिए।

भिक्षु भदंत आनंद कौसल्यायन ने भी अपने संस्मरण में इस विषय पर लिखा है-"हां, वह राहुलजी के "आर्य-विहार, नालंदा" के स्वप्न का क्या हुआ? उसका उद्धार हो सकता था, यदि राहुलजी में किसी एक स्थान पर बहुत समय तक जमकर बैठने का धैर्य होता, धन-कुबेरों के आगे हाथ फैला सकने का सामर्थ्य होता। पहली बात यदि संभव भी हो जाती, तो दूसरी कभी भी नहीं। इसीलिए आर्य विहार नालंदा नहीं ही बन सका।" एक बार राहुल जी के मन में यह विचार आया कि खच्चरों पर लादकर तिब्बत के दुर्गम महाविहारों से

> मैं जिस समय नालंदा विद्यालय के उत्कर्ष को सुन रहा था, मेरे आनंद की सीमा न थी, हृदय में आनंद की सिंधु तरंगें मार रही थी। श्रोतागण भी इस परिचय से बहुत प्रभावित दिख पड़े। सबके सब मेरी ओर एक ऐसी दृष्टि से देख रहे थे, जिसमें प्रेम और सम्मान का भाव था।

जो कलाकृतियां या चित्रपट उन्होंने लाईं थीं और जिनके लिए यूरोप और अमेरिका के संग्रहालय एक लाख पाउंड तक देने के लिए तैयार थे, को बेचकर नालंदा आर्य विहार की स्थापना की जाए, लेकिन अंत में उन्होने उस अमूल्य धरोहर को पटना म्यूजियम को दान दे दिया। पटना म्यूजियम के तत्कालीन अध्यक्ष काशीप्रसाद जायसवाल के हस्ताक्षर से तैयार किए गए करारनामे में शर्त यही रखी गई कि यदि किसी समय नालंदा में संग्रहालय बने, तो इन्हें वहां भेज देना होगा।

1918 में राहुल जी ने एक पुस्तक लिखी, जिसमें नालंदा की ज्ञान संपदा के उद्धार का विशद वर्णन था। वह पांडुलिपि खो गई और जब उसके मिलने की आशा बिल्कुल न रही, तब उन्होंने स्मृति से उस पुस्तक में व्यक्त भाव तथा विचार को 1924 में हजारीबाग जेल में लिपिबद्ध किया। "बाइसवीं सदी" नामक यह पुस्तक कल्पित पात्र आचार्य विश्वबंधु का भ्रमण वृतांत है। विश्वबंधु साठ वर्ष की अवस्था में नेपाल का भ्रमण करते हैं, लेकिन किसी कारण से गिरि-गह्वर में प्रवेश करने पर उन्हें मूर्छा आ जाती है और दो सौ वर्ष वे सुप्तावस्था में व्यतीत करते हैं। जब उनकी नींद खुलती है, वे वल्कल वस्त्र पहनकर समीपवर्ती नगर में प्रवेश करते हैं, जहां उनकी मुलाकात सुमेध नामक व्यक्ति से होती है। विश्वबंधु अपना परिचय देते हुए कहते हैं, "उक्त गुफा में आने से पूर्व मैं नालंदा में रहता था। उस समय वहां एक विद्यालय था, जिसमें मैं पहले पढ़ता पढ़ाता था।" सुमेधः ओहो, आप नालंदा विद्यालय के अध्यापक विश्वबंधु हैं! सचमुच हम कितने भाग्यशाली हैं कि आपके दर्शन कर सके। मैं भी तीन वर्ष से बीस की अवस्था तक आपके ही विद्यालय की गोद में पला हूं। वहां के ''वसुबंधु- भवन में' मैंने आपकी प्रस्तर मूत्ति भी देखी है।" "तो हमारा प्यारा विद्यालय अब भी जीवित है ?" "जीवित ही नहीं, बल्कि आज उस विद्यालय के मुकाबले में संसार में शायद ही कोई दूसरा विद्यालय हो। दर्शन, ज्योतिष, भाषा-विज्ञान, इतिहास और राजनीति के लिए नालंदा अद्वितीय है।"

मैं जिस समय नालंदा विद्यालय के उत्कर्ष को सुन रहा था, मेरे आनंद की सीमा न थी, हृदय में आनंद की सिंधु तरंगें मार रही थी। श्रोतागण भी इस परिचय से बहुत प्रभावित दिख पड़े। सबके सब मेरी ओर एक ऐसी दृष्टि से देख रहे थे, जिसमें प्रेम और सम्मान का भाव था। वसुबंधु सुमेध से पूछते हैं, अच्छा यह तो बताओ, इस समय नेपाल का राजा कौन है? "नेपाल का राजा। 'राजा' शब्द तो अब 'पुस्तकों की ही शोभा बढ़ाता है। अब राजा कहां !" अब तो सभी चीजें राष्ट्रीय हैं, सिर्फ बाग क्या, यह घर, कुर्सी, पलग, लड़के, स्त्री-पुरुष सब राष्ट्र के हैं। राष्ट्र का संचालन हम लोगों द्वारा चुने गए पंचों की पचायतों से होता है।" फिर आचार्य श्री पास की एक कुर्सी पर बैठकर मेज से एक किताब उठाकर देखते हैं। वह नालंदा विश्वविद्यालय के इतिहास के प्रोफेसर विश्वामित्र की पुस्तक थी जिसे नालंदा प्रेस ने 2024 में प्रकाशित किया था। एक इंच में प्रायः तीन हजार पृष्ठ रहे होंगे (संभवतः लेखक-कल्पित ई-बुक की फाइल)। आगे वे नालंदा विश्वविद्यालय के बारे में जिज्ञासा व्यक्त करते हैं -वे पूछते हैं, "अच्छा, यह तो बताओ, नालंदा विद्यालय की इस समय क्या स्थिति है?"

'अब नालंदा चहु विशाल विद्यालय हैं। पुराने, बड़गांव से राजगृह तक विद्यालय के ही भवन और छात्रालय चले गए हैं। सारे भूमंडल में दर्शन और इतिहास के लिए ऐसा दूसरा विद्यालय नहीं। वहां अध्ययन के लिए यूरोप, अमेरिका, जापान, अफ्रिका, आस्ट्रेलिया सभी जगहों से विद्यार्थी आते हैं। प्राचीन वस्तुओं का संसार में सबसे बड़ा संग्रहालय यहीं पर है। प्राचीन लिपियों और भाषाओं के पढ़ने-पढ़ाने का यहां सर्वोत्तम प्रबंध है। सिर्फ भारत की इतिहास-विषयक सामग्री ही नहीं, बल्कि रोम, यवन, मिश्र, असुर कल्दान, मेक्सिको आदि के विषय की कितनी ही सामग्रियों वहां संगृहीत हैं। नालंदा को अभिमान है कि उसने अंतर्राष्ट्रीय इतिहास के प्रस्तुत करने में बड़ी सहायता की है। दर्शन का अध्ययन नालंदा में उत्तम रीति से होता है। नव्य, प्राचीन, पौरस्त्य, पाश्चात्य सभी दर्शनों के अध्ययन का प्रबंध है। हमारे आचार्य दर्शन के महान विद्वान हैं। संस्कृत, पाली, जन्द, प्राकृत, यवनानी, लातीनी (रोमक) इत्यादि बहुत सी भाषाओं के वहां अध्यापक हैं। भाषाओं के अध्ययन में अब सचमुच बड़ी क्रांति हो गई है। प्रत्येक भाषा के अध्ययन के उपयुक्त वातावरण बना हुआ है। विशेष-विशेष भाषाओं के जिज्ञासुओं को यहां रखकर एक प्रकार से दूसरी भाषा से उनका नाता ही तुड़वा दिया जाता है। उनका सभी समालाप उसी भाषा में होता है। वस्तुओं का नाम आदि अध्यापकगण आकृति-प्रदर्शन पूर्वक उसी भाषा में बतलाते हैं। इस प्रकार तीन वर्ष में छात्रों का उस भाषा पर अधिकार हो जाता है। नालंदा विद्यालय में पृथक-पृथक विषयों के 15 विद्यालय हैं, जो भाषा पुरातत्व, ज्योतिष, दर्शन, विज्ञान, साहित्य, सगीत, आलेख्य, वास्तु ( सिविल इजीनियरिंग), आयुवेद, वनस्पति, प्राणि, कृषि, यांत्रिक एवं शिक्षण विद्यालयों के नाम से प्रसिद्ध हैं। अध्यापक अपने-अपने विषय के पूर्ण ज्ञाता हैं।

भाषा-पुरातत्व विद्यालय में इतिहास की मौलिक सामग्री से परिचय एवं उसके एकत्रित करने का ढंग बतलाया जाता है। यह बीसवीं शताब्दी नहीं, बाईसवीं शताब्दी है। भूमि, बालू अथवा समुद्रों के नीचे पड़ी हुई सामग्रियां बहुतायत से इधर मिली हैं। अनेक पुरानी जातियों के धर्म, आचार-विचार तथा इतिहास पर इधर बहुत प्रकाश पड़ा है। भारत, मिश्र, असुर, कल्दान, ईरान, मेक्सिको, ब्राजील आदि अनेक देशों की प्राचीन सभ्यता की परिचायक अनेक सामग्रियों हाथ लगी है। राष्ट्र ने इन सामग्रियों के प्राप्त करने और रक्षित रखने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। जहां प्राचीन खंडहरों को खोदने, चीजों की रक्षा के लिए सुरक्षित स्थान बनाने में लाखों आदमी काम कर रहे हैं, वहां हजारों विद्वान दिन-रात उनके रहस्य को खोलने के लिए भी परिश्रम कर रहे है।

## प्रसंगवश

# फिर चर्चा में सेंगोल



महेश शर्मा
कानपुर

राजदंड के प्रतीक सेंगोल को लोकसभा से हटाने की मांग करके समाजवादी पार्टी ने न्याय और राजदंड के बीच गाढ़ी लकीर खींचने की कोशिश की। हालांकि सेंगोल को राजदंड और न्यायदंड दोनों ही कहे जाने का उल्लेख मिलता है, पर लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में लोकसभा में इसका रखा जाना सपा को शायद इसलिए नहीं भाया होगा, क्योंकि विरोध करने वाले उसके सांसद आरके चौधरी इसे राजतंत्र का प्रतीक मानते हुए राजा का डंडा कहते हैं। फिर जनता के प्रतिनिधियों द्वारा संचालित शासन व्यवस्था भला सिंगोल क्यों? पूर्ण बहुमत वाली पूर्व की भाजपा सरकार में भाषण, योजनाएं, वादे सबकुछ मोदी के ही नाम से चलने के कारण यह ध्वनित होता था कि जैसे देश राजतंत्र की तरफ बढ़ रहा हो। भले ही प्राकट्य में ऐसा नहीं था। पर विपक्ष को चिकोटी काटने का अच्छा अवसर मिल गया और सेंगोल को उसके पूर्व के स्थान (तमिलनाडु) में रखने को लेकर संसद में बहस शुरू करने का प्रयास किया गया। अब देखना है कि क्या संपूर्ण विपक्ष उनकी इस मांग का समर्थन करता है या नहीं। जिस सेंगोल की स्थापना नई संसद में की गई है, उसका आधुनिक इतिहास भारत की आजादी के साथ जुड़ा हुआ सामने आया है। 14 अगस्त 1947 में जब भारत की सत्ता का हस्तांतरण हुआ, तो वो इसी सेंगोल द्वारा हुआ था। आजादी के समय जब लॉर्ड माउंटबेटन ने पंडित जवाहरलाल नेहरू से पूछा कि सत्ता हस्तांतरण के दौरान क्या आयोजन होना चाहिए? नेहरूजी ने अपने सहयोगियों से चर्चा की। सी. गोपालाचारी ने सेंगोल प्रक्रिया के बारे में बताया। इसके बाद इसे तमिलनाडु से मंगाया गया और आधी रात को पंडित नेहरू ने स्वीकार किया। इसका तात्पर्य था पारंपरिक तरीके से ये सत्ता हमारे पास आई है। आज लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के निकट रखा सेंगोल समाजवादियों को खटकने लगा है। प्राचीन इतिहास पर नजर डालें तो सेंगोल के सूत्र चोल राज शासन से जुड़ते हैं, जहां सत्ता का उत्तराधिकार सौंपते हुए पूर्व राजा, नए बने राजा को सौंपता था। यह सेंगोल राज्य का उत्तराधिकार सौंपे जाने का प्रमाण होता था और राज्य को न्यायोचित तरीके से चलाने का निर्देश भी हुआ करता था।

# आर्थिक चमत्कार के तकनीकी पहलू



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> आम लोगों के दिमाग में यह रहस्य खुल ही नहीं पा रहा कि आखिर किसी खास बिजनेसमैन के बिजनेस में ऐसे कौन से सुरखाब के पर लगे हैं कि उसका साम्राज्य इतनी तेजी से बढ़ता जा रहा है।

उद्योगपति या कहें बिजनेसमैन, गौतम अडानी की संपत्ति पिछले एक साल में लगभग दोगुनी हो गई है। एक साल पहले अडानी की नेटवर्थ जहां 58.2 अरब डॉलर थी, अब यह बढ़कर 106 अरब डॉलर हो गई है। वे आजकल एक घंटा में 45 करोड़ रुपए कमा रहे हैं। गौतम अडानी की इस बेमिसाल आर्थिक सफलता और आमदनी का आलम तब है जब पिछले साल आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने उनके बिजनेस को चौतरफा झटका दिया था और उनके शेयरों के भाव बहुत नीचे आ गए थे। उस रिपोर्ट के बाद वे जितनी तेजी से गिरे थे। उससे बहुत अधिक तेजी के साथ फिर खड़े हो गए और पहले से अधिक, खूब अधिक ऊंचे भी हो गए। ऊंचाई मतलब आर्थिक साम्राज्य की ऊंचाई।

आम लोगों के दिमाग में यह रहस्य खुल ही नहीं पा रहा कि आखिर किसी खास बिजनेसमैन के बिजनेस में ऐसे कौन से सुरखाब के पर लगे हैं कि उसका साम्राज्य इतनी तेजी से बढ़ता जा रहा है। यह पहली बार नहीं है कि महज एक साल में उनके आर्थिक साम्राज्य में लगभग 82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्मरण होगा कि दो साल पहले भी ऐसी सुर्खियां थीं कि अडानी की पूंजी में एक साल में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। आम आदमी भले ही इस बेमिसाल, बेहिसाब आर्थिक सफलता का तकनीकी पहलू नहीं समझ सके, लेकिन मैनेजमेंट कॉलेजों के प्रोफेसर्स और शोधार्थियों के लिए तो यह दिलचस्प केस स्टडी है। उन्हें इस पर शोध करना चाहिए कि इस आर्थिक चमत्कार के पीछे के तकनीकी पहलू आखिर क्या हैं? दिलजले तो झट से आरोप लगा देंगे मोदी जी पर कि यह सब उनके राज के सुराखों का परिणाम है कि अडानी जी उनके मित्र हैं, इसलिए सत्ता के समर्थन से दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की किए जा रहे हैं, लेकिन यही तो रिसर्च का टॉपिक होगा। आखिर कैसे किसी बिजनेसमैन की समृद्धि में इतनी तीव्रता से बढ़ोतरी हो सकती है? हुई है, यह तो स्पष्ट है, लेकिन कैसे? कहा जाता है कि नवउदारवादी राजनीतिक और आर्थिक संस्कृति में 'क्रोनी कैपिटलिज्म' व्यवस्था की स्वाभाविक परिणति है, लेकिन यहां तो मामला उससे भी बहुत आगे का लगता है।

कनाडा के एक पत्रकार ने इसके लिए एक नायाब शब्द दिया था, 'गैंगस्टर कैपिटलिज्म', लेकिन जब हम गैंगस्टर पूंजीवाद की बात करते हैं तो मामला 'यारी' से बहुत आगे निकलता महसूस होता है। गैंगस्टर का सामान्य अर्थ तो सुधीजन समझते ही होंगे। अगर अडानी ब्रांड पूंजीवाद को गैंगस्टर पूंजीवाद कहा गया तो क्यों कहा गया होगा? हमारी कंपनी को तमाम बड़े बंदरगाह चाहिए तो चाहिए। हमें तमाम हवाई अड्डे चाहिए तो चाहिए। हमें फलां क्षेत्र के खनन का स्वामित्व चाहिए तो चाहिए। हमें रेलवे स्टेशनों के स्वामित्व के पट्टे हमारी इन शर्तों पर चाहिए तो चाहिए। हमें कारपोरेट टैक्सेशन में ऐसी पॉलिसी चाहिए तो चाहिए। हमें आर्थिक नीतियों में ऐसे प्रावधान चाहिए तो चाहिए। हमें श्रम कानूनों में ऐसे बदलाव चाहिए तो चाहिए। 'चाहिए तो चाहिए' की मुद्रा में खड़े पूंजीवाद को ही तो गैंगस्टर पूंजीवाद कहेंगे न? फिर साल भर में पूंजी दोहरे आकार में क्यों न बढ़े? यहां सवाल प्रासंगिक है कि इस एक वर्ष में मिडिल क्लास, खास कर लोअर मिडिल क्लास की आमदनी में कितनी बढ़ोतरी हुई? उससे भी अधिक प्रासंगिक सवाल यह कि बरसों से पांच किलो फ्री अनाज पाने की लाइन में खड़े 80-85 करोड़ निर्धनों की आमदनी में कितनी बढ़ोतरी हुई?

सटीक रिसर्च तो होने से रही कि आखिर कैसे पूंजीपतियों का एक छोटा सा समूह महज कुछ वर्षों में अपने आर्थिक साम्राज्य को इतनी ऊंचाइयों पर ले गया, क्योंकि अगर रिसर्च के फाइंडिंग्स सामने आए तो न जाने कितने चेहरों पर कालिख पुत जाएगी। गहराई से विचार करें तो गैंगस्टर कैपिटलिज्म और कारपोरेट नेशनलिज्म एक ही नाव पर सवार नजर आएंगे। यहां आकर महसूस होता है कि नेशन फर्स्ट, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्र के लिए बलिदान आदि शब्द कितने घिस दिए गए कि उन पर फिसलते हुए भारतीय राजनीति आज पतन के इस मुहाने पर आ खड़ी हुई है। देश के विकास दर की चंद लोगों द्वारा ऐसी लूट क्या किसी सक्षम और सजग लोकतंत्र में संभव है?

## सोशल फोरम

# आस्थावानों की सोच का दायरा



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक मित्र हैं। उनकी कार का एक बार एक्सीडेंट हो गया। उन्हें भी अच्छी खासी चोटें आईं। हाल चाल पूछने गया तो बोले ये एक्सीडेंट मेरी वजह से हुआ। मित्र बोला, दरअसल मैं स्टेयरिंग पर बैठ पहले भगवान का नाम ले उसे प्रणाम करता हूं। काम की जल्दबाजी में उस दिन प्रणाम करना भूल गया था।

जीवन मे घटित कुछ संयोगों के आधार पर हम एक धारणा विकसित कर लेते हैं और फिर सारा जीवन उसे पकड़े रहते हैं। ये बेचारे संयोगों के मारे हैं। आपने कई क्रिकेटरों को भी मैदान में कदम रखते वक्त कुछ खास करते देखा होगा। ये भी बेचारे संयोगों के मारे हैं। लंबी चौड़ी भूमिका की जरूरत मुझे इसलिए पड़ी की आजकल एक खास नरेटिव बहुत तेजी से चल रहा है कि बीजेपी या कहिए मोदी साहब ने राम जी का सम्मान नहीं किया, गलत मुहूर्त पर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की, किसी शंकराचार्य की बात नहीं मानी इसलिए पार्टी की ये गति हुई। खास कर पार्टी अयोध्या की सीट भी इसी वजह से हारी। आस्थावानों के लिए ऐसा सोचना बहुत आसान है, क्योंकि इससे उनके विश्वास को बल मिलता है। उनको लगता है कि कोई शक्ति जरूर है, जो गलत करने पर दंड देती है।

मुझको लगता है कि अगर कोई सर्वशक्तिमान है तो हम उसे भी साधारण इंसान की तरह ईर्ष्या, द्वेष वाला बना दे रहे हैं। ऐसे टुच्चे काम उसके माथे डाल उसे भी छोटा कर दे रहे हैं, लेकिन क्या कोई प्रभु केवल इसलिए कार का एक्सीडेंट करवा देगा कि व्यक्ति ने स्टेयरिंग पर बैठ उसे याद नहीं किया और इसीलिए चुनाव भी हरवा सकता है कि उसका निरादर हुआ।

तब सवाल है कि आखिर ये नरेटिव चलाया क्यों जा रहा है? दरअसल एक तो आस्थावानों की सोच का दायरा बड़ा तंग होता है। ऊपर से इस देश में इसी आस्था वालों के भरोसे कमाने खाने वाला भी एक जीव है। उस जीव की दुकानदारी बढ़िया से चलती रहे, इसलिए ऐसे नरेटिव गढ़े जाते हैं। **–फेसबुक वॉल से**

# निजी बैंकों से छंटनी पर मंथन की जरूरत



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी की उम्र 70 के दशक के बीच में है। यह उम्र संन्यास लेकर अध्यात्म की ओर बढ़ने की है न कि मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोप में जेल जाने की।

ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवार के चार सदस्यों, प्रकाश हिंदुजा, उनकी पत्नी कमल हिंदुजा, उनके बेटे अजय हिंदुजा और उनकी पत्नी नम्रता हिंदुजा को स्विस अदालत ने भारतीय प्रवासी नौकरों का शोषण करने के लिए जेल की सजा सुनाई है, जिनसे वे 18 घंटे तक काम कराते थे। प्रति दिन 700 रुपये से कम में। स्विट्जरलैंड में प्रति घंटा दर 32 सीएचफ है, जो 2800 रुपये हैं। उन्होंने उन्हें स्थानीय मुद्रा के बजाय भारतीय रुपये में भुगतान किया। उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए और उन्हें बाहर नहीं जाने दिया। वहीं अपने नौकरों को अच्छा वेतन देने की तुलना में अपने कुत्तों की देखभाल में अधिक पैसा खर्च किया।

प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी की उम्र 70 के दशक के बीच में है। यह उम्र संन्यास लेकर अध्यात्म की ओर बढ़ने की है न कि मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोप में जेल जाने की। दोनों को 4.5 साल की सजा हुई है, जबकि बेटे अजय और उसकी पत्नी नम्रता को 4-4 साल की सजा हुई है। विकसित देशों में न्याय प्रणाली इसी तरह काम करती है, भले ही परिवार ने नौकरों के साथ अदालत के बाहर समझौता कर लिया हो। क्या हमारे देश के कानून भी इससे सबक लेंगे? अभी कुछ दिन पहले ही राष्ट्रीयकृत बैंक के लाभ के नतीजे आने से उत्साहित बैंक कर्मचारियों की यूनियन ने निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण की मांग की थी, किंतु हाल में प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक को लेकर बड़ी खबर आई है। इस बैंक में बड़ी छंटनी की गई है और एक साथ 500 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। यही नहीं आने वाले दिनों में बैंक में और लोगों की भी छंटनी की संभावना है। बैंक की ओर से इस बड़ी छंटनी के पीछे कॉस्ट कटिंग के साथ ही तमाम अन्य कारण भी बताए गए हैं। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि आने वाले महीनों में और छंटनी का अगला दौर देखने को मिल सकता है और बैंक की लिस्ट में कई नाम शामिल हैं। कथित तौर पर यस बैंक लेऑफ से कई सेक्शन प्रभावित हुए हैं और इनमें होलसेल से लेकर रिटेन यूनिट तक शामिल है। बैंक ने बताया कि रिपोर्ट्स के मुताबिक, यस बैंक में की गई ये छंटनी दरअसल, यस बैंक के रिस्ट्रक्चरिंग प्रोसेस के तहत की गई है और इसके पीछे कॉस्ट कटिंग का हवाला दिया गया है।

इसके इतर पीडब्ल्यूसी के 'ग्लोबल वर्कफोर्स होप्स एंड फियर्स' सर्वेक्षण के अनुसार, अगले साल नौकरी बदलने के इच्छुक कर्मचारियों की संख्या 2022 के इस्तीफे की संख्या से अधिक हो गई है, जबकि 19 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि वे अगले 12 वर्षों के भीतर नियोक्ता बदलने की संभावना रखते हैं, 28 प्रतिशत 2024 में ही ऐसा करने के इच्छुक हैं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि नौकरी से संतुष्टि पिछले साल की तुलना में थोड़ी बढ़ी है, 60 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि वे बहुत या मध्यम रूप से संतुष्ट हैं, जबकि पिछले साल 56 प्रतिशत ने ऐसा कहा था, लेकिन नौकरी से संतुष्टि का मतलब यह नहीं है कि कर्मचारी अपने नियोक्ता के साथ बने रहेंगे और ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश कार्यबल अन्य अवसरों पर नजर गड़ाए हुए हैं। बड़ी विचित्र स्थिति है एक ओर निजी बैंकों और संस्थानों में छटनी हो रही है। वही दूसरी ओर निजी क्षेत्र में खासकर आईटी सेक्टर में असंतोष बढ़ रहा है, क्या स्थिति 1969 की याद ताजा नहीं कर रही जब व्यापक असंतोष के कारण बैंकों का राष्ट्रीयकरण घोषित किया गया था, जरूरत इन सभी बातों के गहन मंथन की है।

# इमरजेंसी का रोना कब तक



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ओम बिरला अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष यानी स्पीकर के पद पर आसीन हो गए। यह सांविधानिक पद है और इस पर आरूढ़ हो जाने के उपरांत यह पदाधिकारी किसी पार्टी का सदस्य नहीं रह जाता। वह दलीय राजनीति से निरपेक्ष विशुद्ध न्यायिक हैसियत रखता है। होना तो ऐसा ही चाहिए। हालांकि बिरला ने पद पर चयनित होते ही यह प्रमाणित कर दिया कि वे भरपूर भाजपाई हैं और संविधान का कम भाजपा का अधिक ध्यान रखेंगे। उन्होंने वर्ष 1975 में 25 जून को इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई आपातिक स्थिति यानी इमरजेंसी के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव सदन में रखा और उसके विरुद्ध मुखर होकर कांग्रेस को कटघरे में खड़े करने की कोशिश की।

इस तरह उन्होंने मोदी नीत भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाया। सवाल यह है कि क्या इमरजेंसी संविधान के प्रावधानों के अंतर्गत नहीं लगाई गई थी? उत्तर है कि लगाई तो संविधान के ही तहत गई थी। तब फिर सांविधानिक पद पर बैठा व्यक्ति इसका निंदा प्रस्ताव कैसे ला सकता है? बिरला की दलीय निष्ठा अब भी क्यों बरकरार है? वे तो पिछली लोकसभा के भी अध्यक्ष थे। 25 जून तो उस कार्यकाल में भी हर वर्ष आता था। क्या हर साल उन्होंने ऐसा किया था? स्पष्ट है कि स्पीकर महोदय मोदी और भाजपा के मनोनुकूल ही सदन चलाएंगे। हालांकि लगभग पचास साल पहले घटी इस घटना को अब कुरेदने की कोई जन स्वीकृति नहीं होगी। जनता यह भी तो देख रही है कि जिन इंदिरा गांधी की इस बहाने निंदा की गई, उनकी अगली पीढ़ी सोनिया और राहुल ही नहीं, मेनका और वरुण भी हैं, जो भाजपा में हैं। मेनका मोदी सरकार में मंत्री भी रहीं। टिकट इस बार भी दिया गया, किंतु पराजित हो गईं। यह भी सर्वविदित है कि इमरजेंसी के कारक मेनका के पति और वरुण के पिता संजय गांधी थे। राहुल के पिता राजीव का तो तब राजनीति से कोई लेना देना नहीं था। यह भी बता दें यह प्रस्ताव लाकर जिस कांग्रेस को आइना दिखाया गया, उसके तमाम लोग तो आज भाजपा में हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया क्या हैं? उनके पिता और वे कांग्रेसी रत्न ही रहे हैं। जब पूरी कांग्रेस बुरी है तो इन बुरों को गले क्यों लगाया गया?

क्या भाजपा में आकर सब शुद्ध हो जाते हैं। ऐसे उदाहरण तमाम हैं, तब यह चयनित निंदा का क्या मतलब! उस समय मोदी 25 वर्ष के पूर्णतया बालिग थे। जन आंदोलन क्यों नहीं किया? जिस रायबरेली से इंदिरा जी लड़ती थीं, वह आज फिर उनके पौत्र राहुल के ही पास है। जनता की यह आवाज क्यों अनसुनी की जा रही है? इमरजेंसी हटने के बाद हुए चुनावों में जिस यूपी ने विपक्षी जनता पार्टी को पूरी 85 सीटें दी थीं, वहां अब मोदी की भाजपा सिमट कर 33 पर आ गई है। कहां है इमरजेंसी का जन विरोध। उचित होगा कि गड़े मुर्दे न उखाड़कर सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

# बनी रहें संसदीय परंपराएं



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

अठारहवीं लोकसभा के नई संसद में शपथ के बाद नारे लगे। इस बार पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से जमकर नारेबाजी हुई। एक नजारा और देखने मिला वह यह कि जिन राहुल गांधी को कभी भाजपा ने कहा था कौन राहुल? आज वे विपक्ष के नेता बन गए हैं और प्रधानमंत्री के साथ नए लोकसभा अध्यक्ष को उनकी कुर्सी तक साथ-साथ पहुंचाने गए। यही परंपरा भी है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी चिर परिचित शैली में लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधियों की आवाज दवाई न जाए, निष्कासन न हो, शायद उनका इशारा पिछले सदन में सांसदों के हुए निलंबनों की ओर था। स्पीकर का अंकुश सत्ता व विपक्ष दोनों पर हो। पिछली बार की तुलना में अबकी बार विपक्ष मजबूत है, सत्ता पक्ष दूसरों के सहारे पर है। इसलिए संसदीय परंपराएं मर्यादाओं का ईमानदारी से पालन की संभावना है। यही जनहित में भी है।

## एक नजर

### हापुड़ में सांप काटने से दो बच्चों की मौत

**हापुड़ :** जिले के पिलखुवा कोतवाली में दो बच्चों की सांप के काटने से मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक सिंभावली थाना क्षेत्र के शाहिद ने बताया कि पिछले कई सालों से अपने परिवार के साथ वह पिलखुवा कोतवाली के निड़ोरी गांव में रहता है। बुधवार की रात को वह अपने परिवार के साथ जमीन पर ही कपड़ा बिछाकर सो रहा था। पुलिस के अनुसार गुरुवार तड़के बच्चे अचानक रोने लगे। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर माता-पिता उठे तो उन्होंने देखा एक सांप ने बच्चों को काट कर जा रहा है। परिजनों और ग्रामीणों ने सांप को बोतल में बंद कर लिया। उसके बाद परिजनों ने आनन- फानन में दोनों मासूमों को अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बेटी इनायत (चार) और बेटा शाहिब (दो) को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

### कुत्तों के हमले में घायल बच्ची की मौत

**बिसौली( बदायूं), अमृत विचार :** कुत्तों के हमले में घायल बच्ची की अस्पताल में मौत हो गई। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सेंटा खेड़ा निवासी लोचन की पांच साल की बेटी चकोरा मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे पड़ोस में मक्का के खेत पर गई थी। वापस आते समय कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मां संगीता और पिता लोचन बच्ची को कस्बा आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। फार्मासिस्ट ने बच्ची को एआरवी लगाकर घर भेज दिया। हालत खराब होने पर परिजन बच्ची को चंदौसी के निजी अस्पताल ले गए जहां गुरुवार को बच्ची ने दम तोड़ दिया।

### नायडू ने की रामोजी राव को भारत रत्न देने की मांग

**विजयवाड़ा :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को मांग की है कि रामोजी ग्रुप ऑफ कंपनीज के संस्थापक दिवंगत रामोजी राव को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न देने की घोषणा की जानी चाहिए।

### ओवैसी के आवास के बाहर चिपकाए पोस्टर

**नई दिल्ली :** पांच लोगों के एक समूह ने गुरुवार शाम दिल्ली में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के आवास के बाहर पोस्टर चिपकाए जिसमें उन्हें लोकसभा से निलंबित करने की मांग की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार चार से पांच लोग मध्य दिल्ली में 34 अशोक रोड स्थित ओवैसी के आवास पर पहुंचे और रात करीब नौ बजे आवास के प्रवेश द्वार और दीवार पर तीन पोस्टर चिपका दिए। पोस्टरों पर भारत माता की जय, मैं इजरायल के साथ हूं और ओवैसी को निलंबित किया जाना चाहिए जैसे नारे लिखे हुए थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टर हटा दिए। गौरतलब है कि ओवैसी द्वारा मंगलवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेते समय जय फलस्तीन कहे जाने पर अन्य सांसदों ने आपत्ति जताई थी।

# अभ्यास के 10 सफल परीक्षण पूरे

नई दिल्ली, एजेंसी



- रक्षा मंत्री ने उड़ान परीक्षण से जुड़ी टीमों को दी बधाई
- परीक्षण के साथ ही उत्पादन के लिए तैयार अभ्यास

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने उड़ीसा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट 'अभ्यास' के लगातार छह और परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही अभ्यास के सिस्टम के दस परीक्षण सफल परीक्षण पूरे हो गए।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि ये परीक्षण बेहतर रडार क्रॉस सेक्शन, विजुअल और इन्फ्रारेड वृद्धि प्रणालियों के साथ किए गए थे। परीक्षणों के दौरान, बूस्टर के सुरक्षित लॉन्च, लॉन्चर क्लीयरेंस और सहनशक्ति प्रदर्शन को कवर करने वाले विभिन्न उद्देश्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया था। आधे घण्टे के अंतराल में एक के बाद एक दो प्रक्षेपण किए गए, जो न्यूनतम रसद के साथ संचालन में आसानी का प्रदर्शन करते हैं। सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने उड़ान परीक्षण देखा।

अभ्यास को डी आर डी ओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान, बेंगलुरु द्वारा डिजाइन किया गया है, और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और लार्सन एंड टुब्रो के माध्यम से विकसित किया गया है। यह हथियार प्रणालियों के अभ्यास के लिए एक यथार्थवादी खतरे का परिदृश्य प्रस्तुत करता है। यह स्वदेशी प्रणाली एक ऑटो पायलट, विमान एकीकरण, उड़ान-पूर्व जांच और स्वायत्त उड़ान के लिए एक लैपटॉप-आधारित ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम की मदद से स्वायत्त उड़ान के लिए डिज़ाइन की गई है। इसमें उड़ान के बाद के विश्लेषण के लिए उड़ान के दौरान डेटा रिकॉर्ड करने की सुविधा भी है। बूस्टर को एडवांस्ड सिस्टम्स लेबोरेटरी और नेविगेशन सिस्टम को रिसर्च सेंटर इमारात द्वारा डिजाइन किया गया है। अभ्यास अब उत्पादन के लिए तैयार है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'अभ्यास' के परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग जगत की सराहना की है। उन्होंने कहा कि सफल परीक्षण वैज्ञानिकों और उद्योग के बीच तालमेल का उल्लेखनीय प्रमाण है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने सफल उड़ान परीक्षण से जुड़ी टीमों को बधाई दी।

# पेपर लीक करने वाले जाएंगे जेलः निषाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** देश की आजादी में मछुआ समाज का अहम योगदान रहा है। इसका कानपुर से गहरा नाता भी है। इसलिए सरकार से मांग करूंगा कि सत्ती चौरा घाट को पर्यटक स्थल घोषित किया जाए। कानपुर को ऐतिहासिक व विशेष दर्जा देने के साथ निषाद समाज को आरक्षण दिया जाए। यह बात मछुआ क्रांति बलिदान दिवस समारोह में शामिल होने आए मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने गुरुवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता में कही।

मंत्री ने कहा कि पेपर लीक पर सरकार ने सख्त कानून बनाया है। अब पेपर लीक करने वाले जेल जाएंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 पार के सवाल पर कहा कि देश को सोने की चिड़िया बनाने के लिए यह नारा दिया गया था, मगर विपक्षियों को रास नहीं आया। आगे कहा कि जाति-धर्म के आधार पर चुनाव लड़ना बंद होना चाहिए। चुनाव आयोग को भी दोषी बताया, कहा कि आयोग ने कहा था कि चुनाव में झूठ बोलने व प्रचार पर जेल भेजा जाएगा। विपक्षियों ने जमकर झूठ बोला। उसके वीडियो भी वायरल हुए, मगर कार्रवाई नहीं हुई। गंगा बैराज पर मछली पकड़ने के सवाल पर कहा कि यह मेरे संज्ञान में नहीं है। इसे दिखवाया जाएगा। फिर हंसते हुए बोले बड़े-बड़े मगरमच्छ निपट गए, ये मछली पकड़ने वाले कैसे बच पाएंगे। गंगा सबकी हैं और कानून सबके लिए हैं।



- पर्यटकस्थल के रूप में विकसित व घोषित कराएंगे सत्ती चौरा घाट

### कार्यक्रम में मंत्री की पत्नी की तबीयत बिगड़ी

**कानपुर, अमृत विचार :** सत्ती चौरा घाट पर मछुआ क्रांति बलिदान दिवस समारोह में पहुंचे कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के साथ उनकी पत्नी मालती भी थीं। निषाद पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष होने के नाते उन्होंने समारोह में शिरकत की। गर्मी और उमस के कारण मंच पर उनकी तबीयत बिगड़ गई। कार्यक्रम के दौरान मंच पर बैठे-बैठे मंत्री की पत्नी को चक्कर आया और वह गिर पड़ीं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने अंगरक्षकों के साथ गुरुवार को 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए संसद भवन के लिए जाती हुईं।

# शादी के 13 साल बाद पता चला पत्नी मुस्लिम है

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक एसोसिएट प्रोफेसर ने दर्ज कराई रिपोर्ट

प्रयागराज,एजेंसी

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक एसोसिएट प्रोफेसर ने शादी के 13 साल बाद यह पता चलने पर कि उसकी पत्नी मुस्लिम है और उसने धोखे से विवाह किया है, सिविल लाइंस थाना में पत्नी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अमरेन्द्र त्रिपाठी ने 23 जून को पत्नी प्रतिभा तिवारी, ससुर राधेश्याम तिवारी और सास उर्मिला तिवारी के खिलाफ सिविल लाइंस थाना में धोखाधड़ी और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज कराया है। प्राथमिकी के मुताबिक, अमरेन्द्र त्रिपाठी का विवाह 27 जून, 2011 को गुवाहाटी की रहने वाली प्रतिभा तिवारी के साथ हुआ था और वर्तमान में इस दंपत्ति की 11 वर्ष की एक बेटी और नौ वर्ष का एक बेटा है। अमरेन्द्र त्रिपाठी ने तहरीर में बताया कि 13 मई, 2024 को घर के शयनकक्ष में उनके हाथ कुछ कागजात लगे जिससे उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी प्रतिभा ने विवाह से पूर्व धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कबूल लिया था और अपना नाम मेहनाज हसन रख लिया था।



- 2007 में महिला का दिल्ली में हो चुका है निकाह

तहरीर के मुताबिक, उनकी पत्नी ने 23 अप्रैल, 2007 को धर्म परिवर्तन के लिए 100 रुपये के स्टांप पर महाराष्ट्र के न्यायालय में हलफनामा दिया था। इसके बाद, 26 मई, 2007 को काजी फरीद अहमद खान से अपना धर्मांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया था। इसके उपरांत पत्नी ने नाम परिवर्तन के उद्देश्य से 13 जून, 2007 को वीर अर्जुन अखबार में विज्ञापन दिया था। यही नहीं, महिला ने 22 जून, 2007 को शाही मस्जिद, फतेहपुर चांदनी चौक दिल्ली में तीन गवाहों की उपस्थिति में 51,000 रुपये मेहर पर माहरुफ हसन नाम के व्यक्ति से निकाह भी किया और इस निकाह में इसके माता पिता शामिल थे। तहरीर में एसोसिएट प्रोफेसर ने अपनी पत्नी के खिलाफ उत्पीड़न के भी आरोप लगाए हैं। पुलिस ने महिला और उसके माता पिता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420, 494, 323, 504, 506 और 427 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मुआवजे का निर्धारण अधिनियम 2013 के अनुसार होगा

## भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण में मुआवजा के निर्धारण को लेकर निर्देश दिया है। भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के लागू होने से पहले उप्र. आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965 के तहत किए गए अधिग्रहण में मुआवजे का निर्धारण अधिनियम, 2013 के अनुसार किया जाएगा।

अधिनियम 2013 की धारा 24 में प्रावधान है कि यदि पूर्ववर्ती अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए किसी पुरस्कार की घोषणा नहीं की गई है तो मुआवजे का निर्धारण उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार होगा। चूंकि अधिनियम, 1894 में समय-समय पर संशोधन किए गए हैं। अंत में इसे नए अधिनियम अधिनियम,2013 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इसलिए कोर्ट का मानना है कि प्रभावित व्यक्ति नए अधिनियम के अनुसार मुआवजे का हकदार होगा। इसके अलावा कोर्ट ने पाया कि 1984 में भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 में संशोधन किए गए थे। जिसमें अधिग्रहण प्रक्रिया में असामान्य देरी का मुकाबला करने के लिए समय सीमा प्रदान की गई थी।



- हाई कोर्ट ने मुआवजे के पुनर्निर्धारण के लिए मामला प्राधिकरण को वापस भेज दिया

इसमें अत्यधिक देरी की भरपाई के लिए उपाय भी जोड़े गए थे। इसके अलावा कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि 1894 के अधिनियम के तहत किए गए किसी भी अधिग्रहण के लिए मुआवजे के निर्धारण की प्रासंगिक तिथि 1 जनवरी 2014 निर्धारित की गई थी। मौजूदा मामले में परिषद द्वारा पुरस्कार में लगभग 42 वर्षों तक देरी की गई थी। कोर्ट ने माना कि मुआवजा देने का निर्णय 27 फरवरी 2024 को दिया गया था, इसलिए अधिनियम, 2013 के अनुसार मुआवजे का निर्धारण किया जाना चाहिए था, ना कि 1894 के पुराने अधिनियम के अनुसार। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने हेमचंद्र की याचिका स्वीकार करते हुए मामले को मुआवजे के पुनर्निर्धारण के लिए प्राधिकरण को वापस भेज दिया।

# झोपड़ी पर गिरी बिजली किसान की मौत

**बिल्सी (बदायूं), अमृत विचार :** बारिश में बिजली गिरने से मौतों की घटनाएं थम नहीं रहीं। अब बदायूं के एक गांव में छत पर पड़ी झोपड़ी में सो रहे किसान की वज्रपात से मौत हो गई। बिल्सी के गांव गढ़ौली निवासी किसान चोखे लाल मौर्य (52) बुधवार रात को खाना खाकर घर की छत पर बनी झोपड़ी में सो गए। परिवार के अन्य लोग नीचे सोए थे। गुरुवार तड़के बारिश होने लगी। अचानक तेज आवाज के साथ झोपड़ी पर बिजली गिरी जिससे चोखे लाल की मौके पर ही मौत हो गई। लिंटर में भी दरारें पड़ गईं। परिजन छत पर पहुंचे और चोखे लाल का शव देखा तो बेहाल हो गए। पुलिस के साथ बिल्सी एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने सरकारी मदद का आश्वासन दिया है।

# ईडी ने कुर्क कीं उप्र के बाइक टैक्सी एग्रीगेटर की संपत्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- संपत्तियों में प्रयागराज, लखनऊ कानपुर में खेत-भूखंड शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के 'बाइक टैक्सी एग्रीगेटर' और उसके कई 'प्रमोटर' के खिलाफ धनशोधन के मामले की जांच के तहत पांच करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्ति कुर्क की हैं।

ईडी ने कहा कि हेलो राइड लिमिटेड कंपनी के निदेशकों, अध्यक्षों, कई एजेंट और अन्य के खिलाफ धन शोधन के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। कहा कि प्रयागराज, कानपुर और लखनऊ से खेत और भूखंड को कुर्क किया गया है। इन संपत्तियों का मूल्य 5.35 करोड़ रुपये है। ईडी ने पहले इस मामले में 2.38 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी और अब कुर्क की गई कुल संपत्ति की कीमत 7.73 करोड़ रुपये हो गई है। उप्र पुलिस द्वारा कंपनी और इसके प्रमोटर अभय कुमार कुशवाहा, नीलम वर्मा, निखिल कुशवाहा, राजेश पांडे, शकील अहमद, रागिनी गुप्ता और अन्य के खिलाफ लगभग तीन दर्जन प्राथमिकी दर्ज करने के बाद धनशोधन यह का मामला सामने आया था।

## उत्तराखंड

# पुत्र को ले गया गुलदार, देखता रह गया पिता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम में निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के सामने बुधवार देर रात रेलवे ट्रैक के समीप स्थित झुग्गी में रहने वाले बच्चे को पिता के सामने ही गुलदार उठा ले गया। पूरी रात परिजन और आसपास के लोग जंगल में ढूंढते रहे। गुरुवार सुबह वन विभाग की टीम पहुंची तो गौला नदी के पास जंगल में उसका शव मिला। कमर के ऊपर का हिस्सा गुलदार खा गया था।

उप्र के हरदोई जिला निवासी प्रीतम यहां निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के सामने रेलवे ट्रैक के समीप झुग्गी में परिवार के साथ रहता है। प्रीतम बुधवार की रात करीब 12 बजे अपने सात वर्षीय बेटे शिवा को लेकर लघुशंका के लिए झुग्गी से बाहर निकला। तभी अचानक पास की झाड़ी से एक गुलदार निकला और शिवा पर झपट पड़ा। प्रीतम कुछ समझ पाता कि गुलदार शिवा को दबोच कर गौला नदी की तरफ भाग गया। पिता और परिवार के सदस्यों ने शोर मचाया तब आसपड़ोस में रहने वाले लोगों को घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम और पुलिस पहुंची। रात भर तलाश किया गया, सुबह 6 बजे घर से लगभग एक किमी. दूर जंगल में झाड़ियों के बीच बच्चे का धड़विहीन शव मिला। वन विभाग की टीम पूरे दिन गुलदार को तलाशती रही लेकिन शाम तक पता नहीं चला। सुबह बच्चे का शव मिलने के बाद पीड़ित के घर एसडीएम पारितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार पहुंचे। एसडीएम ने मदद का आश्वासन देते हुए वन विभाग को पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के निर्देश दिए। प्रीतम का परिवार मजदूरी करता है, उसने अन्य मजदूरों के साथ रेलवे ट्रैक के किनारे झुग्गी बना रखी है। नैनीताल मुख्य मार्ग के किनारे हुई इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि आए दिन गुलदार आबादी में आ रहे हैं, लेकिन वन विभाग रोकने का कोई प्रयास नहीं कर रहा है।



- काठगोदाम में रेलवे ट्रैक के पास की घटना गौला नदी क्षेत्र में मिला शव

# प्रदेश में पहुंचा मानसून झमाझम बारिश शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

- दो जिलों में आज होगा सक्रिय भारी बारिश का अलर्ट

**अमृत विचार :** गुरुवार को उत्तराखंड में मानसून पहुंच गया। राज्य के कई जिलों में अच्छी बारिश भी हो रही है। आगे भी मूसलधार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

गुरुवार को बागेश्वर के शामा में 142 मिमी, नैनीताल में 168 मिमी, चमोली में 76.2 मिमी, कपकोट में 75 मिमी, चकराता में 60 मिमी बारिश हुई। काशीपुर, जसपुर में भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि 27 जून को मानसून उत्तराखंड में पहुंच चुका है। आने वाले दिनों में मूसलधार बारिश हो सकती है। हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में मानसून शुक्रवार को पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा। मानसून सक्रिय होने के साथ ही राज्य में तापमान गिर गया है। देहरादून में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री, हल्द्वानी में 31.8 डिग्री, मुक्तेश्वर में 19.7 डिग्री और टिहरी में 25.2 डिग्री रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार इस बार ज्यादा बारिश होगी। अगस्त से अति बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

# निजी स्कूल नहीं लेंगे मनमानी फीस

संवाददाता, हल्द्वानी

**बैठक**

- माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश





**अमृत विचार :** प्रदेश के समस्त निजी स्कूल अब मनमानी फीस नहीं लेंगे। साथ ही अभिभावकों को किसी खास दुकान से स्कूल ड्रेस या किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं।

गुरुवार को देहरादून में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की निजी स्कूलों के प्रबंधकों के साथ बैठक हुई। जिसमें निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने कहा कि अभिभावकों की शिकायत रहती है कि स्कूल संचालक मनमर्जी से हर वर्ष फीस में बढ़ोत्तरी करते हैं। इसका उन्हें कोई वास्तविक कारण नहीं बताया जाता है।

इतना ही नहीं अधिकांश निजी स्कूल अभिभावकों को किताबें और स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए एक खास दुकान में भेजते हैं, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों में मुख्य शिक्षा अधिकारी नियमों का पालन करवा रहे हैं। बताया कि निजी स्कूलों को प्रत्येक शिक्षा सत्र में फॉर्म भरने से पहले अपने ब्रॉशर में फीस की विस्तृत जानकारी देनी होगी। यदि स्कूल अपनी फीस में बढ़ोत्तरी करता है तो उसे कारण सहित इसकी जानकारी देनी होगी और नोटिस बोर्ड पर भी इसे चस्पा करना होगा। प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों के लिए आदेश जारी किया जाएगा।

### ग्राहक के समोसे में मिली छिपकली

**बनबसा :** नगर के एक रेस्टोरेंट में लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां एक ग्राहक के समोसे में छिपकली निकलने से हड़कंप मच गया। सुबह लगभग 11 बजे उत्तराखंड पावर कारपोरेशन के मीटर रीडर अंकुर अग्रवाल सहित तीन कर्मचारी सुपरवाइजर आकाश कुमार के साथ रेलवे फाटक के समीप रेस्टोरेंट में समोसे लेने गए थे। इस बीच सुपरवाइजर आकाश कुमार ने एक समोसा खाने के लिए तोड़ा और आधा समोसा खाने के बाद उसमें छिपकली दिखी। समोसे में छिपकली निकलने के बाद रेस्टोरेंट में हड़कंप मच गया। घटना के बाद ग्राहकों ने दुकान पर जमकर हंगामा किया।

**उत्तम स्थल** | बाजार ने कुमाऊं क्षेत्र में बनाई अपनी एक अलग पहचान, बाजार के सभी भवन और दुकानें एक ही रंग में रंगे

# सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना धौलछीना बाजार

प्रशांत रावत, धौलछीना

**अमृत विचारः** जिले के धौलछीना बाजार ने पूरे कुमाऊं में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। इस बाजार के सभी मकान व दुकान एक ही रंग में रंगे है। जो यहां आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अब धीरे-धीरे यह स्थान एक हिल स्टेशन के रूप में पहचान बना रहा है।

जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर अल्मोड़ा-बेरीनाग-मुनस्यारी मोटर मार्ग में समुद्र तल से करीब दो हजार मी ऊंचाई पर पहाड़ी पर बसा है। यहां की बाजार अपने आप में एक अनोखी बाजार के रूप में है। इस बाजार के सभी दुकान तथा मकान हरे और पीले रंग में रंगे हुए हैं। जबकि दुकानों के ऊपर लिखे नाम भी एक ही फॉन्ट में लिखे गए हैं। व्यावसायिक हिल स्टेशनों की भीड़ भाड़ से दूर सुकून की तलाश में रहने वाले लोगों के लिए एक उत्तम स्थल है। करीब तीन दशक पूर्व तक आने जाने वाली यात्रियों के बीच घी के साथ दालभात के लिए मशहूर यह स्थल समय के साथ-साथ काफी बदल चुका है। पहले जहां खाना खाने के लिए बहुत सारे ढाबे हुआ करते थे, अब इन ढाबों का स्थान आधुनिक रेस्टोरेंट ले चुके हैं। अभी भी यह स्थल इस मार्ग से आने जाने वाले यात्रियों के भोजन करने का पसंदीदा स्थान है।



अल्मोड़ा के धौलछीना बाजार का दृश्य। ● अमृत विचार

**अनोखी पहल**

धौलछीना बाजार में व्यापार मंडल की ओर से बाजार की सफाई के लिए स्वयं के खर्चे पर सफाई कर्मी रखे गए हैं। प्रतिदिन बाजार की दो बार सफाई होती है। बाजार में लगाई गई स्ट्रीट लाइट भी व्यापार मंडल ने स्वयं के खर्चे पर लगाई गई है। व्यापार मंडल अध्यक्ष-दरवान सिंह रावत ने बताया कि बाजार के सभी व्यापारियों से व्यापार मंडल हर महीने कुछ निश्चित शुल्क वसूल करती है। जिससे ही सारे खर्चे पूरे किए जाते हैं। भविष्य में पूरे बाजार में सीसीटीवी लगवाने की योजना बना है।

# हल्द्वानी के साथ पक्षपात कर रही है सरकारः सुमित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक सुमित हृदयेश ने भाजपा सरकार पर हल्द्वानी के विकास कार्यों को लेकर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन में सरकार के पास कोई नीति नहीं होने से पर्यटक व स्थानीय लोग परेशान हैं। उन्होंने पेयजल और बिजली कटौती के मुद्दे भी उठाए।

गुरुवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता करते विधायक सुमित ने कहा कि मानसून सीजन शुरू होने वाला है। रकसिया और कलसिया नाले से होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सभी कार्य कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में कराये गये हैं, क्योंकि वहां भाजपा के विधायक हैं। जबकि दोनों ही नाले की शुरुआत हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र से होती है। नाले बरसात के दिनों में यहां भी तबाही मचाते हैं। नालों की शुरुआत में कोई भी काम नहीं किया गया है। सीधे तौर पर हल्द्वानी में कांग्रेस विधायक होने की वजह से सरकार और प्रशासन शहर के लोगों के साथ पक्षपात कर रहे हैं। लोनिवि में हल्द्वानी से जुड़े 10 करोड़ के प्रस्ताव मंजूर नहीं किए गए हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,243.18 | 24,044.50 |
| बढ़त | 568.93 | 175.70 |
| प्रतिशत में | 0.72 | 0.74 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 28 जून 2024

## इन्फोसिस के सीईओ पारेख ने भेदिया कारोबार मामले का निपटान किया

**नयी दिल्ली।** दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस के प्रबंध निदेशक और सीईओ सलिल पारेख ने बाजार नियामक सेबी को 25 लाख रुपये का भुगतान कर भेदिया कारोबार नियमों के कथित उल्लंघन के मामले का निपटान कर दिया। सेबी द्वारा पारित आदेश के अनुसार, वह (पारेख) कथित तौर पर भेदिया कारोबार को रोकने के लिए अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आंतरिक नियंत्रण की 'पर्याप्त और प्रभावी प्रणाली' स्थापित नहीं कर सके। यह मामला इन्फोसिस के शेयरों में भेदिया कारोबार के कथित मामले में 29 जून, 2020 से 27 सितंबर, 2021 के बीच सेबी की जांच से सामने आया। जांच में पाया गया कि कुछ 'अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना' जानकारी को इन्फोसिस ने ऐसा नहीं माना था। नवीनतम निर्णय तब आया जब पारेख ने सेबी को एक समझौता आदेश के माध्यम से 'तथ्यों के निष्कर्षों को स्वीकार या अस्वीकार किए बिना' कथित उल्लंघनों का निपटान करने का प्रस्ताव दिया।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत पायदान पर

## भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें सभी हितधारक

**मुंबई, एजेंसी।**



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय प्रणाली के सभी हितधारकों से बृहस्पतिवार को कहा कि वे संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है।

दास ने कहा कि आरबीआई के दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि गंभीर दबाव की स्थिति में भी बैंकों और गैर-बैंकों के 'बफर' न्यूनतम विनियामक पूंजी स्तर से ऊपर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आरबीआई साइबर खतरों, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले खतरों के प्रति सतर्क है। दास ने सभी पक्षों से संचालन व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कामकाज की मजबूत व्यवस्था वित्तीय प्रणाली में हितधारकों की मजबूती का मूल है। रिपोर्ट कहती है कि यह लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव, बढ़े हुए सार्वजनिक ऋण और मुद्रास्फीति में गिरावट की धीमी रफ्तार से बढ़े हुए जोखिमों का सामना कर रही है।

### कुल एनपीए कई साल के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है क्योंकि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) अनुपात मार्च 2024 के अंत में कई साल के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया है। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जून की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) जारी करते हुए कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) अनुपात मार्च, 2024 के अंत में 0.6 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है, जो वृहद-आर्थिक और वित्तीय स्थिरता से समर्थित है। सुधरे हुए बहीखाते के साथ बैंक एवं वित्तीय संस्थान निरंतर ऋण विस्तार के जरिये आर्थिक गतिविधि का समर्थन कर रहे हैं। मार्च के अंत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पूंजी और जोखिम-भारित संपत्ति का अनुपात (सीआरएआर) और समान इक्विटी टियर 1 अनुपात 16.8 प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत रहा।

### जरूरतों का अनुपालन करने में सक्षम होंगे बैंक

एफएसआर रिपोर्ट के अनुसार ऋण जोखिम के लिए व्यापक तनाव संबंधी परीक्षणों से पता चलता है कि वाणिज्यिक बैंक न्यूनतम पूंजी जरूरतों का अनुपालन करने में सक्षम होंगे। वित्त वर्ष के अंत में प्रणालीगत सीआरएआर बेसलाइन, मध्यम और गंभीर तनाव परिदृश्यों के तहत क्रमश: 16.1 प्रतिशत, 14.4 प्रतिशत और 13.0 प्रतिशत होने का अनुमान है। ये परिदृश्य काल्पनिक झटकों के तहत किए गए कठोर रुढ़िवादी आकलन हैं और परिणामों की व्याख्या पूर्वानुमान के तौर पर नहीं की जानी चाहिए। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि मार्च, 2024 के अंत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की सेहत स्वस्थ बनी हुई थी। उनका सीआरएआर 26.6 प्रतिशत, जीएनपीए अनुपात 4.0 प्रतिशत और परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) 3.3 प्रतिशत पर था।

# आपूर्तिकर्ताओं को ग्राहकों से लेना होगा शपथ पत्र : सीबीआईसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने क्रेडिट नोट के माध्यम से छूट देने वाले आपूर्तिकर्ताओं के लिए नियम में किया बदलाव

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जीएसटी के तहत क्रेडिट नोट के माध्यम से बिक्री बाद छूट देने वाले आपूर्तिकर्ताओं के लिए नियम में बदलाव किया है। उन्हें अब यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्राहक शपथ पत्र या चार्टर्ड अकाउंटेंट का प्रमाण पत्र देकर यह बताएं कि छूट मूल्य पर प्राप्त आईटीसी लाभ को वापस कर दिया गया है। वर्तमान में, इस बात पर नजर रखने की कोई व्यवस्था नहीं है कि ऐसी छूट पर इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) वापस किया गया है या नहीं। आपूर्तिकर्ताओं के साथ-साथ कर अधिकारियों के लिए आईटीसी लाभ वापसी को सत्यापित करने के लिए सामान्य पोर्टल पर जब तक सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, तब तक आपूर्तिकर्ता, आपूर्ति प्राप्त करने वाले से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) या कॉस्ट अकाउंटेंट द्वारा जारी एक प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है। इसमें यह जिक्र होना चाहिए कि प्राप्तकर्ता ने आपूर्तिकर्ता की तरफ से जारी क्रेडिट नोट के संबंध में आनुपातिक आधार पर आईटीसी का लाभ वापस कर दिया है। ऐसे मामलों में, जहां एक वित्त वर्ष में टैक्स क्रेडिट नोट के माध्यम से प्राप्तकर्ता को आपूर्तिकर्ता द्वारा दी गई छूट में शामिल कर की राशि (सीजीएसटी एसजीएसटी आईजीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर) पांच लाख रुपये से अधिक नहीं है, तो उसे चार्टर्ड अकाउंटेंट या कॉस्ट अकाउंटेंट से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में आपूर्तिकर्ता को संबंधित प्राप्तकर्ता से केवल शपथपत्र लेने की जरूरत होगी। कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि परिपत्र पूर्व की तिथि से है। यह 2017 से इस मुद्दे पर सभी मांगों को प्रभावित कर रहा है। इस मामले को लेकर कानूनी विवाद में फंसे करदाता राहत के लिए इस स्पष्टीकरण का लाभ उठा सकते हैं।

## अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की भूमिका अहम : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में राज्य में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों की भूमिका अहम है। लोकभवन में अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि 2017 में प्रदेश देशी की छठे नंबर की अर्थव्यवस्था थी, जो आज दूसरे स्थान पर आ गई है। यही कारण है कि रोजगार देने के मामले में यूपी आज पहले पायदान पर है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में राज्य के एमएसएमई उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होने कहा कि पूरी दुनिया में एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। यूपी सौभाग्यशाली है कि यहां सैकड़ों साल से स्थानीय स्तर पर हस्तशिल्पी और कारीगर अपने उत्पादों का निर्माण करते रहे हैं।

## दाय्वू कंपनी ने बैटरी के साथ भारत में की वापसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की वैश्विक स्तर पर काम कर रही कंपनी दाय्वू ने भारत में कारों, ट्रकों, ट्रैक्टरों और बसों के लिए अपनी उन्नत बैटरियां उतारने की घोषणा की है। पिछले पांच दशक से काम कर रही कंपनी अपने उत्पादों की विभिन्न श्रेणियों के साथ 110 देशों में मौजूद है। कंपनी भारत के वाहन बाजार में बैटरी के साथ वापसी कर रही है। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि लंबे समय तक काम करने में सक्षम और बेहद भरोसेमंद ये बैटरियां ऊबड़-खाबड़ इलाकों की दृष्टि से मजबूत कंपन प्रतिरोधी क्षमता और रखरखाव-मुक्त डिज़ाइन की विशेषता वाली हैं।

## क्लाउड-आधारित फाइल साझा करने वाला, भंडारण मंच लाएगी सीआईपीएल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

- सीआईपीएल को प्रदान की गई है 240 करोड़ रुपये की परियोजना

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समाधान प्रदाता कॉरपोरेट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड (सीआईपीएल) को सरकारी अधिकारियों के लिए क्लाउड-आधारित दस्तावेज़ साझा करने वाला और भंडारण मंच विकसित करने के लिए 240 करोड़ रुपये की परियोजना मिली है। सीआईपीएल ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि 'गोवड्राइव' परियोजना देशभर में लगभग 50 लाख सरकारी अधिकारियों को सेवा प्रदान करेगी। नोएडा स्थित कंपनी ने कहा कि वह 'गोवड्राइव-स्टोरेज एज ए सर्विस' परियोजना के तहत सुरक्षित एप्लिकेशन और प्रबंधित सेवाएं विकसित करेगी। यह मंच विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, वैधानिक निकायों और कई अन्य संगठनों को सेवाएं प्रदान करेगा। कंपनी ने कहा कि क्लाउड-आधारित मल्टी-टेनेंट मंच 'गोवड्राइव' सरकारी कर्मचारियों को अंतर-विभागीय और अंतर्विभागीय दोनों तरह के दस्तावेजों को सहजता से साझा करने में मदद करता है। सरकारी अधिकारियों को दस्तावेजों को संग्रहीत करने के लिए गोवड्राइव के तहत प्रत्येक को 10 जीबी निशुल्क संग्रहण प्रदान किया जाता है। इस मंच में फाइल तलाशने की उन्नत क्षमताएं, एन्क्रिप्शन, डाउनलोड और रीस्टोर विकल्प, तथा डेस्कटॉप, लैपटॉप, मोबाइल फोन और टैबलेट जैसे कई उपकरणों में दस्तावेजों के समन्वयन जैसी सुविधाएं होंगी।

## गूगल इंडिया के खिलाफ शिकायत खारिज की

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल इंडिया के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया है, जिसमें कॉलर आईडी और स्पैम बचाव ऐप के बाजार में ट्रूकॉलर को लाभ पहुंचाने के लिए अपने प्रभुत्व का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। निष्पक्ष व्यापार नियामक ने शिकायत को खारिज करते हुए कहा कि उसे प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का कोई सबूत नहीं मिला है। आयोग ने कहा, ''हमें लगता है कि इस मामले में गूगल के खिलाफ प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार के प्रावधानों के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है।'' प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार किसी कंपनी के प्रभुत्व की स्थिति का दुरुपयोग करने से संबंधित है। यह फैसला रचना खैरा की तरफ से दायर शिकायत पर आया है जिसमें गूगल पर निजी संपर्क से संबंधित सूचना साझा करने के लिए ट्रूकॉलर को विशेष पहुंच प्रदान करने का आरोप लगाया गया था।

## अल्ट्राटेक, इंडिया सीमेंट्स में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

- आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना
- एक अलग बैठक में 3.4 प्रतिशत शेयर खरीदने को मंजूरी दी गई

प्रमुख सीमेंट विनिर्माता अल्ट्राटेक सीमेंट ने चेन्नई स्थित इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड में 1,900 करोड़ रुपये से अधिक में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस सौदे के तहत अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट्स के 6,02,48,983 शेयर खरीदे हैं, जो कुल मिलाकर 19.44 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इसके लिए प्रति शेयर 267 रुपये का मूल्य तय किया गया है। 267 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर पहले लेनदेन का कुल मूल्य 1,608.64 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी की ओर दी गई जानकारी के अनुसार, निदेशक मंडल ने एक अलग बैठक में 285 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 3.4 प्रतिशत शेयर खरीदने को मंजूरी दे दी है। दूसरे लेनदेन का मूल्य 285 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 295 करोड़ रुपये है।



### एक नजर

#### संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन निरस्त

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन गुरुवार को निरस्त कर दिया गया जिसके साथ ही करीब एक वर्ष के बाद उनकी सदस्यता बहाल हो गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संजय सिंह को गत 24 जुलाई को अमर्यादित व्यवहार के लिए उच्च सदन से निलंबित कर दिया गया था। सिंह अब तक पर्याप्त सजा भुगत चुके हैं इसलिए सिंह के निलंबन को निरस्त कर उनकी सदस्यता बहाल कर रहे हैं।

#### माओवादियों के परिसरों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने गुरुवार को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के संदिग्धों और समर्थकों के परिसरों पर छापे मारे। चार स्थानों पर छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, दस्तावेज और पत्र समेत कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गईं। एनआईए ने यह कार्रवाई तीन नक्सल समर्थकों की गिरफ्तारी के बाद की, जो भाकपा (माओवादी) के लिए संदेशवाहक के रूप में काम कर रहे थे।

#### जवान ने खुद को गोली मारी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के रामपुरम इलाके में सीएएफ कैंप में बुधवार देर रात एक जवान ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर आला अधिकारी मौके पहुंचे और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला भोपालपट्टनम थाना अंतर्गत कैंप रामपुरम में 15वीं डी कंपनी में जवान पदस्थ है। जवान की हालात गंभीर है उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया है। जवान का नाम मनोज दिनकर जिला जांजगीर का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कंपनी के आलाअधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे हुए हैं। घटना की पुष्टि सहायक सेनानी 15वीं बटालियन बीजापुर डीपी बड़ा ने की है।

#### बिहार में एक और पुल गिरा, कोई हताहत नहीं

**किशनगंज।** बिहार में एक सप्ताह से अधिक समय में पुल ढ़हने की अपनी तरह की चौथी घटना में बृहस्पतिवार को किशनगंज जिले में एक और पुल गिर गया। किशनगंज के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि बहादुरगंज प्रखंड में स्थित यह पुल 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा था। उन्होंने कहा, '' यह पुल 2011 में कनकई नदी को महानंदा से जोड़ने वाली एक छोटी सहायक नदी मड़िया पर बनाया गया था। नेपाल में जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जल स्तर अचानक बढ़ गया है।

# विधायकों ने विधानसभा में दिया धरना

## राज्यपाल ने हाल में हुए उपचुनावों में निर्वाचित दोनों विधायकों को राजभवन में शपथ लेने को कहा था

**कोलकाता, एजेंसी।**

तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर जारी विवाद के कारण शपथ नहीं ले पाने के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में बृहस्पतिवार को धरना दिया। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इन दोनों विधायकों को राजभवन में शपथ लेने को कहा था जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया था। बारानगर से निर्वाचित विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और भगबानगोला से निर्वाचित हुए रायत हुसैन सरकार विधानसभा परिसर में बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के सामने बैठ गए और उन्होंने मांग की कि राज्यपाल बोस विधानसभा के अंदर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराकर उन्हें निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के कर्तव्य का निर्वहन करने दें। राज्यपाल ने हाल में हुए उपचुनावों में निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। हालांकि, उन्होंने यह कहते हुए आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया कि परंपरा के अनुसार उपचुनाव जीतने वाले उम्मीदवार के मामले में राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का काम सौंपते हैं। राज्यपाल ने विधानसभा में शपथ दिलाने से इनकार कर दिया और नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। बंदोपाध्याय ने कहा कि हमने बुधवार को शाम चार बजे तक राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का इंतजार किया लेकिन वह नहीं आए। आज हम आंबेडकर की प्रतिमा के सामने इस मांग के पक्ष में बैठे हैं कि लोगों के लिए काम करने का हमारा संवैधानिक अधिकार बिना किसी देरी के हमें दिया जाए। विधायकों का धरना अपराह्न साढ़े बारह बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे तक जारी रहा। बंदोपाध्याय ने कहा कि वह विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए फिर से राज्यपाल को पत्र लिखेंगी।

### जानबूझकर मुद्दे को जटिल बनाने का लगाया आरोप

विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने इस गतिरोध को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्यपाल बोस पर शपथ ग्रहण समारोह को ''अहंकार की लड़ाई'' में बदलने और जानबूझकर मुद्दे को जटिल बनाने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बोस ने बुधवार रात को 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि संविधान उन्हें यह निर्णय लेने का अधिकार देता है कि विधायकों को शपथ दिलाने का काम किसे सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मुझे विधानसभा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराने में कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन अध्यक्ष के आपत्तिजनक पत्र के कारण राज्यपाल के पद की गरिमा को ठेस पहुंची, इसलिए यह विकल्प व्यवहार्य नहीं पाया गया।''

## राज्यपाल को शपथ लेने से रोकने का अधिकार नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के उपचुनाव में निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस के दो विधायकों को शपथ दिलाने के स्थान को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को यह प्रकिया रोकने का कोई अधिकार नहीं है। बनर्जी ने कहा कि राजभवन से कई घटनाओं की खबर आने के बाद उन्हें महिलाओं से शिकायतें मिली हैं जिन्होंने दावा किया है कि वे वहां जाने में असुरक्षित महसूस करती हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य सचिवालय में कहा कि मेरे विधायकों सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार को निर्वाचित हुए एक करीब एक महीना हो गया है लेकिन अब तक वे शपथ नहीं ले पाए हैं। राज्यपाल उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं। यह जनता है जिसने उन्हें चुना है, न कि राज्यपाल ने। वह शपथ लेने के उनके अधिकार से वंचित नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा, कि क्यों सभी को राजभवन जाना चाहिए? राज्यपाल (विधानसभा) अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को अधिकृत कर सकते हैं या स्वयं विधानसभा आ सकते हैं। महिलाओं ने मुझे सूचित किया है कि राजभवन से आई खबरों के मद्देनजर वे वहां जाने से डरती हैं।

## अभिभाषण में जनता के मुद्दों का जिक्र नहीं : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

- बोले- जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे प्रधानमंत्री मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में देश की जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया है और जनहित के मुद्दों का कहीं जिक्र नहीं हुआ है, तथा उन पर पूरी तरह से पर्दा डालने का काम हुआ है। खरगे ने मुर्मू के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार ने जनहित के मुद्दों को पूरी तरह से नकारा है और महंगाई, बेरोजगारी, एमएसपी, मणिपुर की हिंसा, रेल दुर्घटनाओं जैसे मुद्दों को कहीं तरजीह नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनकर ऐसा लगा जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जनादेश को नकारने की हर संभव कोशिश कर रहें हैं। जनादेश उनके ख़िलाफ़ था क्योंकि देश की जनता ने 400 पार के उनके नारे को ठुकराया और भाजपा को 272 के आंकड़े से दूर रखा। मोदी जी इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।

### आपातकाल के उल्लेख से बचा जा सकता था : राहुल

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। आपातकाल का उल्लेख किए जाने को लेकर आपत्ति दर्ज कराई कि यह कदम राजनीतिक था, इससे बचा जा सकता था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद भवन में बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी।

## दिल्ली नगर निगम की बैठक में जल संकट पर भड़के पार्षद




दिल्ली में जल संकेट क सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते पार्षद।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विरोध पर उतर आए पार्षद
- भाजपा पार्षद मिट्टी के घड़े लेकर पहुंचे, जय श्री राम के लगाए नारे

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की निगम (एमसीडी) की बैठक में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर हंगामा हुआ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस विधायकों ने जल संकट को लेकर विरोध जताया। सदन की कार्यवाही एक घंटे की देरी से पूर्वाह्न 11.55 बजे जैसे ही शुरू हुई विपक्षी पार्षद सदन के बीचोंबीच आ गए। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा पार्षद मिट्टी के घड़े लेकर पहुंचे और ''जय श्री राम'' और ''भारत माता की जय'' के नारे लगाए। नारेबाजी के बीच मेयर शेली ओबेरॉय ने कई प्रस्ताव पारित किये और सदन की कार्यवाही अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा चुनाव के बाद यह दिल्ली नगर निगम सदन की पहली बैठक थी। सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होनी थी, लेकिन नगर निगम अधिकारियों ने बिना कोई कारण बताए इसे 11:45 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया, जिससे भाजपा पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मेयर शेली ओबेरॉय के शामिल होने के बाद सदन की कार्यवाही आखिरकार पूर्वाह्न 11.55 बजे शुरू हुई। महापौर ने नवनिर्वाचित एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार का स्वागत किया।

## महाराष्ट्र विस अध्यक्ष ने लोकसभा के लिए चुने गए विधायकों के इस्तीफे की घोषणा की

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए सात विधायकों के इस्तीफे की घोषणा बृहस्पतिवार को की। हाल में संपन्न आम चुनाव में कांग्रेस की प्रणीति शिंदे, प्रतिभा धानोरकर, बलवंत वानखेड़े और वर्षा गायकवाड़, शिवसेना के रवींद्र वायकर और संदीपन भूमरे तथा राकांपा(शरद पवार) के नीलेश लांके ने जीत हासिल की है। कांग्रेस के राजू परवे ने रामटेक संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए लोकसभा चुनाव से पहले ही विधायक पद छोड़ दिया था। परवे हालांकि चुनाव हार गये थे।

**कांग्रेस के राजू परवे ने पहले ही छोड़ दिया था पद**

## ओएमआर शीट को लेकर एनटीए को दिया नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जानना चाहा कि नीट-स्नातक 2024 में शामिल अभ्यर्थियों को दी गई ओएमआर शीट से संबंधित शिकायत उठाने के लिए कोई समयसीमा है या नहीं। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एक कोचिंग सेंटर और कुछ नीट अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर एनटीए को नोटिस जारी किया, याचिका पर सुनवाई 8 जुलाई को होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बसंत ने दलील दी कि परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट नहीं मिली हैं।

### हटकर प्रश्न पूछने पर एनटीए से जवाब मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पाठ्यक्रम से इतर प्रश्न पूछे जाने का आरोप लगाने वाले एक नीट अभ्यर्थी की याचिका पर एनटीए से जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि भौतिकी खंड में एक प्रश्न रेडियोधर्मिता पर आधारित था जबकि रेडियोधर्मिता विषय इस वर्ष के नीट-यूजी के पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था। एक अन्य प्रश्न को त्रुटिपूर्ण बताया गया, जिसके लिए एनटीए ने गलत विकल्प को सही उत्तर घोषित किया।

# फैशन डिजाइनर को धमकी मामले में रिपोर्ट दर्ज

**वडोदरा, एजेंसी।**

- स्वर्ण मंदिर में योग को लेकर कुछ लोगों ने फैशन डिजाइनर अर्चना मकवाना को बीते दिनों जान से मारने की धमकी दी थी

गुजरात के वडोदरा निवासी फैशन डिजाइनर अर्चना मकवाना को जान से मारने की धमकी देने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मकवाना 21 जून को पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर परिसर में योग करने को लेकर आपराधिक मुकदमे का सामना कर रही हैं। सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर मकवाना ने एक नया वीडियो बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को धार्मिक भावना आहत करने के मामले में दर्ज शिकायत वापस लेनी चाहिए। एक अधिकारी ने बताया कि मकवाना की शिकायत के आधार पर बुधवार की रात शहर के करेलीबाग पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (अज्ञात संचार माध्यम से आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इस प्राथमिकी को 'संवेदनशील' मामले की श्रेणी में रखा है जिसकी जानकारी राज्य के गृह विभाग की वेबसाइट के माध्यम से आम लोगों को नहीं दी जा सकती। पुलिस उपायुक्त पन्ना मोमाया ने बताया, '' उन्होंने दावा किया कि स्वर्ण मंदिर में शीर्षासन करते हुए उनकी तस्वीरें वायरल होने के बाद अज्ञात लोगों ने उन्हें ईमेल, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम के जरिए जान से मारने की धमकियां दीं। प्राथमिकी में किसी को नामजद नहीं किया गया है।

### परिक्रमा पथ पर किया था योग

मकवाना 21 जून को स्वर्ण मंदिर गई थीं और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'परिक्रमा' पथ पर योग किया था। उनके स्वर्ण मंदिर में योग करने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। घटना के दो दिन बाद एसजीपीसी ने कथित तौर पर धार्मिक भावना आहत करने की शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर पंजाब पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। मकवाना ने इसके बाद वीडियो संदेश जारी कर माफी मांगी और कहा कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावना को आहत करना नहीं था।

## टीआरआईएचएमएस को एमबीबीएस सीट दोगुनी करने को मिली अनुमति

**नाहरलगुन।** अरुणाचल प्रदेश के टोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज (टीआरआईएचएमएस) को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए एमबीबीएस सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 करने की अनुमति मिल गई है। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम 2019 की संबंधित धाराओं के तहत संस्थान की ओर से प्रस्तुत आवेदन पर यह अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा की क्षमता को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। एनएमसी के चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड (एमएआरबी) के सदस्य जीतूलाल रामप्रसाद मीणा ने जारी अनुमोदन पत्र में कहा है कि नयी क्षमता के तहत भर्ती हुए छात्रों के पहले बैच के अपनी अंतिम परीक्षा देने तक बढ़ी हुई सीटों की अनुमति वैध रहेगी। इसमें कहा गया कि इसके बाद संस्थान को एनएमसी अधिनियम के तहत योग्यता की मान्यता लेनी होगी।

# अफगानिस्तान को हराकर द. अफ्रीका पहली बार पहुंचा फाइनल में

तारोबा, एजेंसी

अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले अफगानिस्तान का टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया जब दक्षिण अफ्रीका ने अपने पर लगा चोकर्स का ठप्पा हटाते हुए उसे नौ विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अफगानिस्तान को मात्र 56 रन पर आउट कर दिया। मार्को जेनसन ने 16 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि कैगिसो रबाडा ने 14 और एनरिच नॉर्किया ने 7 रन देकर दो दो विकेट चटकाए। पावरप्ले के भीतर अफगानिस्तान का स्कोर 5 विकेट पर 28 रन था और पूरी टीम 11.5 ओवर में आउट हो गई। क्विंटोन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में 60 रन आसानी से बना डाले। रीजा हेंडरिक्स 29 रन बनाकर और कप्तान एडेन मार्क्रम 23 रन बनाकर नाबाद रहे।



टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स ने एडेन मार्कराम को गले लगाया। ● एजेंसी

### फाइनल मुश्किल, खेल पर ध्यानः मारक्रम



**टरुबा।** सेमीफाइनल में मिली जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने कहा कि फाइनल अधिक मुश्किल है, हमें खेल पर ध्यान देना होगा। अफगानिस्तान को सेमीफाइनल में हराने के बाद मारक्रम ने कहा कि फाइनल में पहुंचने पर काफी खुश हूं। हालांकि यह केवल कप्तान की वजह से नहीं होता, इस सफलता के पीछे पूरी टीम का प्रयास है। वहीं अफगानिस्तान के कप्तान रशिद खान ने कहा कि एक टीम के तौर पर हमारे लिए यह मुश्किल रात है। हम अच्छा कर सकते थे लेकिन परिस्थितियां हमारे साथ नहीं थीं। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आपको हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना होता है। तेज गेंदबाजो के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। तेज गेंदबाजो ने हमें अच्छी शुरुआत दिलाई जिस वजह मुझे और अन्य स्पिनर्स को गेंदबाजी करने में आसानी हुई।

दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के सामने उनके बल्लेबाज टिक ही नहीं सके और टीम अपने न्यूनतम स्कोर पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने तो कहर बरपाया ही, अफगानिस्तान के बल्लेबाज भी गलतियां करते चले गए।

सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को जेनसन ने आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर ललचाया और वह स्लिप में रीजा हेंडरिक्स को कैच दे बैठे। उनके जाते ही अफगानिस्तान बल्लेबाजी क्रम में हड़कम्प मच गया और जेनसन ने भीतर की ओर आती गेंद पर गुलबदिन नायब को आउट किया। इब्राहिम जदरान ने रबाडा की गेंद पर अपना पैर बिल्कुल भी नहीं हिलाया और गेंद सीधे लेग स्टम्प पर पड़ी। चौथे ओवर में तीन गेंद बाद मोहम्मद नबी इसी अंदाज में आउट हुए लेकिन इस बार आफ स्टम्प पर निशाना था।

नॉर्किया ने अजमतुल्लाह उमरजई को डीप में ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों लपकवाया। इस विश्व कप में अफगानिस्तान के लिये गुरबाज, जदरान और उमरजई ने सबसे ज्यादा रन बनाये हैं लेकिन इस अहम मुकाबले में तीनों मिलकर 12 रन ही बना सके। कप्तान राशिद खान ने कुछ अच्छे शॉट्स की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने नॉर्किया के सामने पूरा स्टम्प खुला छोड़ दिया और बोल्ड हो गए। लेग स्पिनर तबरेज शम्सी ने एक ही ओवर में करीम जनत और नूर अहमद के विकेट निकाले। उन्होंने छह रन देकर तीन विकेट लिये।

## 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा भारत : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि युवाओं को खेलों में भी आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे और भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, "मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।

## खेल डायरी

### गार्बाइन डब्ल्यूटीए फाइनल्स की नई टूर्नामेंट निदेशक

**रियाद।** हाल ही में टेनिस को अलविदा कहने वाली दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन गार्बाइन मुगुरूजा सउदी अरब में 2024.26 में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स की टूर्नामेंट निदेशक होंगी। मुगुरूजा पहली पूर्व खिलाड़ी है जो सत्र की आखिरी चैम्पियनशिप में यह पद संभालेंगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ियों और शीर्ष आठ महिला युगल टीमों के बीच होने वाला यह एलीट टूर्नामेंट पहली बार इस साल सउदी अरब में दो से नौ नवंबर के बीच होगा। मुगुरूजा ने टूर पर आखिरी बार जनवरी 2023 में खेला था।

### एशियाई जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में भारतीय

**इस्लामाबाद।** भारत के शिवेन अग्रवाल, आद्या बुधिया और गौशिका एम ने गुरुवार को 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अपने आयु वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरे वरीय अग्रवाल ने लड़कों के अंडर-15 क्वार्टर फाइनल में अब्दुल अहद बट को 11-4, 11-7, 11-5 से हराया। लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में आद्या ने महनूर अली (पाकिस्तान) को 11-4, 11-8, 6-11, 11-6 और गौशिका ने मकेला लिन कैसिडी (हांगकांग) को 11-8, 11-9, 11-8 से पराजित किया।

### 400 मीटर में ओलंपिक कोटा किरण ने पाया

**पंचकुला।** हरियाणा की किरण पहल ने गुरुवार को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में 50.92 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालीफाइंग मार्क 50.95 सेकंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रही। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं।

### प्रियांशु राजावत, मालविका बंसोड़ यूएस ओपन के दूसरे दौर में

**टेक्सास।** भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत और मालविका बंसोड़ यूएस ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट की पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं के दूसरे दौर में पहुंच गए। फोर्ट वर्थ कन्वेंशन सेंटर में 38 मिनट चले मुकाबले मे प्रियांशु ने राउंड ऑफ 32 में चेक गणराज्य के जान लौउदा को हराया। दूसरे दौर में प्रियांशु का सामना के चीनी ताइपे के हुआंग यू काई से होगा। वहीं महिला एकल में मालविका बंसोड़ ने एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को हराया। दूसरे दौर में उनका मुकाबला विश्व की 65वें नंबर की खिलाड़ी चेकिया की टेरेज़ा स्वाबिकोवा से होगा। आयुष शेट्टी पुरुष एकल में मलेशिया के जिया हेंग जेसन तेह से हार गए।

# इंग्लैंड को 68 रन से हराकर भारत फाइनल में

## दूसरे सेमीफाइनल में रोहित शर्मा ने जड़ा अर्धशतक, सूर्यकुमार और गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मिली जीत

जॉर्जटाउन (गयाना), एजेंसी

भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (57) के अर्धशतक के बाद अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की फिरकी के जाल से गुरुवार को बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में गत चैंपियन इंग्लैंड को 68 रन से हराकर टी-20 क्रिकेट विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा। 2007 के शुरूआती चरण में भारतीय टीम तीसरे टी-20 विश्व कप फाइनल में पहुंची। भारत ने इस जीत से 2022 में इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड से सेमीफाइनल में मिली 10 विकेट की हार का बदला भी चुकता किया।

भारतीय टीम ने रोहित के अर्धशतक और सूर्यकुमार यादव (47) के साथ तीसरे विकेट के लिए उनकी 73 रन की साझेदारी की बदौलत मुश्किल पिच पर 7 विकेट पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर भारतीय स्पिनर अक्षर (23 रन देकर 3 विकेट) और कुलदीप (19 रन देकर 3 विकेट) ने इंग्लैंड को 16.4 ओवर में 103 रन पर समेट दिया। जसप्रीत बुमराह ने 2.4 ओवर में 12 रन देकर दो विकेट झटके। इंग्लैंड के लिए कप्तान जोस बटलर (23), हैरी ब्रूक (25), जोफ्रा आर्चर (21) और लियाम लिविंगस्टोन (11) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। अर्शदीप सिंह ने की जिनके दूसरे ओवर में बटलर ने तीन चौके से 19 रन बनाये। पर कप्तान रोहित शर्मा ने पावरप्ले में ही स्पिनरों को आजमाते हुए गेंद अक्षर को दी जिन्होंने अपने पहले ही ओवर में बटलर को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। फिर बुमराह ने फिल सॉल्ट (05) को बोल्ड कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। अक्षर ने अपने दूसरे ओवर में जॉनी बेयरस्टो को खाता भी नहीं खोलने दिया और बाहर जाती गेंद पर बोल्ड कर दिया जिससे इंग्लैंड ने पावरप्ले में 39 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे। इसके बाद अक्षर ने मोईन अली (8) को विकेट के पीछे ऋषभ पंत के हाथों स्टंप कराया। सैम करन (2) आते ही कुलदीप की फिरकी में फंसकर पगबाधा आउट हुए जिससे इंग्लैंड की आधी टीम 49 रन पर आउट हो चुकी थी।



दूसरे सेमीफाइनल के दौरान इंग्लैंड का अंतिम विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

इंग्लैंड ने 10 ओवर में 5 विकेट गंवाकर 62 रन बना लिये थे जिससे उसे अगले 10 ओवर में 110 रन की दरकार थी। इससे पहले विराट कोहली (9) पारी को तेजी देने के प्रयास में फिर जल्दी आउट हो गए, लेकिन रोहित को सूर्यकुमार (36 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। दोनों ने भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बारिश के कारण खेल एक घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। कोहली और रोहित बल्लेबाजी के लिए उतरे, तभी स्पष्ट हो गया कि पिच धीमी थी और इस पर कम उछाल से बल्लेबाजों को रन जुटाने में मुश्किल हुई। रोहित और कोहली दोनों ने तेज गेंदबाजी जोड़ी की गेंदों को मारने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके।

**रोहित शर्मा**

| 57 | 39 | 06 | 02 |
|---|---|---|---|
| रन | गेंद | चौके | छक्के |



### स्कोर बोर्ड

| भारत | 171/7 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| ररोहित शर्मा बो रशीद | 57 | 39 | 6/2 |
| विराट कोहली बो टॉप्ले | 09 | 09 | 0/1 |
| ऋषभ पंत का बेयरस्टो बो करन | 04 | 06 | 0/0 |
| सूर्यकुमार का जोर्डन बो आर्चर | 47 | 36 | 4/2 |
| हार्दिक पंड्या का करण बो जोर्डन | 23 | 13 | 1/2 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 17 | 09 | 2/0 |
| शिवम दुबे का बटलर बो जोर्डन | 00 | 01 | 0/0 |
| अक्षर पटेल का सॉल्ट बो जोर्डन | 10 | 06 | 0/1 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त -03 रन, विकेट पतन: 1-19, 2-40, 3-113, 4-124, 5-146, 6-146, 7-170 गेंदबाज : रीस टॉप्ले 3-0-25-1, जोफ्रा आर्चर 4-0-33-1, सैम करन 2-0-25-1, आदिल रशीद 4-0-25-1, क्रिस जोर्डन 3-0-37-3, लियाम लिविंगस्टोन 4-0-24-0

| इंग्लैंड | 103/10 (16.4 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| फिल सॉल्ट बो बुमराह | 05 | 08 | 0/0 |
| जोस बटलर का पंत बो अक्षर | 23 | 15 | 4/0 |
| मोईन अली स्ट पंत बो अक्षर | 08 | 10 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो अक्षर | 00 | 03 | 0/0 |
| हैरी ब्रुक बो कुलदीप यादव | 25 | 19 | 3/0 |
| सैम करन पगबाधा बो कुलदीप | 02 | 04 | 0/0 |
| लियाम लिविंगस्टोन रन आउट | 11 | 16 | 0/0 |
| क्रिस जोर्डन पगबाधा बो कुलदीप | 05 | 06 | 0/0 |
| जोफ्रा आर्चर पगबाधा बो बुमराह | 15 | 17 | 1/2 |
| आदिल रशीद रन आउट | 02 | 02 | 0/0 |
| रीस टॉप्ले नाबाद | 03 | 03 | 0/0 |

अतिरिक्त- 02 रन, विकेट पतन: 1-26, 2-34, 3-35, 4-46, 5-49, 6-68, 7-72, 8-86, 9-88, 10-103 गेंदबाज : अर्शदीप सिंह 2-0-17-0, जसप्रीत बुमराह 2.4-0-12-2, अक्षर पटेल 4-0-23-3, कुलदीप यादव 4-0-19-3, रविंद्र जडेजा 3-0-16-0, हार्दिक पंड्या 1-0-14-0

# टेस्ट मैच में युवा खिलाड़ियों पर होगी नजर



चेन्नई, एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने-सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। महिला खिलाड़ियों को टेस्ट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल पांच खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका मिल सकता है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक दूसरे के खिलाफ एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी। भारत ने इस मैच से पहले तीन मैच की एकदिवसीय शृंखला में क्लीन स्वीप किया था और उसकी टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। उमा छेत्री, प्रिया पूनिया, सायका इशाक, अरुंधति रेड्डी और शबनम शकील को पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल सकता है और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारत ने पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच खेला था। उसने इन दोनों में जीत दर्ज की थी। भारत ने अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच 2014 में मैसूर में खेला था।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शृंखला विभिन्न भारतीय परिस्थितियों में ढलने का अच्छा मौका : हरमनप्रीत



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अगले साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा शृंखला विभिन्न घरेलू परिस्थितियों से अवगत होने का अच्छा मौका है। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इन दोनों टीम के बीच एकमात्र टेस्ट मैच शुक्रवार से शुरू होगा जिसके बाद तीन मैच टी-20 होंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि यह हमारे लिए विभिन्न घरेलू परिस्थितियों में ढलने का बेहतरीन मौका है। हमें घरेलू परिस्थितियों में खेलने का अधिक अनुभव नहीं है और इस शृंखला से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### लौरा ने महिलाओं के क्रिकेट कैलेंडर में और टेस्ट की मांग की



दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले महिला क्रिकेट कैलेंडर में और अधिक टेस्ट मैच शामिल करने की मांग की। लौरा ने साथ ही अपने देश के घरेलू ढांचे में भी लाल गेंद वाले टूर्नामेंट को शामिल करने की मांग की। भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम यहां चेपक में इतिहास के अपने तीसरे और लगभग 10 वर्ष में पहले टेस्ट के लिए आमने सामने होंगी। लौरा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम इस टेस्ट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं है। पिछले सत्र में भारत में लाल गेंद की प्रतियोगिता फिर से शुरू हुई थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका में इस तरह का कोई टूर्नामेंट नहीं है।

# जीत के लिए हर खिलाड़ी को देना होगा योगदान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने गुरुवार को कहा कि व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक प्रदर्शन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि क्या रोहित शर्मा की टीम वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप जीतकर अपने एक दशक से अधिक समय से वैश्विक ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर पाएगी या नहीं।

कपिल ने कहा कि हम केवल रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या या कुलदीप यादव के बारे में ही क्यों बात करें? हर किसी को भूमिका निभानी है। उनका काम टूर्नामेंट जीतना है। एक मैच जीतने के लिए किसी एक खिलाड़ी का प्रदर्शन मायने रख सकता है लेकिन एक टूर्नामेंट जीतने के लिए सभी को एकजुटता के साथ काम करना होगा। अगर हम बुमराह या अर्शदीप पर ही निर्भर रहेंगे, तो हमारे लिए जीत दर्ज करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हमें टीम के बारे में बात करनी चाहिये। यह आपको किसी एक खिलाड़ी के बजाय बेहतर परिप्रेक्ष्य देता है। हो सकता कि कोई मुख्य खिलाड़ी हो लेकिन विश्व कप जीतने के लिए हर किसी को योगदान देना होगा। 1983 विश्व कप विजेता टीम में वह प्रदर्शन करने वाले अकेले खिलाड़ी नहीं थे। रोजर बिन्नी, मोहिंदर अमरनाथ, कीर्ति आजाद, यशपाल शर्मा सभी ने मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया था।

### बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल



भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाये तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाये हैं। कपिल ने कहा, ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। बुमराह को इस समय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाये हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के साथ किया था और उन्हें अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 253 वनडे विकेट भी लिए हैं। भारत को 1983 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की।

### स्लोवाकिया और रोमानिया का मुकाबला ड्रॉ, दोनों टीमें अंतिम 16 में

**फ्रैंकफर्ट।** रोमानिया ने स्लोवाकिया से 1-1 से ड्रॉ खेला और दोनों टीमों ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के नॉकआउट चरण में जगह बना ली। रोमानिया ग्रुप ई में बेहतर गोल औसत के आधार पर बेल्जियम से ऊपर शीर्ष पर रहा। स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रही। स्लोवाकिया के लिये 24वें मिनट में ओंडरेज डुडा ने हेडर पर गोल किया। वहीं रोमानिया के लिये रजवान मारिन ने 37वें मिनट में बराबरी का गोल किया। रोमानिया वर्ष 2000 के बाद पहली बार यूरो नॉकआउट में खेलेगा जहां उसका सामना नीदरलैंड से होगा। बेल्जियम की टक्कर फ्रांस से और इंग्लैंड का सामना स्लोवाकिया से होगा।

UEFA EURO2024 GERMANY

# जॉर्जिया ने रोनाल्डो के पुर्तगाल को 2-0 से हराया

**गेलसेनकिरचेन (जर्मनी), एजेंसी।** मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने ख्विचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारात्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की। उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली और इसी खिलाड़ी ने मैच में पहला गोल दाग दिया। रोनाल्डो अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं। जॉर्जिया को नॉकआउट में पहुंचने के लिये यह मैच हर हालत में जीतना था। उसने 93वें सेकंड में बढत बना ली जब जार्जेस एम के पास पर कवारात्सखेलिया ने गेंद गोल के भीतर डाला। दूसरा गोल 57वें मिनट में जॉर्जेस मिकाउतात्जे ने दागा।



जीत के बाद खुशी मनाते जॉर्जिया के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### गोलरहित ड्रॉ के बाद बेल्जियम अंतिम 16 में

**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जबकि यूक्रेन चार अंक लेकर बाहर होने वाली ग्रुप की पहली टीम बन गई। बेल्जियम का सामना अब सोमवार को डसेलडोर्फ में अंतिम 16 के मुकाबले में फ्रांस और काइलियान एमबाप्पे से होगा। ग्रुप ई में सभी टीमों के चार अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर रोमानिया शीर्ष, बेल्जियम दूसरे और स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रहा। रोमानिया और स्लोवाकिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

# मैक्सिको को 1-0 हराकर वेनेजुएला क्वार्टर फाइनल में

इंगलवुड (अमेरिका), एजेंसी

वेनेजुएला ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मैक्सिको को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। मैच का एकमात्र गोल 57वें मिनट में सालोमोन रोन्डोन ने पेनल्टी किक पर किया। इस हार से मैक्सिको पर पहले दौर से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेनेजुएला ने अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 2-1 से पराजित किया था और उसका ग्रुप बी में शीर्ष दो टीम में रहना तय है। वह अपना आखिरी मैच रविवार को जमैका के खिलाफ खेलेगा। जमैका की टीम पहले ही नॉकआउट चरण की दौड़ से बाहर हो चुकी है। मैक्सिको ने जमैका पर 1-0 की जीत के साथ शुरुआत की थी। उसके भी इक्वाडोर के बराबर तीन अंक हैं। इक्वाडोर ने बुधवार को खेले गए एक अन्य मैच में जमैका को 3-1 से हराया। मैक्सिको अपना अंतिम मैच रविवार को इक्वाडोर से खेलेगा और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उसे इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

- CONMEBOL - COPA AMERICA USA 2024

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## बम-बम भोले...



जम्मू रेलवे स्टेशन पर अमरनाथ जाने के लिए उमड़ा महिला श्रद्धालुओं का जत्था।

# अमरनाथ के लिए जम्मू से आज रवाना होगा पहला जत्था

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से रवाना होगा। श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को सुबह यात्री निवास से रवाना किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुचारू यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है।

जम्मू संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यात्रा के लिए यात्री निवास में आने वाले तीर्थयात्रियों को सभी सुविधाएं और सेवाएं निर्बाध रूप से प्रदान करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष के कामकाज की निगरानी करने तथा आवश्यक सेवाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**पंजीकरण प्रक्रिया शुरू :** तीर्थयात्रा को लेकर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए मौके पर पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 1600 तीर्थयात्री कश्मीर की अपनी आगे की यात्रा के लिए भगवती नगर आधार शिविर पहुंच चुके हैं।

### बिगड़ सकता है मौसम, इसलिए गुफा में रात में रुकने से बचें

**श्रीनगर।** सरकार ने यात्रा शुरू होने से 48 घंटे पहले स्वास्थ्य परामर्श जारी कर तीर्थयात्रियों से आग्रह किया है कि वे ऊंचाई और मौसम की कठोर एवं अप्रत्याशित परिस्थितियों को देखते हुए रात भर पवित्र गुफा में रुकने से बचें। कश्मीर स्वास्थ्य सेवा के निदेशक ने कहा है कि अगर आपको ऊंचाई से समस्या होने लगे तो आगे न बढ़ें, इसके बदले तुरंत उस ऊंचाई तक नीचे उतरें, जहां जलवायु आपके अनुकूल हो।



यात्रा को लेकर पंजीकरण कराते संत।

### अमरनाथ यात्री अब जम्मू कश्मीर के ब्रांड एंबेसडर हैं

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि अमरनाथ यात्री जम्मू-कश्मीर के ब्रांड एंबेसडर हैं। सिन्हा ने हितधारकों से परेशानी मुक्त तीर्थयात्रा के लिए सर्वोत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में नुनवान पहलगाम मार्गों से शुरू होगी।

## एक नजर

### उत्तरी कोलंबिया में विमान दुर्घटना में दो की मौत

**बोगोटा।** उत्तरी कोलंबिया के अटलांटिको में एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने अटलांटिको पुलिस के प्रमुख कर्नल जॉन यूरिया का हवाला देते हुए बताया कि सैन जुआन डे एकोस्टा के ग्रामीण इलाके में पुलिस अधिकारी और अग्निशामक पीड़ितों के शवों को निकालने का काम कर रहे हैं। घटनास्थल पर पहले क्षेत्र के निवासी पहुंचे जिन्होंने एकल आपातकालीन हॉटलाइन के माध्यम से हमें सूचित किया।

### पोर्ट ब्लेयर में नौका में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**पोर्ट ब्लेयर।** फीनिक्स खाड़ी में मरीन डॉकयार्ड में मरम्मत के काम में लगी एक नौका में गुरुवार को आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि एमवी पिलोभाबी में लगी आग को बुझाने के लिए दमकल के छह वाहनों को काम पर लगाया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के अधिकारी मंजीत श्योरन ने कहा हमें दोपहर करीब 12 .40 बजे घटना के बारे में सूचना मिली। हमारे कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और 15 मिनट में हालात पर काबू पा लिया।

### नेपाल में मानसून संबंधी घटनाओं में 28 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में दक्षिण पश्चिमी मानसून के आगमन से लेकर गुरुवार तक मौसम संबंधी घटनाओं के कारण कम से कम 28 लोगों की मौत हो चुकी है और देश भूस्खलन, बाढ़ व आकाशीय बिजली गिरने से प्रभावित हुआ है। मानसून ने 10 जून को नेपाल के पूर्वी हिस्सों में दस्तक दी थी और तब से देश में कई प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी हैं।

### आईएनएस ताबर मिस्र के अलेक्जेंड्रिया पहुंचा

**नई दिल्ली।** अफ्रीका और यूरोप में अपनी मौजूदा तैनाती के तहत भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति का युद्धपोत, आईएनएस ताबर गुरुवार को सद्भावना यात्रा के लिए मिस्र के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर अलेक्जेंड्रिया पहुंचा। अलेक्जेंड्रिया में 27 से 30 जून तक तीन दिवसीय प्रवास के दौरान जहाज का चालक दल सामाजिक गतिविधियों के अलावा मिस्र की नौसेना के साथ कई पेशेवर बातचीत करेगा।

# सुनक ने सट्टेबाजी प्रकरण पर दी सफाई

## ब्रिटेन में सुनक-स्टार्मर के बीच हुई अंतिम चुनावी बहस, 4 जुलाई को होंगे आम चुनाव

लंदन, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने विपक्षी से पूछा- तालिबान से डील कर पाओगे
- ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए प्रचार अभियान चरम पर

ब्रिटेन में 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को प्रचार अभियान अंतिम सप्ताह में प्रवेश कर गया है। इससे पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर के बीच बुधवार रात अहम टीवी डिबेट हुई। इस डिबेट के दौरान काफी गहमागहमी देखने को मिली। दोनों नेताओं ने एक दूसरे के ऊपर पर्सनल अटैक भी किया।

एक हालिया सर्वे में ऋषि सुनक, स्टार्मर से 20 अंको से पीछे चल रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के पास अपने विपक्षी उम्मीदवार पर बढ़त बनाने का आखिरी मौका था। रिपोर्ट के मुताबिक इस बहस में सुनक, विपक्षी नेता स्टार्मर पर हावी दिखे। 75 मिनट की इस बहस में सुनक ने अपने प्रतिद्वंदी स्टार्मर पर हावी दिखे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि वह आम चुनाव की तारीख को लेकर अपनी कंजरवेटिव पार्टी के कुछ उम्मीदवारों के सट्टा लगाने से जुड़े मामले पर आक्रोशित हैं। उन्होंने इस मामले में सफाई भी दी। सुनक ने अपने भाषण में बताया कि देश की इकोनॉमी ठीक करने के लिए उनके अलावा और कोई बेहतर च्वाइस नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी नेता स्टार्मर सिर्फ बदलाव की बात करते हैं मगर उनके पास इसके लिए कोई प्लान ही नहीं है। सिर्फ बदलाव की बात कहने से बदलाव नहीं आता है। वह टैक्स और वेलफेयर को कम करेंगे ताकि लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले और उनकी बचत हो। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि इमीग्रेशन, टैक्स और महिला अधिकारों जैसे मुद्दे पर देश के साथ खड़े होने की जरूरत है।



अपने प्रतिद्वंदी से डिबेट करते ऋषि सुनक।

### बहस में सुनक अपने विरोधी से काफी आगे रहे

यूगोव पोल के मुताबिक इस बहस में दोनों ही उम्मीदवारों ने बराबर 50 फीसदी प्वाइंट हासिल किए। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में विश्लेषकों ने ये दावा किया कि सुनक अपने विरोधी से काफी आगे रहे। बेस्ट फॉर ब्रिटेन एनालिसिस ने अपने चुनाव सर्वे में दावा किया है कि संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार झेलनी पड़ेगी। इसमें कहा गया है कि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को कम से कम 250 सीटों का नुकसान होगा।

### ब्रिटेन में अवैध प्रवासन एक बड़ा मुद्दा बन चुका

ब्रिटेन में अवैध प्रवासन एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। इसे कम करने को लेकर लेबर नेता स्टार्मर ने कहा कि वे प्रवासियों को उनके देश (ईरान, सीरिया, अफगानिस्तान) वापस भेज देंगे। उनके इस बयान पर सुनक ने उन्हें तुरंत घेर लिया। सुनक ने कहा क्या स्टार्मर ईरान में खामेनई के साथ बैठक करेंगे? क्या वे तालिबान के साथ इससे जुड़ी डील कर पाएंगे? ये सिर्फ बकवास बातें हैं। आप जनता को मूर्ख समझना बंद कर दीजिए। सुनक ने कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद जुलाई में ही अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजना शुरू किया जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे देश की सुरक्षा को लेबर पार्टी के आगे गिरवी न रखें।

## समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी पूर्व सैन्यकर्मियों को बाइडन ने किया माफ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी हजारों पूर्व सैन्यकर्मियों को बुधवार को माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि वह एक ऐतिहासिक गलती को सुधार रहे हैं। बाइडन के इस कदम से उन सैनिकों को क्षमा मिली है, जिन्हें यूनिफॉर्म कोड ऑफ मिलिट्री जस्टिस के पूर्व अनुच्छेद 125 के तहत दोषी ठहराया गया था, जिसमें समलैंगिकता को अपराध माना जाता था। हालांकि अब इस कानून को निरस्त कर दिया गया है।

अमेरिकी सेना में यह कानून 1951 में क्रियान्वित किया गया, साल 2013 में इसमें दोबारा संशोधन किया गया और इसमें केवल बलपूर्वक कृत्य पर रोक लगाई गई। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा इन सैन्यकर्मियों को माफ किए जाने से अब वे यह सबूत पाने की अर्जी दाखिल कर सकेंगे कि उनकी दोषसिद्धि समाप्त कर दी गई है साथ ही वे वेतन तथा अन्य लाभ पाने के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। बाइडन ने एक बयान में कहा आज मैं अपने क्षमादान अधिकार का उपयोग करके कई पूर्व सैन्यकर्मियों को क्षमा करके एक ऐतिहासिक गलती को सुधार रहा हूं, जिन्हें केवल इसलिए दोषी ठहराया गया कि वे ऐसे हैं।

# नमूने की जांच के लिए चीन ने वैज्ञानिकों को किया आमंत्रित

बैंकॉक, एजेंसी

- अभियान में फ्रांस, पाकिस्तान, इटली ने चीन के साथ मिलकर काम किया

चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ।

अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा। चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया अमेरिक-चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है। उन्होंने कहा अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष सहयोग शुरू करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा



को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। चीन हालांकि अन्य देशों के वैज्ञानिकों के साथ फिर भी सहयोग कर सकता है। चांग ई-6 अभियान में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, फ्रांस, इटली और पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर काम किया है।

## बोलीविया में सैन्य तख्तापलट की कोशिश नाकाम

**लापाज।** बोलीविया की राजधानी में गुरुवार को सेना के एक शीर्ष जनरल के नेतृत्व में सैनिकों ने राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया और फिर तुरंत पीछे हट गए। इस पूरे घटनाक्रम को देश में सैन्य तख्तापलट की नाकाम कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

राजधानी में कुछ समय के लिए फैली अशांति के बाद धीरे-धीरे शांति लौट रही है। इस घटना के कारण लंबे समय से संकटग्रस्त दक्षिण अमेरिकी देश में अराजकता फैलने का खतरा पैदा हो गया था। बुधवार को 1.20 करोड़ की आबादी वाला राष्ट्र हैरत और हैरानी में था, जब बख्तरबंद वाहनों के सेना के काफिले ने राष्ट्रपति लुइस एर्से की सरकार को हटाकर तख्तापलट करने की कोशिश की। सेना ने राजधानी के प्रमुख चौराहे पर बख्तरबंद वाहनों के दम पर नियंत्रण कर लिया, राष्ट्रपति भवन पर टैंक से हमला कर दिया तथा सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े।

# संरा की बैठक में महिला अधिकार का उठेगा मुद्दा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- अफगानिस्तान की किसी भी महिला प्रतिनिधि को शामिल न किए जाने की तीखी आलोचना

संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक प्रमुख ने अफगानिस्तान के तालिबान शासकों और लगभग 25 देशों के दूतों के बीच होने वाली पहली बैठक में अफगानिस्तान की किसी भी महिला प्रतिनिधि को शामिल न किए जाने की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम बैठक के प्रत्येक सत्र में महिला अधिकारों का मुद्दा उठाएंगे।

संयुक्त राष्ट्र की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो ने कहा कि रविवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय बैठक एक प्रारंभिक प्रयास है, जिसका उद्देश्य तालिबान को अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से रहने, अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और मानवाधिकारों का पालन करने के लक्ष्य पर जोर देना है। कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के दूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र की यह तीसरी बैठक है, हालांकि पहली बार तालिबान इस बैठक में शामिल होगा। उन्हें पहली बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था।



### तालिबान को सरकार के तौर पर मान्यता देना असंभव

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता देना असंभव है क्योंकि वहां महिलाओं के पढ़ने और नौकरी करने पर प्रतिबंध है और वह पुरुषों के बिना बाहर नहीं जा सकती हैं। डिकार्लो ने जब मई में काबुल में तालिबान के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय चार बातों को लेकर चिंतित है।

## चीन के पूर्व रक्षा मंत्री भ्रष्टाचार के आरोपों में पार्टी से निष्कासित

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर गुरुवार को पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को निष्कासित कर दिया और उनके खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही शुरू कर दी गई। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के नेतृत्व ने पार्टी अनुशासन व कानून के घोर उल्लंघन के लिए 66 वर्षीय ली को निष्कासित करने का फैसला किया।

पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के अत्यंत महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) बल के प्रमुख रहे ली पिछले वर्ष लापता हो गए थे, जिसके बाद यह अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार व अनुशासनहीनता की जांच की जा रही है। शी ने खुद ली को रक्षा मंत्री नियुक्त किया था। वह पहले स्टेट काउंसलर (पार्टी में शीर्ष पद) और केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। सीएमसी शी की अध्यक्षता वाली पीएलए की एक उच्च कमान है।

# ओवैसी के आवास पर इजराइल समर्थक पोस्टर चिपकाए

नई दिल्ली, एजेंसी

पांच लोगों के एक समूह ने गुरुवार शाम दिल्ली में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के आवास के बाहर पोस्टर चिपकाए जिसमें उन्हें लोकसभा से निलंबित करने की मांग की गई। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार चार से पांच लोग मध्य दिल्ली में 34 अशोक रोड स्थित ओवैसी के आवास पर पहुंचे और रात करीब नौ बजे प्रवेश द्वार और दीवार पर तीन पोस्टर चिपका दिए। पोस्टरों पर भारत माता की जय, मैं इजरायल के साथ हूं और ओवैसी को निलंबित किया जाना चाहिए जैसे नारे लिखे हुए थे। घटना का एक कथित वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है जिसमें एक उपद्रवी ने कहा कि देश के युवाओं को उस नेता के खिलाफ एकजुट होना चाहिए जो भारत माता की जय नहीं बोलता। हालांकि, दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टर हटा दिए। एक अधिकारी ने बताया कि पोस्टर लगाने वाले लोग तब तक वहां से जा चुके थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वे लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



- उन्हें लोकसभा से निलंबित करने की मांग की गई

### ओम बिरला को सोशल मीडिया एक्स पर किया टैग

ओवैसी ने अपनी पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को टैग करते हुए कहा आपके होते हुए ऐसा हो रहा है। कृपया हमें बताएं कि सांसदों की सुरक्षा की गारंटी होगी या नहीं।

## ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ मुकदमा

**लॉस एंजिलिस।** गैर-लाभकारी संस्था सेंटर फॉर इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टिंग ने गुरुवार को कहा कि उसने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मंचों पर उसकी सामग्री का अनधिकृत तरीके से इस्तेमाल करने के मामले में चैटजीपीटी के निर्माता ओपनएआई और उसके सबसे करीबी व्यापारिक साझेदार माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसी के साथ अनधिकृत उपयोग के खिलाफ लड़ रहे समाचार प्रकाशनों और एआई सेवा प्रदाताओं के बीच कानूनी लड़ाई का एक नया मोर्चा खुल गया है। मदर जोन्स और रिवील की निर्माता इस गैर-लाभकारी संस्था ने कहा कि ओपनएआई ने बिना अनुमति के और बिना किसी मुआवजे के उसकी सामग्री का उपयोग किया, जो संस्था की पत्रकारिता पर कॉपीराइट का उल्लंघन है। यह मुकदमा न्यूयॉर्क की संघीय अदालत में दाखिल किया गया है। यह इस बात पर केंद्रित है कि किस प्रकार एआई द्वारा उत्पन्न लेखों के सारांश प्रकाशकों के लिए खतरा पैदा करते हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### तीन वीडियो के साथ, कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 कैंपेन पेश

**मुंबई।** तीन आकर्षक वीडियो के साथ, कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 ने विचारोत्तेजक कैंपेन पेश किया, जिंदगी है....हर मोड़ पर सवाल पूछेगी। जवाब तो देना होगा। देश भर में लाखों दिलों को जीतने वाला और परिवारों को एकजुट करने वाला शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) अपने बहुप्रतीक्षित 16वें सीजन के साथ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर वापस आने वाला है, जिसकी मेजबानी महान अमिताभ बच्चन कर रहे हैं। चैनल ने जीवन की गहरी सच्चाई पर चिंतन करते हुए और अमिताभ बच्चन के प्रसिद्ध मध्यम आवाज में वर्णित, अपने विचारोत्तेजक कैम्पेन के नैरेटिव के साथ तीन आकर्षक वीडियो लॉन्च किए हैं। यह दमदार विचार इस अनुभव से उत्पन्न होता है कि हमारे जीवन के कुछ महत्वपूर्ण मोड़ों पर, हमें ऐसे हालातों का सामना करना पड़ता है जो हमें चुनौती देते हैं, और ऐसे समय पर उनके प्रति हमारी प्रतिक्रिया ही नए रास्ते खोलती है।

### अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का दूसरा गाना खुदाया रिलीज हो गया है। गाना अक्षय कुमार और राधिका मदान पर फिल्माया सोलफुल ट्रैक है। सुहित अभ्यंकर, सागर भाटिया और नीति मोहन की शानदार तिकड़ी द्वारा गाया गया और सुहित अभ्यंकर द्वारा रचित, खुदाया फिल्मों में कव्वाली की एक शानदार वापसी है। नीति मोहन ने कहा कि खुदाया गाना मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से बहुत ही खास अनुभव रहा है। गाने के शानदार बोल और मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन वास्तव में स्थायी प्रेम के सार को दर्शाता है। मैं बेहद उत्साहित हूं की इस कव्वाली में डाली गई भावनाओं को लोग निश्चित रूप से महसूस करेंगे।



### फिल्म सौतन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 29 जून को

**मुंबई।** सुपर स्टार विक्रांत सिंह राजपूत, रितु सिंह, संचिता बनर्जी और देव सिंह की फिल्म सौतन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 29 जून को भोजपुरी सिनेमा पर होगा। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं जबकि निर्देशक अजय कुमार झा हैं। प्रसारण भोजपुरी सिनेमा पर संध्या छह बजे से 29 जून को होगा। इस फिल्म को दंगल एप पर भी देखा जा सकता है। निर्माता प्रदीप कुमार ने कहा कि सौतन एक ऐसी कहानी है जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ देगी।

**खगोल विज्ञान** | यह खोज डार्क एनर्जी की ऊर्जा का रहस्य उजागर करने में मददगार हो सकती है

# ब्रह्मांड में आश्चर्यजनक ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** ब्रह्मांड में पहली बार एक ऐसे ब्लैक होल का पता चला है, जिसका व्यवहार भौतिक नियमों के विपरित है। इस खोज से वैज्ञानिक आश्चर्यचकित हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज डार्क एनर्जी की ऊर्जा का रहस्य उजागर करने में मददगार साबित हो सकती है।

न्यू हेवन विश्वविद्यालय के निकोडेम पोपलावस्की के अनुसार इस ब्लैक होल में पदार्थ का दबाव और अंतरिक्ष समय की वक्रता एक क्षितिज पर अनंत है। जिसका तात्पर्य है कि यह अभौतिक है। दरअसल ब्लैक होल एक दिलचस्प विषय है। जिसे आसानी से समझा जा सकता है। द्रव्यमान का गुण, विद्युत आवेश और कोणीय गति यानी स्पिन, जो इसकी सादगी का प्रतीक माना जाता है। इसका व्यवहार क्षितिज के अंदर पहुचने वाली कोई भी वस्तु ब्लैक होल से बच नहीं सकती है।

ब्लैक होल की भविष्यवाणी 1916 में कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने की थी। तभी से इसे समझने का प्रयास किया जा रहा है और कुछ नतीजे ऐसे भी सामने आए हैं, जो हैरान कर देते हैं। नई खोज में ब्लैक होल के केंद्र में एक स्पष्ट विलक्षणता पाई गई है, साथ ही असीमित घनत्व का भी पता चलता है, जो आइंस्टीन के गुरुत्वाकर्षण के नियम की विपरित हैं। इस ब्लैक होल को 2019 देखा गया था। यह एक काला धब्बा नजर आता है। इसके चारों ओर प्रकाश का प्रभामंडल है। यह ब्लैक होल पृथ्वी से 55 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर है। आकाशगंगा मेसियर 87 के केंद्र में यह मौजूद है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षितिज पर एकमात्र ऊर्जा डार्क एनर्जी है। जिस कारण इसके व्यवहार में तब्दीली आई है।



घेरे में मौजूद आश्चर्यजनक ब्लैक होल की तस्वीर। ● अमृत विचार

### तेजी से विस्तार हो रहा है ब्रह्मांड का

**नैनीताल।** ब्रह्मांड का तेजी से विस्तार हो रहा है। जिस कारण चीजों में भी बदलाव आ रहा है। जिसके चलते संभव है कि भविष्य में कई अन्य परिवर्तन देखने को मिले। इसलिये हम जो सोचते हैं या कल्पना करते हैं, वह भविष्य में अलग या गलत भी साबित हो सकता है।